


दैनिक
# विनय उजाला

इंदौर, भोपाल, उज्जैन, अलीराजपुर से एक साथ प्रकाशित
मूल्य ₹ 3.00
RNI. Reg. MPHIN/2019/78560

अलीराजपुर
रविवार, 20 अप्रैल 2025
वैशाख कृष्ण पक्ष – 07
वर्ष : 06 | अंक : 140
कुल पृष्ठ : 12

ॐ


जोस बटलर के तूफान में उड़ी दिल्ली कैपिटल्स ... 11

न डरते हैं, न डराते हैं, सच सामने लाते हैं..!

### मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जल गंगा संवर्धन अभियान की गतिविधियों की समीक्षा की

# प्रदेश में निर्मित 76 हजार खेत तालाब की संख्या एक उपलब्धि : सीएम डॉ. यादव

विनय उजाला

**अलीराजपुर, निप्र। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रदेश में चल रहे तीन माह अवधि के जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जल स्त्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण और उनकी देखरेख के कार्यों में नागरिकों की भागीदारी और जनप्रतिनिधियों का सहयोग लेकर अच्छे परिणाम सामने लाएं।**

शासन स्तर पर अभियान की निरंतर समीक्षा की जा रही है और डैश बोर्ड पर ग्राम एवं नगर स्तर के कार्यों को दर्ज करने का कार्य भी किया जा रहा है। श्रेष्ठ कार्य करने वाले जिलों को पुरस्कृत किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में अभियान की गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में 1.06 लाख जल दूत तैयार किए गए हैं, जो जल स्त्रोतों के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने का कार्य कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में 30 मार्च से प्रारंभ जल गंगा संवर्धन अभियान 30 जून तक चलना है।



### मुख्यमंत्री डॉ. यादव जिलों में देखेंगे कार्य

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जल संसाधन, नर्मदा घाटी विकास, वन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी, राजस्व, नगरीय विकास एवं आवास विभागों सहित मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के स्तर पर अभियान के अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वे जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्य देखने विभिन्न जिलों में जाएंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में स्थापत्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण जल संरचनाओं की सूची तैयार की जाए। पुरातत्व और पर्यटन महत्व की ऐसी धरोहर को सहेजने की दृष्टि से संरक्षण गतिविधियों से जोड़ा जाए।

### संस्कृति और शिक्षा विभाग पर्व त्योहारों पर करें आयोजन

मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को जलस्रोतों और जल संरक्षण के महत्व की जानकारी प्रार्थना सभाओं के अवसर पर दी जाए। शिक्षा विभाग संस्कृति विभाग के साथ मिलकर विभिन्न पर्व और त्योहारों पर पानी के महत्व पर निबंध और भाषण स्पर्धाएं आयोजित करे। गंगा दशहरा और आखातीज जैसे अवसरों पर ऐसे कार्यक्रम किए जाएं।

### खेत तालाब योजना में बालाघाट अव्वल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बालाघाट जिले में सर्वाधिक 561 खेत तालाब बनाए जाने पर अधिकारियों को बधाई दी। बैठक में बताया गया कि जीआईएस आधारित प्रणाली में प्रदेश में निर्मित 76 हजार खेत तालाब की संख्या एक उपलब्धि है। प्रदेश में अनूपपुर जिला 275 खेत तालाब बनाकर दूसरे क्रम और अलीराजपुर जिला 216 खेत तालाब बनाकर तीसरे क्रम पर है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ये भी दिए निर्देश

- प्राचीन जल संरचनाओं को पुनर्जीवित करें, उपयोगी बनाएं। इन्हें अतिक्रमण से भी बचाएं।
- स्थापत्य की दृष्टि से महत्वपूर्ण पुरानी बावड़ियों का दस्तावेजीकरण भी किया जाए।
- अमृत सरोवर निर्माण के लक्ष्य पूरे करें।
- खेत तालाब योजना में अधिकाधिक कार्य हों।
- अभियान में जलदूत तैयार करें, जन प्रतिनिधियों को जोड़ें।
- राज्य के भीतर नदियों को जोड़ने की संभावनाएं देखें।
- वन क्षेत्रों में पशुओं के लिए भी जल प्रबंध हों।
- शहरी और ग्रामीण इलाकों में सार्वजनिक प्याऊ शुरू करें।
- कम पानी की फसलों को प्रोत्साहित करें।

## हिंदुओं की आबादी कम हुई... सुरक्षा के लिए दिए जाएं हथियार: शुभेंदु

कोलकाता, एजेंसी

पश्चिम बंगाल में मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना जिलों में हालिया हिंसा के बाद सियासत तेज हो गई है। शनिवार को बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुवेंदु अधिकारी ने बंगाली हिंदुओं को बचाओ के नाम से एक बड़ा प्रदर्शन किया और राज्य सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। अधिकारी ने कहा कि बांग्लादेश की सीमा से लगे इन इलाकों में हिंदुओं की सुरक्षा के लिए ग्राम रक्षा समिति बनाई जाए और स्थानीय लोगों को लाइसेंसी हथियार दिए जाएं।

अधिकारी ने कहा, ये बांग्लादेश की सीमा है, यहां आम लोगों को आत्मरक्षा के लिए लाइसेंसी हथियार मिलना चाहिए और ग्राम रक्षा समिति का गठन जरूरी है। गौरतलब है कि 11 अप्रैल से शुरू हुई हिंसा में अब तक कम से कम तीन लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों हिंदू परिवारों को अपने घर छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा है। खासतौर पर मुर्शिदाबाद और उत्तर 24 परगना जिले बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। स्थानीय लोगों की मांग है कि इन इलाकों में स्थायी बीएसएफ कैंप बनाए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके।



### हादसे के बाद रहवासियों ने मानवता की मिशाल पेश की

# दिल्ली में 4 मंजिला इमारत ढही हादसे में 11 की मौत, 11 घायल

नई दिल्ली, एजेंसी

**उत्तर-पूर्वी दिल्ली के मुस्तफाबाद इलाके में शनिवार तड़के एक चार मंजिला इमारत ढहने से हुए दर्दनाक हादसे में मृतकों की संख्या 11 तक पहुंच गई।**

इस इमारत में कई परिवार रहते थे। इसके बाद इलाके में चीख-पुकार मच गई। आनन-फानन में पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची और फायर ब्रिगेड व एसडीआरएफ-एनडीआरएफ को मौके पर बुलाकर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। स्थानीय निवासी ने बताया कि, ऐसा लगा जैसे भूकंप आ गया हो। जमीन हिलने लगी और कुछ समझ में आता, उससे पहले ही सबकुछ धूल में तब्दील हो गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में कई लोगों को मलबे से निकाला गया, जिनमें 11 की मौत हो गई। चार लोग अभी भी अस्पताल में भर्ती हैं और सात को छुट्टी दे दी गई है। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत हो गई।

### हादसे के संभावित कारण

स्थानीय लोगों ने आशंका जताई है कि इमारत की नींव पर हो रहे निर्माण कार्य और सालों से दीवारों में सीवेज का पानी रिसने से इमारत की बुनियाद कमजोर हो गई थी। इमारतों की दीवारें सालों से पानी सोख रही थीं, जिससे उनमें दरारें पड़ गई थीं। वहीं एनडीआरएफ के डिप्टी इंस्पेक्टर जनरल मोहसिन शाहीदी ने बताया कि यह पैनकेक कोलैप्स था – यानी पूरी इमारत एक के ऊपर एक गिर गई, जिससे जीवित बचने की संभावना बेहद कम हो जाती है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन में भारी मशीनों का इस्तेमाल सीमित है क्योंकि इलाका बहुत संकीर्ण है।

### मामले की जांच के आदेश

प्रशासन की ओर से इस भयावह हादसे की जांच के आदेश दे दिए गए हैं। प्रारंभिक तौर पर कमजोर नींव और लंबे समय से चल रही जल निकासी की समस्या को कारण माना जा रहा है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि तकनीकी रिपोर्ट आने के बाद ही कुछ कहा जा सकेगा। दिल्ली सरकार और ज़िला प्रशासन ने प्रभावित परिवारों को हर संभव मदद देने का आश्वासन दिया है।






### संक्षिप्त समाचार

#### हिंदी अनिवार्य किए जाने पर भड़कीं सुप्रिया सुले

**मुंबई।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) की नेता सुप्रिया सुले ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लेकर बड़ा बयान दिया। शनिवार को उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में एनईपी-2020 को जबरन लागू करके मराठी को नजरअंदाज करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। दरअसल, महाराष्ट्र सरकार ने राज्य भर के मराठी और अंग्रेजी माध्यम के स्कूलों में पहली कक्षा से 5वीं तक के छात्रों के लिए हिंदी को अनिवार्य तीसरी भाषा बनाने का फैसला लिया है। इस पर विपक्षी दलों की ओर से भारी आक्रोश जताया जा रहा है।

#### क्रैश हो रहे चेतक और चीता, अब ध्रुव की उड़ान पर रोक

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय सशस्त्र बलों को एक बड़े संकट का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि लगभग 330 ध्रुव एडवांस्ड लाइट हेलीकॉप्टर (एएलएच) लंबे समय से ग्राउंडेड हैं। इसने सैन्य अभियानों, विशेष रूप से अग्रिम क्षेत्रों में सप्लाई उड़ानों और टोही मिशनों को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। भारतीय सशस्त्र बल पहले से ही 350 पुराने सिंगल-इंजन वाले चेतक और चीता हेलिकॉप्टरों की खराब हालत और बार-बार क्रैश होने की घटनाओं से जूझ रहे हैं।

## अंतरिक्ष में एक और इतिहास रचेगा भारत

### स्पेस स्टेशन के लिए मई में रवाना होंगे शुभांशु शुक्ला

नई दिल्ली

**भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में नई उपलब्धि हासिल करने की दिशा में लगातार आगे बढ़ रहा है। देश अपनी अंतरिक्ष यात्रा में फिर से इतिहास लिखने वाला है। 4 दशक के बाद किसी भारतीय अंतरिक्ष यात्री को अगले महीने अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में भेजने का फैसला हुआ है।**

केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। वह भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) की भविष्य की प्रमुख योजनाओं की समीक्षा के लिए आयोजित उच्च स्तरीय बैठक के बाद बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मिशन में भारतीय वायु सेना के ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला को भेजा जा रहा है।

जितेंद्र सिंह ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (इसरो) का दौरा करने वाले पहले भारतीय राकेश शर्मा हैं। सोवियत अंतरिक्ष यान पर 1984 की उनकी उड़ान के बाद चार दशकों में अंतरिक्ष की यात्रा करने वाले यह पहले भारतीय अंतरिक्ष यात्री होंगे। समीक्षा बैठक में अंतरिक्ष विभाग के सचिव और इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन ने कई आगामी अंतरिक्ष मिशनों की स्थिति पर प्रस्तुति दी। उन्होंने बताया कि ग्रुप कैप्टन शुक्ला अगले महीने एक्सिओम स्पेस के एक्स-4 मिशन के तहत इंडियर स्पेस एजेंसी के लिए उड़ान भरने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

## तेज रफ्तार कार दौड़ाई तो होगी कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

**बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। इसी सिलसिले में केंद्र सरकार की ओर से एक बड़ा कदम उठाया गया है। सड़क सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए और ट्रैफिक की दिक्कतों को कम करने के लिए नया उपकरण लाया गया है।**

वाहन की गति को मापने के लिए अब रडार सिस्टम का इस्तेमाल किया जाएगा। सरकार ने विधिक माप विज्ञान (सामान्य) नियम, 2011 के अंतर्गत वाहनों की गति मापने वाले रडार के लिए नियम अधिसूचित किए हैं। इसे एक जुलाई से लागू किया जाएगा।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय ने बयान में कहा कि नए नियम लागू होने से उद्योगों और प्रवर्तन एजेंसियों को प्रावधानों का अनुपालन करने के लिए पर्याप्त समय मिलेगा। ये सड़कों पर वाहनों की गति मापने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले 'माइक्रोवेव डॉपलर रडार उपकरण' पर लागू होंगे। ये नियम विस्तृत तकनीकी और सुरक्षा जरूरतों का पूरा करते हैं। ऐसे उपायों से प्रौद्योगिकी विश्वसनीयता और कानूनी जवाबदेही को बढ़ावा मिलेगा।

## दिल्ली और श्रीनगर में धरती हिली, लोग डर के मारे भागे



नई दिल्ली, एजेंसी

**दिल्ली-एनसीआई और जम्मू-कश्मीर में भूकंप के झटके महसूस किए गए। अफगानिस्तान में 5.8 तीव्रता के भूकंप का असर दोनों जगहों पर देखने को मिला। इस दहशत में लोग अपने-अपने घरों और दफ्तरों से बाहर निकल गए।**

इस दौरान अफरा-तफरी की स्थिति उत्पन्न हो गई। दरअसल शनिवार, दोपहर 12:17 बजे अफगानिस्तान में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए, जिसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 5.8 मापी गई। इस भूकंप का असर अफगानिस्तान और ताजिकिस्तान सीमा क्षेत्र में केंद्रित था और यह भूकंप जमीन की सतह से करीब 86 किलोमीटर की गहराई में उत्पन्न हुआ। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार, भूकंप का प्रभाव भारत के जम्मू-कश्मीर और दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र तक महसूस किया गया।

### उत्तर भारत में दिखा असर

भूकंप के झटके दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद और ग्रेटर नोएडा में भी महसूस किए गए। जैसे ही लोगों को कंपन महसूस हुआ, वे डर के मारे अपने घरों और ऑफिसों से बाहर निकल आए। श्रीनगर में एक स्थानीय व्यक्ति ने बताया कि वह ऑफिस में काम कर रहा था, तभी उसकी कुर्सी अचानक हिलने लगी। भूकंप के झटके इतने स्पष्ट थे कि कई इलाकों में लोगों ने तुरंत इमारतें खाली कर दीं।

## मुर्शिदाबाद में हिंसा पीड़ितों से मिलीं महिला आयोग की सदस्य

### फूट-फूटकर रोईं पीड़िताएं

मुर्शिदाबाद, एजेंसी

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर के नेतृत्व में एक टीम ने शनिवार को मुर्शिदाबाद के धुलियान में हिंसा के पीड़ितों से मुलाकात की और उन्होंने आश्वासन दिया कि उनकी सुरक्षा के लिए केंद्र सरकार द्वारा उचित कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान पीड़ित महिलाओं ने महिला आयोग की टीम को धुलियान के बेटबोना कस्बे के पीड़ितों ने अपनी आपबीती सुनाई और मांग की कि जिले में स्थायी बीएसएफ कैंप स्थापित किए जाएं और सांप्रदायिक झड़प की एनआईए (राष्ट्रीय जांच एजेंसी) जांच की जाए।

महिला आयोग की अध्यक्ष विजया रहाटकर ने पीड़ितों से मुलाकात के बाद कहा कि इन महिलाओं को जो पीड़ा झेलनी पड़ रही है, उसे देखकर मैं स्तब्ध हूं। हिंसा के दौरान उन्हें जो कुछ सहना पड़ा, वह कल्पना से परे है। रहाटकर ने पीड़ितों से कहा कि अब उन्हें चिंता करने की जरूरत नहीं है और केंद्र सरकार उनके साथ है। महिला आयोग की टीम को आपबीती सुनाते हुए पीड़ित महिलाओं अपने आंसू नहीं रोक पाईं और आयोग की सदस्यों से गले मिलकर रोतीं नजर आईं।

### गृहमंत्री को रिपोर्ट देगा महिला आयोग

पीड़िताओं ने हाथों में प्लेकार्ड पकड़े हुए थे, जिनमें मांग की गई थी कि हम बीएसएफ कैंप की मांग करते हैं, हम सुरक्षा चाहते हैं। आयोग की सदस्य अर्चना मजूमदार ने मीडिया से बातचीत में बताया कि आयोग गृह मंत्री को अपनी रिपोर्ट देगा और बीएसएफ का स्थायी कैंप बनाने की पीड़िताओं की मांग को उनके सामने रखेगा। आयोग की टीम के साथ भाजपा विधायक श्रीरूपा मित्रा चौधरी भी मुर्शिदाबाद पहुंचीं। उन्होंने कहा कि मैंने पहले कभी यहां इस स्तर पर हिंसा नहीं देखी है। वक्फ कानून के विरोध में बीती 11-12 अप्रैल को मुर्शिदाबाद के कई इलाकों में हिंसा हुई। इस हिंसा में तीन लोगों की मौत हुई। हिंसा के चलते काफी लोग विस्थापित हुए हैं। शुक्रवार को आयोग की सदस्यों ने मालदा में हिंसा प्रभावित विस्थापितों से मुलाकात की थी।

### तीसरी आंख




### भाजपा सांसद निशिकांत दुबे का विवादित बयान, बोले-

# देश में धार्मिक युद्ध भड़काने के लिए सुप्रीम कोर्ट है जिम्मेदार

नई दिल्ली, एजेंसी

**सुप्रीम कोर्ट की तरफ से राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के निर्देश के बाद लगातार रूप से इस मामले में बयानबाजी तेज हो गई है। इसी बीच अब इस मामले में भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने शनिवार को सुप्रीम कोर्ट की भूमिका पर सवाल उठाया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि अगर कोर्ट ही कानून बनाएगा, तो संसद भवन को बंद कर देना चाहिए।**

वहीं भाजपा सांसद ने सुप्रीम कोर्ट और मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना पर तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि- मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और सुप्रीम कोर्ट इस देश में हो रहे सभी गृहयुद्धों के लिए जिम्मेदार हैं। सुप्रीम कोर्ट अपनी सीमाओं से बाहर जा रहा है। अगर हर बात के लिए सुप्रीम कोर्ट जाना ही पड़े तो संसद और विधानसभाएं बंद कर देनी चाहिए।

संसद इस देश का कानून बनाती है

बता दें कि भाजपा सांसद की यह टिप्पणी वक्फ (संशोधन) अधिनियम की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर चल रही सुप्रीम कोर्ट की सुनवाई और राष्ट्रपति को विधेयकों पर समय से फैसला लेने के कोर्ट के निर्देश के बाद आई है। हालांकि विपक्ष लगातार रूप से सुप्रीम कोर्ट के इस फैसले की सराहना कर रहा है। उन्होंने कहा- आप नियुक्ति करने वाले अधिकारी को निर्देश कैसे दे सकते हैं? राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश को नियुक्त करते हैं। संसद इस देश का कानून बनाती है। आप उस संसद को निर्देश देंगे?...आपने नया कानून कैसे बनाया? किस कानून में लिखा है कि राष्ट्रपति को तीन महीने के भीतर निर्णय लेना है? इसका मतलब है कि आप इस देश को अराजकता की ओर ले जाना चाहते हैं। जब संसद बैठेगी तो इस पर विस्तृत चर्चा होगी।



### कांग्रेस सांसद ने किया पलटवार

निशिककांत दुबे के बयान पर कांग्रेस सांसद मणिकम टैगोर ने पलटवार किया। उन्होंने कहा कि दुबे का बयान अपमानजनक है और यह सुप्रीम कोर्ट जैसे सम्मानित संस्थान पर सीधा हमला है। टैगोर ने कहा कि निशिकांत दुबे अक्सर देश की संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर करने की कोशिश करते हैं। मुझे उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट के जज इस पर ध्यान देंगे, क्योंकि यह बयान संसद के बाहर दिया गया है। साथ ही टैगोर ने साफ कहा कि सुप्रीम कोर्ट पर इस तरह की टिप्पणी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जा सकती।

**इससे पहले उपराष्ट्रपति ने जाहिर की थी चिंता...** गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट के उस निर्देश के बाद उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने चिंता जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि भारत में ऐसे लोकतंत्र की कल्पना नहीं की थी, जहां न्यायाधीश कानून बनाएंगे और कार्यकारी जिम्मेदारी निभाएंगे और सुपर संसद के रूप में काम करेंगे। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ऐसा पहली बार हुआ है, जब राष्ट्रपति को तय समय में फैसला लेने को कहा जा रहा है।

# उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण हब के रूप में उभरा मध्यप्रदेश

## किसानों की आर्थिक समृद्धि का आधार बनी उद्यानिकी फसलें

विनय उजाला

**भोपाल।** उद्यानिकी एवं खाद्य प्र-संस्करण के क्षेत्र में जिस गति से मध्यप्रदेश ने अपनी पहचान राष्ट्रीय स्तर पर बनाई है, उससे प्रदेश की उद्यानिकी फसलों के प्रति देश और विदेशों में खासी मांग भी बढ़ रही है। इससे प्रदेश के किसानों को आर्थिक संबल भी मिल रहा है। मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन कर उभरा है। गत फरवरी माह में भोपाल में हुई ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों से उद्यानिकी क्षेत्र में 4 हजार करोड़ रूपये से अधिक का निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए। यह निवेश प्रस्ताव मध्यप्रदेश के उद्यानिकी क्षेत्री में हुए नवाचारों और बड़े पैमाने पर हो रहे उत्पादन को दर्शाता हैं।

मध्यप्रदेश में गत 5 वर्षों में उद्यानिकी के रकबा में 23.72 प्रतिशत वृद्धि हुई। वर्ष 2019-20 में उद्यानिकी फसलों का रकबा 21.75 लाख लाख हेक्टेयर था जो वर्ष 2023-24 में बढ़कर 26.91 लाख हैक्टेयर हो गया है। मध्यप्रदेश में गत 20 वर्षों में छोटे के साथ बड़ी कृषि-जोत रखने वाले किसान भाइयों ने %कैश-क्रॉप% के रूप में उद्यानिकी फसलों को लेना शुरू कर दिया है इस कारण उद्यानिकी फसलों (फल, सब्जी, मसाला पुष्प एवं औषधियों) का रकबा 4 लाख 67 हजार हैक्टेयर से 27 लाख 71 हजार हैक्टेयर यानिकी लगभग 500 प्रतिशत की तथा उत्पादन 35 लाख 40 हजार मीट्रिक टन से बढ़कर 417 लाख 89 हजार मीट्रिक टन हो गया। इस तरह उत्पादन में 1000 प्रतिशत की ऐतिहासिक वृद्धि हुई है। परिणामस्वरूप मध्यप्रदेश उद्यानिकी के साथ खाद्य प्र-संस्करण का मुख्य हब बन रहा है।

मध्यप्रदेश की जलवायु उद्यानिकी फसलों के लिये अनुकूल होने के साथ सिंचाई सुविधाएँ भी अन्य राज्यों से बेहतर है। प्रदेश का कुल उद्यानिकी रकबा का 5 लाख 54 हजार हैक्टेयर मध्यप्रदेश में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टयर है, जो देश की उद्यानिकी फसलों की औसत उत्पादकता 12.19 टन प्रति हैक्टेयर से 23.21 प्रतिशत अधिक है। खाद्यान फसलों की उत्पादकता 2.82 टन प्रति हैक्टेयर की तुलना में उद्यानिकी फसलों की उत्पादकता 15.02 टन प्रति हैक्टेयर है, जो 5 गुनी से अधिक है।

आने वाले वर्षों में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी (बागवानी) प्रदेश के किसान भाइयों की आय का मुख्य घटक बनकर उभरेगा।




मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की सरकार द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी वाजपेयी के नदी जोड़ो सपने को सकार करने के लिये परियोजनाओं को धरातल पर लाने का प्रयास प्रारंभ किया गया है। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की पहल मिले जल हमारा तुम्हारा के प्रयास पर मध्यप्रदेश में 24 हजार 293 करोड़ की अनुमानित लागतसे केन-बेतवा लिंक परियोजना, 35 हजार करोड़ की लागत से पार्वती-कालीसिंध-चम्बल अन्तर्राज्यीय नदी लिंक परियोजनाओं का कार्य प्रारंभ हो चुका है। ताप्ती नदी बेसिन मेगा रिचार्ज योजना महाराष्ट्र सरकार के साथ प्रारंभ किया जा रहा है। साथ ही वर्ष 2025-26 में 19 वृहद एवं मध्यम तथा 87 लघु सिंचाई परियोजनाएँ प्रस्तावित हैं। इन परियोजनाओं से प्रदेश के सिंचित रकबे में आशातीत वृद्धि होगी। उद्यानिकी विभाग द्वारा भी किसानों को सूक्ष्म सिंचाई प्रयासों के तहत ड्रिप/स्प्रिकंलर संयंत्र करने के लिये अनुदान देकर प्रोत्साहित किया जा रहा हौ। प्रदेश में 22 हजार 167 हितग्राहियों 130 करोड़ रूपये का अनुदान प्रदान कर 26 हजार 355 हैक्टेयर फसलों को बेहतर सिंचाई सुविधा मुहैया कराई गई है। पर ड्रॉप मोर क्रॉप योजना के तहत राष्ट्रीय उद्यानिकी मिशन के तहत वर्ष 2025-26 के लिये 100 करोड़ का प्रावधान किया गया है। इन सभी प्रयासों के परिणाम स्वरूप ही मुख्यमंत्री डॉ. यादव द्वारा आगामी 5 वर्षों में उद्यानिकी फसलों का रकबा 26.91 लाख हैक्टेयर से बढ़ाकर 33 लाख 91 हजार हैक्टेयर करने का लक्ष्य रखा गया है।

इस लक्ष्य की पूर्ति में उद्यानिकी विभाग के प्रयास सराहनीय है। जिला स्तर की 40 नर्सरियों और ई-नर्सरी को हाईटेक बनाया गया है, पौधे के लिये ऑनलाइन पोर्टल बनाया गया है। मुख्यमंत्री द्वारा रिक्त पड़ी सरकारी जमीनों पर नई नर्सरी पीपीपी मोड पर विकसित करने के निर्देश दिये है।

प्रदेश में इजराइली तकनीकि से 14.74 करोड़ की लागत से 3 सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस, मुरैना में हाई वैल्यू वेजिटेबल, छिंदवाड़ा में नीबू वर्गीय फसलों तथा हरदा में निर्यात उन्मुख (आम और सब्जी) के लिये स्थापित किये जाना है। इसी क्रम में मुरैना में पीपीपी मोड में आलू की समग्र खेती की परियोजना प्रारंभ की गई, इसमें किसानों ने गत 3 वर्षो में आलू की अनेक नई किस्म विकसित की है। ग्वालियर में 13 करोड़ रूपये की लागत से हाईटेक फ्लोरी कल्चर नर्सरी भी बनाई जा रही है।

उद्यानिकी फसलों के उत्पादन में प्रदेश की स्थिति की बात करें तो मध्यप्रदेश संतरा, मसाले लहसुन, अदरक और धनिया के उत्पादन में देश में प्रथम स्थान पर है। मटर, प्याज, मिर्च, अदरक में दूसरे तथा फूल, औषधियों एवं सुगंधित पौधों के उत्पादन में देश में तीसरे स्थान पर है। प्रदेश में फसलों का रकबा भागीदरी फल 4.61 लाख हैक्टेयर, सब्जी 12.40 लाख हैक्टेयर, मसालें 8.99 लाख हैक्टेयर, पुष्प 14 हजार हैक्टेयर तथा औषधी एवं सुंगधित पौधे 48 हजार हैक्टेयर में पैदा किये जा रहे है।

राज्य सरकार उद्यानिकी फसलों को प्रोत्साहित करने के लिये लगातार प्रयास कर रही है, फसलों को वैश्विक पहचान-तद्ध टैग दिलाने के प्रयास जारी है। प्रदेश के रीवा के सुंदरजा आम और रतलाम के रियावन लहसुन को GI Tag मिल चुका है। प्रदेश की 15 उद्यानिकी फसलें इनमें खरगौन की लालमिर्च, जबलपुर की मटर, बुरहानपुर का केला, सिवनी का सीताफल, नरसिंहपुर (बरमान) का बैंगन, बैतूल का गजरिया आम, रतलाम की बालम ककड़ी, जबलपुर का सिंघाड़ा, इंदौर का जीरा, धार की खुरासानी इमली, इंदौर के मालवी गराडू, देवास के मावाबाटी और सतना की खुरचन को भी वैश्विक पहचान तद्ध दिलाने के प्रयास किया जा रहा है।

उत्पादित फसलों की वैल्यू एडिशन (मूल्य वर्धन) के लिये आवश्यक है कि उत्पादित फसलों की प्रोसेसिंग कर बाजार में भेजा जाये। इससे किसान को भी अच्छे दाम मिल सकेंगे और रोजगार भी उपलब्ध होगा। इसी उद्देश्य से अच्छे दाम पर विक्रय के लिये प्रदेश में 1982 में खाद्य प्र-संस्करण विभाग की स्थापना की गई थी जो पूर्व में कृषि विभाग का हिस्सा था। वर्ष 2005 से उद्यानिकी के साथ है।

प्रदेश में सूक्ष्म खाद्य ईकाइयों और प्र-संस्करण उद्यागों संवर्धन नीति-2014 के क्रम में खाद्य प्र-संस्करण उद्योगों को वित्तिय सहायता प्रदान की जाती है। 25 करोड़ तक की परियोजना में 10 प्रतिशत 2.5 करोड़ रूपये अनुदान दिया जाता है। वर्ष 2018 से 2024-25 तक 85 करोड़ से अधिक राशि की 242 इकाइयाँ स्थापित हुई है। केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम योजना (PM FME) योजना में 2021-22 से 2024-25 तक 11597 ईकाइयों की रिकार्ड स्थापना हुई है। इसमें निजी ईकाइयों को अधिकतम 35 प्रतिशत तक क्रेडिट लिंक अनुदान दिया जाता है।

उत्पादित सामग्री को बाजार मुहैया कराने के प्रयास लगातार जारी है। जुलाई 2024 में क्रेता-विक्रेता सम्मेलन का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा विभागीय समीक्षा बैठक में मध्यप्रदेश में उद्यानिकी खाद्य प्र-संस्करण पर केन्द्रित मेले और वर्कशॉप आयोजित करने, प्रदेश में एक विशेष उद्यानिकी और प्र-संस्करण समिट आयोजित किये जाने पर जोर दिया है जो राज्य सरकार की प्रतिबद्धता के साथ उद्यानिकी के बढ़ते हुए महत्व को सिद्ध करती है। प्रदेश के किसानों की खुशहाली और राज्य का आर्थिक स्वंलम्बन उद्यानिकी में छिपा हुआ है। सरकार और किसान दोनों इस ओर बढ़ रहे हैं। निश्चित ही इसके अच्छे परिणाम आयेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जनजातीय समुदाय की पारम्परिक ज्ञान प्रणाली की वन संरक्षण में अहम भूमिका : मंत्री पटेल



**भोपाल, निप्र।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि जन-समुदाय की पारम्परिक ज्ञान प्रणाली की वन संरक्षण में अहम भूमिका है। मंत्री श्री पटेल आरसीव्हीपी नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी भोपाल में समुदाय आधारित वन पुनर्स्थापन एवं जलवायु परिवर्तन-अनुकूलन आजीविका कार्यशाला के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनजातीय समाज के सहयोग से वनों के संरक्षण एवं पुनर्स्थापन के कार्य अधिक प्रभावी ढंग से किये जा सकते हैं। समुदाय की सहभागिता को बढ़ावा देने और सतत विकास के लिये प्रशिक्षण एवं जागरूकता की आवश्यकता पर बल दिया गया। कार्यशाला में अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री सत्येन्द्र सिंह ने विभिन्न सत्रों के प्रतिभागियों को वन प्रबंधन, जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और स्थानीय स्तर पर नवाचारों के प्रयोग के बारे में बताया। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रशासकीय अधिकारी एवं अकादमी के कर्मचारी उपस्थित रहे।

# साउंड थेरेपी से पाएं मानसिक शांति, सफलता तथा बीमारियों से मुक्ति : डॉ. आरती सिन्हा

## जैन शीरोज वार्षिक मिलन समारोह में वाइब्रेशन ऑफ पीस से शांति व सकारात्मकता का संदेश

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** आधुनिक जीवनशैली में बढ़ते तनाव और मानसिक असंतुलन को ध्यान में रखते हुए, आरती सिन्हा ट्रस्ट विजार्ड ऑफ साउंड द्वारा एक अनूठा आयोजन राजधानी भोपाल के तुलसी नगर स्थित आदिनाथ जैन मंदिर में किया गया। अक्षय तृतीया थीम पर आधारित जैन शीरोज वार्षिक मिलन समारोह एवं तीसरी वार्षिक सभा में साउंड थेरेपी के माध्यम से आंतरिक शांति और सकारात्मक ऊर्जा की अनुभूति कराई गई।

मुख्य वक्ता डॉ. आरती सिन्हा ने अपने विशेष सत्र में वाइब्रेशन ऑफ पीस विषय पर विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि ध्वनि की तरंगें न केवल हमारे शरीर बल्कि मन और आत्मा पर भी गहरा प्रभाव डालती हैं। उन्होंने बताया कि साउंड थेरेपी, विशेषकर शुद्ध कंपन (वाइब्रेशन) के माध्यम से, चिंता, अनिद्रा, अवसाद जैसी कई मानसिक व शारीरिक समस्याओं से राहत दिला सकती है। यह थेरेपी व्यक्ति को स्वयं के भीतर झाँकने, संतुलन स्थापित करने और शांति प्राप्त करने में मदद करती है। डॉ. सिन्हा ने बताया कि वाइब्रेशन ऑफ पीस केवल एक चिकित्सा पद्धति नहीं, बल्कि एक जीवनदर्शन है, जो हमें आत्म-शांति, सहअस्तित्व और जागरूकता की ओर प्रेरित करता है। उन्होंने उपस्थित जैन महिला उद्यमियों को बताया कि नियमित साउंड हीलिंग से न केवल तनाव दूर किया जा सकता है, बल्कि इससे रचनात्मकता, निर्णय क्षमता और आत्मबल भी बढ़ता है।



कार्यक्रम में जैन समाज की कई महिला उद्यमियों और समाजसेवियों ने भाग लिया। सभा के दौरान प्रतिभागियों ने साउंड थेरेपी का प्रत्यक्ष अनुभव भी लिया और इसे अत्यंत प्रभावशाली बताया।

कार्यक्रम के आयोजक मंडल की मीना कोठरी, रेणुका मेहता, रीना मेहता ने बताया कि यह वार्षिक सभा न केवल समाज में सक्रिय महिलाओं को एक मंच देती है, बल्कि उन्हें मानसिक, आध्यात्मिक और व्यावसायिक स्तर पर सशक्त करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। समारोह का समापन धन्यवाद ज्ञापन और सामूहिक ध्यान सत्र के साथ हुआ, जिसमें सभी प्रतिभागियों ने वाइब्रेशन ऑफ पीस के अनुभव को साझा किया।

## एम्स के डॉ. भूषण शाह का अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के फेलो के लिए हुआ चयन

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रो. (डॉ.) अजय सिंह के मार्गदर्शन में संकाय सदस्य शैक्षणिक और शोध गतिविधियों में लगातार योगदान दे रहे हैं। एम्स भोपाल के प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. भूषण शाह को अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के फेलो के लिए चुना गया है। यह सम्मान हृदय रोग विज्ञान के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान और विशेषज्ञता के लिए दिया गया है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी द्वारा डॉ. भूषण शाह को नव निर्वाचित फेलो के रूप में 28 से 30 मार्च 2026 को न्यू ऑरलियन्स, एलए में आयोजित वार्षिक वैज्ञानिक सत्र के प्रतिष्ठित दीक्षांत समारोह में सम्मानित किया जाएगा। फेलो ऑफ अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी की उपाधि को कार्डियोलॉजी करियर में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर माना जाता है, जिसे हासिल करके डॉ. भूषण शाह ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।



इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रो. सिंह ने कहा, डॉ. भूषण शाह की इस असाधारण उपलब्धि पर हमें गर्व है। अमेरिकन कॉलेज ऑफ कार्डियोलॉजी के फेलो के रूप में उनका चयन न केवल उनकी व्यक्तिगत प्रतिभा का प्रमाण है, बल्कि एम्स भोपाल में हृदय रोग विभाग की उत्कृष्टता का भी संकेत है। यह सम्मान भारतीय चिकित्सा विज्ञान के लिए अंतरराष्ट्रीय मान्यता है और हमारे युवा चिकित्सकों के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगा।

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव गाँधी सागर अभयारण्य में छोड़ेंगे 2 चीते, चीतों का बनेगा नया आशियाना



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को मंदसौर जिले के गाँधी सागर अभयारण्य में 2 चीतों को छोड़ेंगे। चीता प्रोजेक्ट मध्यप्रदेश की एक महत्वाकांक्षी परियोजना है, जिसका उद्देश्य भारत में चीतों की संख्या बढ़ाना और उनकी प्रजाति को बचाना है। इस परियोजना के तहत मध्यप्रदेश के कूनो नेशनल पार्क के साथ अब गाँधी सागर अभयारण्य में चीतों का आशियाना बनाया जा रहा है।

गाँधी सागर अभयारण्य प्रदेश का दूसरा ऐसा स्थान होगा, जहाँ चीतों को बसाया जा रहा है। यह वन्य-जीव संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा। साथ ही वन्य-जीव संरक्षण प्रेमियों और देशी-विदेशी पर्यटकों के लिये भी यह उत्साह का अवसर होगा। प्रदेश में चीतों की संख्या बढ़ाने के लक्ष्य के तहत दक्षिण अफ्रीका, केन्या और बोत्सवाना से चीते लाकर उन्हें मध्यप्रदेश के जंगलों में बसाया जा रहा है। श्योपुर जिले के कूनो नेशनल पार्क में वर्तमान में 26 चीते हैं। बोत्सवाना से 8 चीते लाने की योजना है। मई-2025 तक 4 चीते लाये जायेंगे। इसके बाद 4 चीते और लाये जायेंगे। दक्षिण अफ्रीका और केन्या से भी चीते लाने की योजना प्रस्तावित है। अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर की स्थापना के लिये मध्यप्रदेश और राजस्थान के बीच सैद्धांतिक सहमति हो चुकी है। दोनों राज्य मिलकर अंतर्राज्यीय चीता संरक्षण परिसर बनायेंगे। चीता परियोजना पर 112 करोड़ रुपये व्यय किये जा चुके हैं, जिसमें से 67 प्रतिशत राशि मध्यप्रदेश में चीता पुनर्वास पर व्यय हुई है। भारत और लगभग सम्पूर्ण एशिया महाद्वीप से विलुप्त हो चुके चीतों का पुनर्वास कर राज्य सरकार प्रकृति से प्रगति और प्रगति से प्रकृति के संरक्षण की दिशा में निरंतर आगे बढ़ रही है।

गाँधी सागर पूर्वी मध्यप्रदेश में स्थित एक वन्य-जीव अभयारण्य है। यह अभयारण्य प्रदेश के मंदसौर और नीमच जिले में फैला हुआ है। इस अभयारण्य में सलाई, करधई, धौड़ा, तेंदू, पलाश जैसे पेड़ हैं। यह विश्व प्रसिद्ध चतुर्भुज नाला का हिस्सा है।

रॉक सेंटर भी इसी अभयारण्य का हिस्सा है। इस अभयारण्य को वर्ष 1974 में अधिसूचित किया गया था और वर्ष 1984 में अभयारण्य बनाया गया। अभयारण्य में वन शैल चित्रकला स्थलों और चतुर्भुजनाथ मंदिर जैसे प्रसिद्ध मंदिरों के होने से इसका पुरातात्विक और धार्मिक महत्व है।

## एमपी ट्रांसको वेबसाइट पर पेंशनरों के लिये बढ़ी सुविधाएं : ऊर्जा मंत्री तोमर

**भोपाल, निप्र।** ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने बताया है कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू करने के बाद अब उसमें और अनेक नई सुविधाओं को जोड़ा है।

अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल महरोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। नई सुविधा के साथ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है।

पेंशनर अब अपनी पेंशन की स्थिति की जांच कर सकते हैं और वर्तमान जीवन प्रमाण-पत्र की वैधता भी ऑनलाइन देख सकते हैं। इससे उन्हें समय पर डिजिटल जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने में मदद मिलेगी। इसके अतिरिक्त, वेबसाइट पर एक समर्पित टैब भी जोड़ा गया है, जहाँ पेंशनर अपनी पेंशन स्लिप देख और डाउनलोड कर सकते हैं।

## नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं : भगवानदास सबनानी





विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** दक्षिण-पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के वार्ड 33 में सीसी रोड एवं नाली निर्माण कार्य के लिए विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय ने भूमि पूजन किया। शनिवार को भीम नगर में हुए कार्यक्रम में क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक सबनानी ने कहा कि नागरिक सुविधाओं के स्थायी समाधान के लिए हम संकल्पित हैं, हमारा निरंतर प्रयास हैं कि क्षेत्र में मूलभूत सुविधाओं की कोई कमी नहीं रहे। इसके लिए हम योजनाबद्ध तरीके से विकास कार्यों को तीव्रगति कर रहे हैं,और आने वाले समय में हमारे क्षेत्र में कई बड़ी योजनाएं भी आने वाली हैं। आज हम 30 लाख रुपए लागत की राशि से होने वाले विकास कार्यों के लिए भूमि पूजन कर रहे हैं। महापौर मालती राय ने कहा कि हमारे सुंदर शहर में निरंतर विकास कार्यों को किया जा रहा है, हम सब मिलकर शहर की सुंदरता स्वच्छता और विकास कार्यों में कोई कमी नहीं होने देंगे। इस अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य आरके सिंह बघेल जोन अध्यक्ष व पार्षद बृजुला सचान जिला कार्यालय प्रभारी राजू अनेजा तात्या टोपे नगर मंडल अध्यक्ष सोनू पालीवाल नरेश मिश्रा शिवचरण साहू राजेंद्र मिश्रा नंदकिशोर घोडके तारा सिंह संगीता चौहान विकास गौतम अभय गिरी सनत कुशवाह राहुल नेगी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## एक पहल – ट्रैफिक पुलिस के जाबांजों को सलाम

# यूनिटी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा सुरक्षा कर्मियों की हौसला अफजाई

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** द यूनिटी सोशल वेलफेयर फाउंडेशन ने अपनी नई सामाजिक मुहिम एक पहल की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य समाज के गुमनाम नायकों — ट्रैफिक पुलिस, सुरक्षा गार्ड्स और ड्यूटी पर तैनात कर्मियों को सम्मानित करना है, जो बिना किसी अपेक्षा के हर मौसम में जनता की सेवा में लगे रहते हैं। इस अभियान के पहले चरण में, संस्था की अध्यक्ष प्रिय शर्मा के नेतृत्व में फाउंडेशन की सक्रिय टीम मंजू सिंह, कृति शर्मा, अजी कोसी, पिंकी, भारती, मोना, मिथु, शांड्या और प्रमोद शर्मा सहित अन्य सदस्यों ने तालैया थाना, गोविंदपुरा थाना सहित भोपाल के विभिन्न क्षेत्रों में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मियों और सुरक्षा गार्ड्स को ठंडा पानी, जूस, लस्सी और शरबत वितरित किए। इस अवसर पर प्रिय शर्मा ने कहा, हमारा उद्देश्य केवल पेय पदार्थ वितरित करना नहीं है, बल्कि यह संदेश देना है कि हम उनके योगदान को मान्यता देते हैं, जो सड़कों पर खड़े होकर हमारी सुरक्षा और सुविधा सुनिश्चित करते हैं। यह पहल नियमित रूप से जारी रहेगी और हम नागरिकों से आग्रह करते हैं कि वे भी इस नेक कार्य में सहभागिता करें। संस्था का मानना है कि समाज के असली नायकों का मनोबल बढ़ाना हम सबका कर्तव्य है। यह अभियान उन्हें धन्यवाद कहने का एक विनम्र प्रयास है, जो कठिन परिस्थितियों में भी अपने कर्तव्य से पीछे नहीं हटते। प्रिया शर्मा ने कहा कि, चलो हम भी उनका साथ निभाएं, जो हर दिन हमारे लिए खड़े रहते हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### अनुराग कश्यप के खिलाफ धार्मिक भावनायें आहत करने का मामला दर्ज अनुराग कश्यप के बायन से भड़का ब्राह्मण समाज



**इंदौर, ( मनोहर राजपूत )।** ब्राह्मण समाज ने किया विरोध पलासिया थाने पर पहुंचकर दिया ज्ञापन फिल्म निर्देशक अनुराग कश्यप एक बार फिर अपने विवादित बयानों को लेकर चर्चा में आ गए हैं। उनकी आने वाली फिल्म फूले को लेकर सोशल मीडिया पर की गई एक कथित टिप्पणी के बाद ब्राह्मण समाज में रोष फैल गया है। इसी मामले में इंदौर के नीरज याग्निक ने पलासिया थाना पहुंचकर अनुराग कश्यप के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत में हवाला दिया गया है कि कश्यप ने ब्राह्मण समाज के विरुद्ध अभद्र और अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया है, जिससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं और विरोध का बिगुल बजाया जा रहा है। याग्निक ने कहा, यह केवल एक समुदाय का अपमान नहीं, बल्कि समाज में वैमनस्यता फैलाने की कोशिश है। उनका आरोप है कि अनुराग कश्यप ह बयान समाज को बांटने वाला सोच को दर्शाता है। यह बयान हाल ही में रिलीज़ होने जा रही फिल्म फूले के संदर्भ में सामने आया है। थाना प्रभारी मनीष मिश्रा ने कहा कि मामले की जांच कर कारवाई का आश्वाशन दिया।

### विज्ञान मंथन अहिल्या आश्रम नंबर 1 इंदौर की छात्रा का चयन



**इंदौर, ( विनय उजाला )।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद् द्वारा आयोजित विज्ञान मंथन यात्रा हेतु सीएम राइज शासकीय अहिल्याश्रम कन्उ माध्यमिक वि. क्र. 1, इन्दौर की कक्षा बारहवीं की छात्रा कुमारी रोहिणी तिवारी का चयन; चण्डीगढ़ स्थित प्रमुख राष्ट्रीय वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान संस्थानों के भ्रमण हेतु किया गया।इस यात्रा हेतु छात्रा 21 अप्रैल से 27 अप्रैल तक भ्रमण कर नवीन प्रयोगों व नवाचारों का प्रत्यक्ष रूप से अवलोकन करेगी प्राप्त विज्ञान अनुभवों को वापस आने पर विद्यालय की अन्य छात्राओं से साझा कर सकेगी। छात्रा की इस विशिष्ट उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य श्रीरमेश कुमार सेन, उपप्राचार्य श्री विपिन जैन ,कक्षा शिक्षक श्री गोविन्द शर्मा तथा समस्त शिक्षकों द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएँ दी गई।

### नावदापंथ बिजली विभाग की लापरवाही से पशु की मौत, शिकायत के बाद भी नहीं किए बिजली के तार ऊपर



**इन्दौर, जितेन्द्र यादव ( विनय उजाला )।** मामला धार रोड स्थित नावदापंथ पावर हाउस में आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के किसान बलवीरसिंह चिरागसिंह के खेत की घटना बताई जा रही है यहां शांति नगर निवासी बाबू चौहान अपनी भैंस लेकर घर की जा रहे थे तभी बिजली के तार से भैंस को करंट लगा जिसके कारण भैंस की तड़प तड़प कर मौत हो गई बाबू का कहना है कि बिजली के तार कई दिनों से नीचे लटक रहे थे जिसकी शिकायत संबंधित बिजली कर्मचारियों को दी गई थी लेकिन जिम्मेदार अनदेखा करते रहे खामियाजा भैंस की जान चली गई वही क्षेत्र के लाइनमैन राजेंद्र कुमार दुबे का कहना था कि जहां भैंस को शॉर्ट लगा है वहां पर गणेश कुमार यूके की भी सीमा लगती है इस विषय में गणेश कुमार यूके से जानकारी लेना चाहिए तो फोन ही रिसीव नहीं किया सूचना मिलने पर चंदन नगर पुलिस मौके पर पहुंची वहीं ग्रामीणजन की मौजूदगी में डाक्टर द्वारा पंचनामा बनाया गया। AE ने कहा तार ऊपर करवा देते है हादसे का विनय उजाला टीम ने लिया जायजा अस्सिटेंट इंजीनियर चेतन कोली से की चर्चा जिसमें एई कोली का कहना है कि तार नीचे होने की जानकारी हमें दो दिन पहले ही मिली है तार ऊपर करने के लिए गेहूं की फसल कटने का इंतजार कर रहे थे इस बीच भैंस लपेटे में आ गई मुआवजे को लेकर कोली ने कहा डॉक्टर की पीएम रिपोर्ट के स्पष्टीकरण में ही मुआवजे पर मोहर लगेगी।

**नागरिकों को गर्मी से राहत देने की पहल : शहर के ट्रैफिक सिग्नलों पर जन भागीदारी से छांव और पेयजल की व्यवस्था**

# शहर की सीमाओं पर बनेंगे भव्य स्वागत द्वार


विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। गर्मी के इस तीव्र मौसम में जब शहर का तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, ऐसे में ट्रैफिक सिग्नलों पर रुकने वाले नागरिकों को तेज धूप में खड़ा रहना पड़ता है। इस समस्या को दृष्टिगत रखते हुए महापौर श्री पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में आयोजित मेयर इन काउंसिल की बैठक में नागरिक हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है।**

नगर निगम द्वारा जन सहयोग से ट्रैफिक सिग्नलों पर अस्थाई छांव (शेड) उपलब्ध कराने हेतु शहर के सामाजिक संगठनों, संस्थाओं एवं व्यापारिक प्रतिष्ठानों को सहभागी बनाते हुए 28 प्रमुख ट्रैफिक सिग्नलों पर छांव और पेयजल की व्यवस्था की अनुमति दी गई है।

इस योजना के अंतर्गत संबंधित संस्थाएं शेड के आगे और पीछे सौजन्य से अपने संगठन या संस्थान का नाम और लोगो प्रदर्शित कर सकेंगी। इसके साथ-साथ नगर निगम इंदौर का नाम एवं लोगो भी स्पष्ट रूप से प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

यह स्पष्ट किया गया है कि इस



**महापौर पुष्यमित्र भार्गव की अध्यक्षता में हुई मेयर काउंसिल की बैठक लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय**

योजना के अंतर्गत किसी भी प्रकार का वाणिज्यिक विज्ञापन या निजी कंपनी का प्रचार नहीं किया जा सकेगा।

इन छांव स्थलों पर निशुल्क पेयजल की सुविधा भी नागरिकों को उपलब्ध कराई जाएगी। इच्छुक सामाजिक संगठन या व्यापारिक प्रतिष्ठान अपनी सहभागिता दर्ज कराकर इस सेवा में योगदान दे सकते हैं। जन सहयोग से निर्मित इन संरचनाओं की सफाई, स्वच्छ जल की आपूर्ति एवं रखरखाव की जिम्मेदारी संबंधित संस्था की होगी। नगर निगम आवश्यकता पड़ने पर जल की गुणवत्ता सुनिश्चित करने हेतु संबंधित संस्थान से परीक्षण प्रमाण पत्र भी प्राप्त कर सकेगा।

इस योजना के सुचारु संचालन और निगरानी के लिए एक समिति का गठन भी किया गया है। समिति में निरंजन सिंह चौहान एवं नंदकिशोर पहाड़िया को सदस्य बनाया गया है। अन्य अधिकारियों के नाम नगर निगम आयुक्त द्वारा शीघ्र घोषित किए जाएंगे। यह समिति निर्माण स्थलों की उपयोगिता, स्वच्छता तथा सेवाओं की गुणवत्ता की नियमित समीक्षा करेगी।

महापौर के निर्देशन में नगर निगम इंदौर की यह अभिनव पहल न केवल भीषण गर्मी में नागरिकों को राहत प्रदान करेगी, बल्कि सामाजिक सहभागिता एवं समर्पण का भी अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करेगी।

## शहर में गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी के मटके हुए महंगे

मनोहर राजपूत



**इंदौर, नप्र।** सो रूपये से लेकर रु. 300 तक में मिल रहे पानी के मटके शहर के आम नागरिकों को गर्मी में याद आता है फ्रीज का पानी पर हानि कारक है शरीर के लिए इंदौर शहर में करीव चार सो से अधीक मिट्टी के वर्तन कि दुकाने है मोती तबेला राजेन्द्रनगर वाणगंगा पिपलिया हाना तेजाजीनगर राला मण्डल विजलपुर विजय नगर इलाकों में काफ़ी दुकाने है पर शुक्रवार कि दोपहर डेंटल कालेज के सामने मिट्टी के वर्तन कि दुकान है दुकानदार ने बताया कि 25 साल मुझे दुकान लगाते हुए हो गए पर अप्रैल के माह में ग्राहकों की मंदी हे मटके महंगे होने से ग्राहक नहीं आता हे क्योंकि मजदूरी महंगी होने से भाव बड़े और पानी का जार बीस रुपए में आता हे दुकानदार और आम लोगो को सस्ता पड़ता है।

मटके के रेट ज्यादा हे पर पानी पीने का आनंद तो मिट्टी के मटके में आता हे ठंडा पानी मिलता हे और गर्मी में प्यास को बुझाता हे इंदौर में देखने को मिला इस बार झाबुआ गुजरात प्रयागराज बैतूल के मटके हे पर झाबुआ की काली मिट्टी के मटके सस्ते हे प्रयागराज के मटके हे उसकी रेतीले मिट्टी के बने होते है दुकानदार ने बताया कि ग्राहक रुचि नहीं दिखा रहा हे मटके खरीददार ग्राहक वताते है कि गर्मी मटके का पानी पीने के कई फायदे है प्यास को बुझाना एम्युनिटी मजबूत होती है मिट्टी के घड़े का हर आम लोगो को पानी पीना चाहिए। इंदौर शहर में आज मटके वेच रहे दुकानदार कहते है कि ग्राहकी नहीं है मटके के रेट सुनकर ग्राहक रुकता ही नहीं है फिर भी देखो और गर्मी पड़ी तो माल बिक जायेगा।

## इंदौर संभाग के बड़वानी में नेत्र शिविर 23 अप्रैल को

**इन्दौर ( विनय उजाला )।** संभागायुक्त श्री दीपक सिंह की पहल पर इंदौर संभाग में मोतियाबिंद से पीड़ित मरीजों के निःशुल्क ऑपरेशन के लिये संभाग के दुरस्थ अंचलों में नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित करने का सिलसिला जारी है। इस सिलसिले में 23 अप्रैल को संभाग के बड़वानी में विशाल नेत्र परीक्षण शिविर आयोजित किया गया है। इस शिविर में ग्रामीणों के नेत्रों का निःशुल्क परीक्षण विशेषज्ञ डॉक्टरों के माध्यम से किया जायेगा। शिविर में मोतियाबिंद से पीड़ित चिन्हित मरीजों का इंदौर के चोईथराम नेत्र चिकित्सालय में निःशुल्क ऑपरेशन कराया जायेगा। बड़वानी में यह शिविर ज़िला चिकित्सालय में होगा। यह शिविर लायंस क्लब बड़वानी और चोइथराम नेत्र चिकित्सालय इंदौर के सहयोग से हो रहा है।

**पश्चिम रेलवे**
**निर्माण कार्य**

उप मुख्य अभियंता (निर्माण) IV, पश्चिम रेलवे, प्रतापनगर, वडोदरा-390004, आमंत्रित करते हैं **ई-निविदा सूचना संख्या : Dy.CE-C-IV-BRC/SMLA-TBA/07, दिनांक : 16.04.2025। कार्य का नाम :** (i) 02 (दो) बड़े पुलों का निर्माण, जिनमें से प्रत्येक में 30.5 मीटर का एक स्पान ओपन वेब गर्डर (वेल्डेड थ्रू टाइप) रोलर और रॉकर बीयरिंग के साथ, आरडीएसओ के मानक रेखाचित्रों के अनुसार, आरसीसी सबस्ट्रक्चर और ओपन/पाइल फाउंडेशन के साथ सुपरस्ट्रक्चर में; (ii) 08 (आठ) छोटे पुल जिनमें पीएससी स्लैब (पोस्ट-टेंशन) हैं, आरडीएसओ के मानक रेखाचित्रों के अनुसार, आरसीसी सबस्ट्रक्चर और ओपन फाउंडेशन के साथ सुपरस्ट्रक्चर में, (iii) आरसीसी रिटेनिंग दीवारें (लगभग 4.5 किमी लंबाई); (iv) आरसीसी नालियाँ (लगभग 5 किमी); (v) आरसीसी सेवा संरचना; (vi) सेवा सड़कें (लगभग 2 किमी) और (vii) अन्य संबद्ध कार्य, मौजूदा सिंचाई नहरों को क्रॉसिंग/डायवर्सन/ स्थानांतरित करने के संबंध में, सरदार सरोवर नर्मदा निगम लिमिटेड (एसएसएनएनएल) से संबंधित, नैरो गेज से ब्रॉड गेज (53.53 किमी) में समलाया-टिम्बा रोड गेज परिवर्तन परियोजना के संबंध में, पश्चिम रेलवे के वडोदरा डिवीजन में डिप्टी सीई/कॉन/IV/वडोदरा द्वारा निष्पादित किया जा रहा है। **काम की अनुमानित लागत :** 5,888.20 लाख रुपये। **ईएमडी :** 30,94,200/-। **बोली लगाने के लिए ऑनलाइन निविदा की उपलब्धता :** से 08.05.2025 को 11.00 बजे से। से 22.05.2025 को 12.00 बजे तक अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। मैनुअल प्रस्तावों पर विचार नहीं किया जाएगा। 0062

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**पुल पर साइड पाथवे का प्रावधान**

उप मुख्य अभियंता (पुल-लाइन), पश्चिम रेलवे, दादर, **निविदा सूचना संख्या : DYCE- BR-DDR-2025-07, दिनांक : 16.04.2025 आमंत्रित करते हैं। कार्य का नाम :** SAH-ST सेक्शन और Br में पुल संख्या 135, 143, 192, 166, 203, 230, 239, 264, 288, 336, 339, 340, 352, 358, 359, 400, 401, 411, 419, 428 और 440 UP/DN पर साइड पाथवे का प्रावधान। मुंबई डिवीजन के एडीईएन (ब्रिज) बीएल के अधिकार क्षेत्र में उधना - जलगांव सेक्शन में नंबर 31, 76, 94, 98 डीएन और 110, 52 ए यूपी/डीएन। **कार्य की अनुमानित लागत :** 10,65,92,796.35। **ईएमडी :** 6,83,000/-। **ई-टेंडर जमा करने की तिथि और समय :** 15.05.2025, 15.00 बजे तक। **ई-टेंडर खोलने की तिथि और समय :** 15.05.2025 को 15.30 बजे। अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएं। 0057

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**पश्चिम रेलवे**
**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**
**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्रमांक एस/20/2025, दिनांक : 09.04.2025**

| स.क्रं. | वस्तुओं का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 188 | इलास्टोमेरिक पैड डिजाइन | 6656 Nos | 12-May-25 |
| 189 | उन्नत सहायक चेतावनी प्रणाली की ऑनबोर्ड प्रणाली की आपूर्ति स्थापना और कमीशनिंग। | 50 Nos | 15-May-25 |
| 190 | संशोधित WSP वायरिंग का रेट्रो फिटमेंट। | 75 Set | 15-May-25 |
| 191 | संशोधित WSP वायरिंग का रेट्रो फिटमेंट। | 75 Set | 15-May-25 |
| 192 | ब्रेक के साथ ब्रेक कैलिपर का एक सेट | 15 Set | 15-May-25 |
| 193 | नॉर ब्रेम्स मेक के हर ओवरहालिंग के दौरान आइटम को बदलना होगा... | 170 Set | 19/05/25 |
| 194 | उच्च तन्यता संक्रमण सीबी | 221 Nos | 19-May-25 |
| 195 | ब्रेक के लिए आइटम बदलना होगा | 347 Set | 21-May-25 |
| 196 | विभिन्न आकारों के सभी स्टील लॉक नट | 47896 Nos | 21-May-25 |
| 197 | हाइड्रोलिक री-रेलिंग उपकरण (एचआरई) | 1 Set | 02-Jun-25 |

**विस्तृत सूचना ईएमडी, खरीद प्रतिबंध और विस्तृत निविदा शर्तों के संबंध में, कृपया वेबसाईट www.ireps.gov.in और indianrailways.gov.in पर जाएं।** 0063

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly हमें फॉलो करें: twitter.com/WesternRly

**इंदौर में भव्य कन्वेंशन सेंटर के निर्माण का रास्ता साफ**


## सांसद शंकर लालवानी ने उच्च स्तरीय बैठक में इंदौर विकास प्राधिकरण की योजना क्रमांक 172 के बारे में मामला उठाया था

### स्कीम नंबर 172 में प्रदेश का सबसे बड़े ऑडिटोरियम का रास्ता साफ, उच्च स्तरीय कमेटी ने दी स्वीकृति

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र।** नगर में एक भव्य और अत्याधुनिक कन्वेंशन सेंटर बनने का रास्ता अब पूरी तरह साफ हो गया है। सुनिश्चित हो गया है। यह कन्वेंशन सेंटर स्कीम नंबर 172 में बनेगा और इसके निर्माण से इंदौर को प्रदेश का सबसे बड़ा ऑडिटोरियम मिलने जा रहा है। इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के लिए आईडीए द्वारा स्कीम नंबर 172 में कन्वेंशन सेंटर की योजना प्रस्तुत की गई थी। हालांकि, इस भूमि पर वन विभाग ने अपना दावा जताया था, जिससे प्रोजेक्ट अटक गया था।

इसके बाद मध्यप्रदेश शासन ने सांसद शंकर लालवानी को पत्र भेजकर अवगत कराया कि भूमि विवाद का निराकरण हो गया है और कन्वेंशन सेंटर निर्माण के लिए रास्ता अब पूरी तरह साफ है।



**सांसद शंकर लालवानी ने उच्च स्तरीय बैठक में यह विषय उठाया था बाद निकला हल**

इसके समाधान के लिए सांसद शंकर लालवानी ने राज्य सरकार को अनुरोध किया था। इस पर सरकार ने एक उच्च स्तरीय कमेटी गठित की, जिसने पुराने राजस्व रिकॉर्ड का परीक्षण कर यह स्पष्ट किया कि उक्त भूमि वन विभाग की नहीं बल्कि राजस्व विभाग की है।

### सांसद शंकर लालवानी ने जताया आभार

सांसद शंकर लालवानी ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा, इंदौर भारत का सबसे तेजी से बढ़ता शहर है और यहां लंबे समय से एक बड़े कन्वेंशन सेंटर की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। माननीय मुख्यमंत्री जी से मैंने यह मांग व्यक्तिगत रूप से की थी। अब जब जमीन का रास्ता साफ हो गया है, तो इंदौर को जल्द ही प्रदेश का सबसे बड़ा ऑडिटोरियम मिलने जा रहा है।

### इंदौर के लिए नई उपलब्धि

इस कन्वेंशन सेंटर के निर्माण से इंदौर को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के कॉन्फ्रेंस, सांस्कृतिक कार्यक्रमों और व्यावसायिक आयोजनों के लिए एक प्रमुख मंच मिलेगा। इससे न केवल शहर की प्रतिष्ठा बढ़ेगी, बल्कि होटल, ट्रैवल और लोकल बिज़नेस सेक्टर को भी प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा।

### इंदौर में गर्मी को देखते हुए कक्षाओं के संचालन समय में परिवर्तन : कलेक्टर

**इन्दौर, नप्र।** तापमान में वृद्धि के मद्देनजर विद्यार्थियों के स्वास्थ्य हित को देखते हुए इंदौर कलेक्टर श्री आशीष सिंह ने स्कूल संचालन के समय में परिवर्तन किया है। अब सी.बी.एस.ई./ माध्यमिक शिक्षा मण्डल / अन्य बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय, अनुदान प्राप्त विद्यालयों में 30 अप्रैल 2025 तक कक्षा नर्सरी से कक्षा 08 तक की कक्षाओं के संचालन समय में परिवर्तन किया गया है। उक्त कक्षाएं दोपहर 12 बजे के पश्चात कोई भी विद्यालय संचालित नहीं करेंगे। इस अवधि में परीक्षाएँ एवं मूल्यांकन संबंधी कार्य निर्धारित कार्यक्रम अनुसार यथावत संचालित रहेंगें। उक्त आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होगा।

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग संभाग (भ/प) उज्जैन संभाग उज्जैन**
Website : www.mp.gov.in/pwdmpmp, E-mail : eepwdujn@mp.nic.in
Phone : 0734-2557725

**निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 02/व.ले.लि./2025-26** **उज्जैन, दिनांक : 16.04.2025**

**:: निविदा आमंत्रण सूचना ::**

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर आई.डी. क्रमांक | जिला | कार्य का नाम | आमंत्रण क्रमांक | ठेके की अनु. राशि ( रू.लाख में ) | ई.एम.डी. की राशि ( राशि रूपयों में ) | कार्य पूर्ण करने की समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | 2025_ PWDRB_ 416083_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 के आवासीय भवनों में वाटर प्रुफिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 2 | 2025_ PWDRB_ 416084_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 के जी टाईप आवासीय भवनों में वाटर प्रुफिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 04 माह वर्षाकाल सहित |
| 3 | 2025_ PWDRB_ 416961_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 के आवासीय भवनों में संधारण मरम्मत एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 4 | 2025_ PWDRB_ 416962_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 के गैर आवासीय भवनों में संधारण मरम्मत एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 5 | 2025_ PWDRB_ 416963_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-1 के गैर आवासीय भवनों (जिला न्यायालय भवन) में संधारण मरम्मत एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 6 | 2025_ PWDRB_ 416964_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-2 के आवासीय भवनों (बी टाईप एवं सी टाईप बंगलों में) में संधारण मरम्मत एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 7 | 2025_ PWDRB_ 416966_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-2 के आवासीय भवनों (ई टाईप, एफ टाईप एवं सी टाईप बंगलों) में संधारण मरम्मत एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 8 | 2025_ PWDRB_ 416967_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-2 के आवासीय भवनों (जी टाईप एवं बी टाईप बंगलों) में संधारण मरम्मत एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| 9 | 2025_ PWDRB_ 416968_1 | उज्जैन | उपसंभाग उज्जैन अंतर्गत सेक्शन क्रमांक-2 के गैर आवासीय भवनों में संधारण मरम्मत एवं सेनेटरी फिटिंग का कार्य। | प्रथम आमंत्रण | 20.00 | 40000.00 | 12 माह वर्षाकाल सहित |
| | | | Total | | 180.00 | | |

उपरोक्त वेबसाईट ऑनलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट में माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं प्रस्तुत करने की अंतिम दिनांक 30.04.2025 सायं 18.30 बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाईट में देखा जा सकता है।

निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर ही किया जायेगा। पृथक से समाचार-पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा। अर्नेस्ट मनी एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही प्राप्त किए जावेंगे।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग ( भ/प )**
**संभाग उज्जैन**

जी-11777/25 "पॉक्सो है सुरक्षा का हथियार, बच्चों पर न करें अत्याचार"

# पत्रिका विमोचन व प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

विनय उजाला

**इंदौर, नप्र। पुष्पित तूलिका नोबल सोशल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा त्रेमासिक पुष्पित तूलिका पत्रिका का विमोचन व प्रतिभा सम्मान समारोह प्रेस क्लब इंदौर में आयोजित किया गया।**

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेसक्लब अध्यक्ष श्री अरविंद तिवारी जी ने की। मुख्य अतिथि सांसद श्री शंकर लालवानी जी ने विभिन्न विधाओं से शासकीय विद्यालय के 9 विद्यार्थियों को सम्मानित करते हुए छात्रों को आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के पत्रकारिता विभाग की विभागाध्यक्ष डा सोनाली नरगुंदे ने छात्रों को सफलता पाने के अभ्यास और अनुशासन दो मूल मन्त्र दिये। सासंद जी का स्वागत श्री हरीश बोयत व उषा कोरान्ने ने किया कार्यक्रम में सर्वप्रथम अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर संस्था की अध्यक्ष मणिमाला शर्मा द्वारा सरस्वती वंदना,मंत्र के साथ प्रस्तुत की गई।

संस्था की मार्गदर्शिका अहिल्या पुरस्कार प्राप्त डा अलका भार्गव ने ओजस्वी



स्वागत भाषण से सभी का दिल जीत लिया कार्यक्रम में शा प्रा स्कुल नया बसेरा की छात्र पूनम बोडडे को पोस्टर मेकिंग में, एकलव्य मोरद की भूमिका बघेल को तीरंदाजी में, मल्हार आश्रम की सोनम तिवारी को कबड्डी में, सीएम राईस महू की भूमिका अग्रवाल को सुगम संगीत में, उत्कृष्ट बाल विनय मंदिर की रिद्धिमा बडगुजर को चित्रकला द्रश्यकला में, एकलव्य मोरद के राजकिशोर को रचनात्मक लेखन में, सी एम राईस महू से विष्णु त्रिपाठी को क्रिकेट में, उत्कृष्ट बाल विनय से अरुण गौर को एकल अभिनय में, तथा शा सुभाष उच्चत्तर मा विद्यालय से तुषार हेडव को फ्री स्टाइल कुश्ती में उपलब्धि के लिए सम्मानित किया गया। अतिथियों द्वारा छात्रों के साथ माता-पिता और शिक्षकों को भी मंच पर सम्मानित किया गया ।

पत्रिका पुष्पित तुलिका का यह अंक करियर विशेषांक है संस्थापक और प्रधान सम्पादक सुश्री नमिता दुबे ने बताया कि इस पत्रिका में जो बच्चे अपनी पारिवारिक परिस्थियों के चलते बीच में ही पढ़ाई छोड़ देते है उनके लिये करियर के क्या ऑप्शन हो सकते है को ध्यान में रखते हुए पत्रिका निकाली है। संस्था के संरक्षक श्री हरीश बोयत ने कहा कि इस संस्था ने बहुत कम ही समय में बहुत अच्छे-कार्य कर समाज और छात्रों को समय समय पर प्रेरित किया हैं, आपने पत्रिका को उपयोगी बताते हुए सभी शासकीय स्कूलों में निशुल्क वितरण की घोषणा की । अरविंद तिवारी जी ने कॅरियर विशेषांक पत्रिका की प्रसंशा करते हुए कहा कि निश्चित ही यह पत्रिका छात्रों के लिए बहुत लाभकारी होगी, आपने छात्रों को अच्छे भविष्य के लिए मेहनत और करियर चुनाव के लिए प्रेरणा दी।

कार्यक्रम की सूत्रधार श्रीमती रीना भावसार और सुरेखा सिसोदिया थी श्रीमती मणिमला शर्मा द्वारा सफल कार्यक्रम के आभार प्रकट के बाद राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। अतिथियों का स्वागत श्रीमती सुषमा जैन,प्रतिमा दुबे ,डा पूर्णिमा मंडलोई शीला बड़ोदिया, क्षमा शर्मा, तरजीतकौर ईशर ने किया।

कार्यक्रम में श्री मुकेश तिवारी, श्री हरेराम वाजपेयी, डॉ अर्पण जैन,अपाक्स के अध्यक्ष श्री रमेश यादव, रष्ट्रीय चेनल की कवियत्री श्रीमती वाणी जोशी,इंदौर लेखिक संघ की अध्यक्ष श्रीमती विनीता तिवारी, म.प्र शासकीय शिक्षक संगठन के प्रांतीय महामंत्री श्री अशोक मालवीय और प्रवीण यादव जी के अलावा कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# सम्पादकीय

## शांति सभी के लिए हितकर

जम्मू-कश्मीर विधानसभा में वक्फ (संशोधन) अधिनियम को लेकर जो नजारा पेश आया उसमें एक साथ कई स्थितियां झलकती हैं। सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस के एक सदस्य ने स्थगन प्रस्ताव रखा कि सारा काम रोक कर वक्फ अधिनियम पर चर्चा की जाए और इसके विरोध में उसी तरह प्रस्ताव पारित किया जाए जिस तरह तमिलनाडु विधानसभा में किया गया। एक सदस्य ने कहा कि जब 6 फीसद मुस्लिम आबादी वाला तमिलनाडु वक्फ अधिनियम के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर सकता है तो मुस्लिम बहुल आबादी वाला जम्मू-कश्मीर क्यों नहीं यानी यहां वक्फ अधिनियम का विरोध मुस्लिम दृष्टिकोण से है। जब जम्मू-कश्मीर भाजपा के विधायक इस तरह के प्रस्ताव का विरोध करते हैं तब यह मामला सीधे-सीधे हिन्दू-मुसलमान का हो जाता है। लेकिन जब नेशनल कॉन्फ्रेंस द्वारा चयनित विधानसभा अध्यक्ष पार्टी के प्रस्ताव को मंजूरी नहीं देता और तमिलनाडु की तुलना पर कहता है कि इस समय यह मामला न्यायालय में विचाराधीन है जबकि तमिलनाडु में उस समय प्रस्ताव पास हुआ था जब मामला न्यायालय में नहीं गया था।लेकिन पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) और नेशनल कॉन्फ्रेंस और कुछ निर्दलीय मुस्लिम विधायकों ने अध्यक्ष की बात को नकार दिया तो हंगामा यहां तक बढ़ा कि भारत माता की जय' और अल्लाह हू अक्बर' के नारे लगने लगे, धक्का-मुक्की हुई, हाथापाई भी हुई। मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला की कोशिश यह दिखाई दी कि वह वक्फ अधिनियम का विरोध करते हुए भी दिखाई दें, मगर वास्तव में विरोध नहीं करें।जम्मू-कश्मीर की यह स्थिति मजहब, राजनीति और सत्ता के तेजी से बिगड़ते संतुलन का प्रतीक है। विधानसभा में जिस तरह की सांप्रदायिक कटुता दिखाई दी अगर वह सदन से बाहर प्रसारित होती है तो जम्मू-कश्मीर इस समय थोड़ी शांति से जी रहा है, फिर से उपद्रवी हालात की ओर मुड़ सकता है। ऐसी सूरत में मुख्यमंत्री उमर की यह जिम्मेदारी बनती है कि वह इस मामले को यथाशीघ्र शांत करें और इसे अराजकवादी तत्वों के हाथ में पहुंचने से रोकें।केंद्र सरकार को भी इस मामले को हलके में नहीं लेना चाहिए। भाजपा और मुस्लिम नेताओं की भी इसमें जिम्मेदारी बनती है कि इस मुद्दे पर वे लोगों को अनावश्यक तौर पर न भड़काएं क्योंकि शांति सभी के लिए हितकर है। इस पर गंभीरता से विचार होना चाहिए।

## सुविचार

अनुभव उम्र से नहीं, परिस्थितियों
का सामना करने से आता है।

**- राजेश उदावत, इंदौर**

अपनी जवाबदारियों से मुंह मोड़ने के बजाए,
इस संसार को बेहतर बनाने की
जवाबदारी समझकर हर कार्य करो।

**- लता मालवीय, इंदौर**

आशियाना कितना ही बड़ा क्यों ना हो?
दिल अगर छोटा हो, तो आशियाने
की कोई कीमत नहीं होती।

**- सुनिल शर्मा, इंदौर**

खुशी का मतलब यह नही हैं कि
आप जो चाहते है वह सब पा ले,
खुशी का मतलब है कि आपके पास
जो कुछ है उसका आनंद लें।

**- के.पी. जाट, भोपाल**

दु:ख का सबसे बड़ा कारण है,
सच्चे इंसान को लोग समझते नहीं और
गलत इंसान को लोग परखते नहीं।

**- संध्या पाण्डेय, इंदौर**

आवाज ऊंची होगी तो कुछ लोग ही सुनेंगे,
किन्तु बात ऊंची होगी, तो बहुत लोग सुनेंगे।

**- सोमनाथ तिवारी, माण्डव**

### एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने ग्राहकों की बढ़ती तादाद के बीच

## 638 रुपये प्रति शेयर की आय के साथ दर्ज किया शानदार वित्तीय परिणाम

विनय उजाला

**मुंबई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज लिमिटेड ने 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए वित्त वर्ष के दौरान असाधारण वित्तीय परिणाम दर्ज किया। कंपनी ने 3,265 करोड़ रुपये की कुल आय हासिल की, जो पिछले वित्तय वर्ष में दर्ज 2,661 करोड़ रुपये के मुकाबले 23% की शानदार वृद्धि है। कुल आय में यह उल्लेखनीय वृद्धि 31% की पांच-वर्षीय चक्रवृद्धि वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर) से हुई।**

एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने शुद्ध आय (वित्त लागत घटाकर कुल आय) के लिहाज़ से, 2,479 करोड़ रुपये दर्ज की, जो साल-दर-साल के आधार पर 20% की वृद्धि है। परिचालन व्यय बढ़कर 983 करोड़ रुपये हो गया, जिसके परिणामस्वरूप लागत के मुकाबले अनुपात 39.7% हो गया। कर पश्चात लाभ 1,125 करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो साल-दर-साल 18त्न की वृद्धि और 24% का पांच-वर्षीय सीएजीआर दर्शाता है, साथ ही प्रति शेयर आय 638 रुपये दर्ज की गई। 31 मार्च, 2025 तक प्रति शेयर बुक वैल्यू 1,884 रुपये थी, जबकि मज़बूत नेटवर्थ 3,349 करोड़ रुपये थी। औसत मार्जिन ट्रेडिंग फंडिंग (एमटीएफ) पोर्टफोलियो साल-दर-साल 50त्न बढ़कर 8,343 करोड़ रुपये हो गया, जबकि इक्विटी ट्रेड वॉल्यूम साल-दर-साल 24% बढ़कर 8 लाख करोड़ रुपये हो गया।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी, धीरज रेली ने कंपनी के प्रदर्शन पर अपनी टिप्पणी में कहा, एचडीएफसी सिक्योरिटीज ने पारंपरिक स्टॉक ब्रोकिंग फर्म से अब डिजिटल रूप से संचालित विशिष्ट कंपनी बन गई है। यह परिवर्तन प्रौद्योगिकी और ग्राहकों को बेहतर अनुभव प्रदान करने की प्रक्रिया में इसके रणनीतिक निवेश से प्रेरित है। इन्वेस्टराइट ऐप का लॉन्च इसके विरासती एमईएपी प्लेटफॉर्म के मुकाबले अपग्रेड का प्रतिनिधित्व करता है, जो निवेशकों को सहज और वास्तविक समय के आधार पर निवेश इंटरफेस प्रदान करता है। इसके अतिरिक्त, मोबाइल-फर्स्ट, डिस्काउंट ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म एचडीएफसी स्काई की शुरूआत, युवा, डिजिटल रूप से समझदार निवेशकों को लक्षित करती है, जो भारत में निवेश के अवसरों को लोकतांत्रिक बनाने के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

वेल्थ एडवाइजरी प्लेटफॉर्म, एचडीएफसी टीआरयू ने भी लॉन्च के बाद से सात महीनों के भीतर प्रबंधनाधीन परिसंपत्ति के तहत 10,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर उल्लेखनीय बदलाव लाया है। यह वेल्थ मैनेजमेंट एडवाइजरी (संपत्ति प्रबंधन परामर्श) क्षेत्र में एचडीएफसी सिक्योरिटीज के बढ़ते प्रभाव को उजागर करता है। बेंगलुरु में कंपनी का प्रौद्योगिकी केंद्र उत्पाद विकास और जोखिम प्रबंधन में सुधार के लिए नवोन्मेष को बढ़ावा देने, उन्नत एनालिटिक्स और उच्च प्रदर्शन कंप्यूटिंग का लाभ उठाने के लिए समर्पित है।

एचडीएफसी सिक्योरिटीज 100 से अधिक शहरों में 130 से अधिक शाखाओं में काम करती है, जो रिलेशनशिप मैनेजरों की एक जानकार टीम द्वारा समर्थित है जो व्यक्तिगत सेवा प्रदान करते हैं। कंपनी के ग्राहकों की संख्या 68 लाख से अधिक है। उल्लेखनीय है कि एचडीएफसी सिक्योरिटीज की डेरिवेटिव पर निर्भरता कम है और बजाय इसके वहनीय और विविध किस्म की आय के निर्माण पर ध्यान केंद्रित करती है।

### इस प्रावधान के तहत बोर्ड के शत प्रतिशत सदस्य राज्य सरकार नामांकित करेगी, जिससे यह प्रक्रिया नौकरशाही औपचारिकता बनकर रह जायेगी यानी समुदायों को यह अधिकार ही नहीं होगा कि वह अपने प्रतिनिधियों का चयन करें। अगर पूरा बोर्ड सरकार का ही विस्तार बनकर रह जायेगा तो संस्थागत स्वायत्तता कहां रह पायेगी?

# सुप्रीम कोर्ट में सरकार के जवाब से तय होगा वफ्फ क़ानून रहेगा या जायेगा?

नौशाबा परवीन


दैनिक विनय उजाला



हाल ही में गठित वक्फ (संशोधन) क़ानून पर सुप्रीम कोर्ट में 16 अप्रैल 2025 को हुई दो घंटे की चर्चा के दौरान भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना, न्यायाधीश संजय कुमार व न्यायाधीश केवी विश्वनाथन की खंडपीठ ने जो महत्वपूर्ण प्रश्न उठाये थे (जैसे क्या सरकार हिन्दू ट्रस्ट्स में मुस्लिमों को शामिल होने की अनुमति देगी, आदि), उनसे स्पष्ट हो गया था कि अदालत इस क़ानून पर रोक लगाने के लिए अंतरिम आदेश जारी करने जा रही है, विशेषकर इसलिए कि इस नये क़ानून के कुछ प्रावधानों पर सुप्रीम कोर्ट को स्पष्टीकरण चाहिए था।

स्टे के अंदेशे को मद्देनज़र रखते हुए सोलिसिटर जनरल तुषार मेहता व वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने अदालत से उनकी बात अगले दिन सुनने का आग्रह किया, जिसे मान लिया गया। अगले दिन यानी 17 अप्रैल 2025 को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को कुछ आश्वासन दिए और इस तरह वक्फ क़ानून पर फ़िलहाल के लिए स्टे नहीं हुआ है। इस क़ानून के खिलाफ़ जो 150 से अधिक याचिकाएं दायर की गईं हैं, उनका जवाब देने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को एक सप्ताह का समय दिया है। अगली सुनवायी 5 मई को होगी। चूंकि मुख्य न्यायाधीश खन्ना 13 मई को रिटायर हो रहे हैं, इसलिए यह देखना होगा कि वह याचिकाओं पर सुनवायी करेंगे या किसी अन्य खंडपीठ को यह काम सौंप देंगे।

सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को आश्वासन दिया है कि वह सेंट्रल वक्फ काउंसिल व औकाफ बोर्ड्स में कोई नियुक्ति नहीं करेगी और अगर राज्य अगले दो सप्ताह के भीतर कोई नियुक्तियां करते हैं तो वह रिक्त (वोयड) मानी जायेंगी। सरकार ने यह भी आश्वासन दिया है कि वह 'वक्फ बाई यूज़र' संपत्तियों सहित वक्फ पर यथास्थिति बनाये रखेगी। इसका अर्थ यह है कि इस प्रकार की संपत्तियों पर दोबारा गौर नहीं होगा, उन मामलों में भी जिनमें विवाद है कि वह सरकारी संपत्ति हैं। दूसरी ओर वक्फ क़ानून की वैधता को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं से सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि वह पांच याचिकाओं का चयन लीड याचिकाओं के तौरपर कर लें और एक नोडल वकील का भी चयन कर लें। वक्फ क़ानून के कुछ प्रावधानों के प्रथम दृष्टिया अध्ययन के आधार पर प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष स्टे लगाने के सवाल पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह इस स्थिति को बदलने के पक्ष में नहीं है कि संसद क़ानून बनाये, एग्जीक्यूटिव फैसले ले और न्यायपालिका व्याख्या करे। सुप्रीम कोर्ट का ख्याल यह है कि अतीत या इतिहास को फिर से नहीं लिखा जा सकता और अब पुरानी वक्फ संपत्तियों को फिर से नहीं खोला जा सकता है। सुप्रीम कोर्ट का यह भी सवाल है कि शताब्दियों पुराने वक्फ एसेट्स का सबूत कोई कहां से लेकर आयेगा?

पिछले तीन साल से सेंट्रल वक्फ काउंसिल मृत पड़ी है। इसलिए इस आश्वासन का कोई अर्थ नहीं है कि इसमें कोई नियुक्तियां नहीं की जायेंगी। संशोधित क़ानून में प्रावधान है कि काउंसिल व बोर्ड्स में दो ग़ैर-मुस्लिम नियुक्त किये जायेंगे। याचिकाकर्ता इसे मुस्लिम समुदाय के मौलिक अधिकारों में हस्तक्षेप मानते हैं, जो उन्हें अनुच्छेद 26 के तहत प्राप्त हैं। इसी पर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से सवाल किया था कि क्या वह हिन्दू ट्रस्ट्स में मुस्लिमों को सदस्य बनने देगी? इसमें कोई दो राय नहीं हैं कि वक्फ (संशोधन) क़ानून, 2024, की गहन न्यायिक समीक्षा की जानी चाहिए, जोकि सुप्रीम कोर्ट की खंडपीठ ही कर सकती है। पहली ही नज़र में ज़ाहिर होता है कि यह क़ानून अनुच्छेद 25 व 26 का उल्लंघन करता है, विशेषकर अनुच्छेद 26 का, जो न केवल अपने धर्म का स्वतंत्रता से स्वीकार, पालन व प्रसार की अनुमति देता है बल्कि धार्मिक मामलों के आत्म-प्रबंधन का अधिकार भी देता है।

यह पूर्ण अधिकार नहीं हैं, लेकिन निश्चितरूप से इतने लचीले भी नहीं हैं कि संशोधन करके धार्मिक संस्थाओं के आत्म-प्रबंधन की स्वायत्तता को बड़ी हद तक छीन लिया जाये। देश की आज़ादी के पहले दो दशकों के दौरान ही सुप्रीम कोर्ट ने रतिलाल गांधी और तिलकायत गोविंदलालजी महाराज मामलों में स्पष्ट कर दिया था कि जो भी कानून धार्मिक संस्थाओं के आत्म-प्रबंधन अधिकार को छीनता है वह असंवैधानिक है। संवैधानिक अधिकार सजावटी नहीं हैं कि क़ानून की किताबों की ज़ीनत बने रहें और व्यवहार में उन्हें आहिस्ता आहिस्ता समाप्त कर दिया जाये। वह राज्य की चालाकी के विरुद्ध मूल रक्षाकवच हैं। संवैधानिक गारंटियों को तोड़ने-मरोड़ने से संविधान की मूल आत्मा पर ही चोट आती है। संशोधित वक्फ क़ानून का सेक्शन 11 तो राज्य वक्फ बोर्ड के गठन में लोकतांत्रिक हिस्सेदारी को ही नष्ट कर देता है। इस प्रावधान के तहत बोर्ड के शत प्रतिशत सदस्य राज्य सरकार नामांकित करेगी, जिससे यह प्रक्रिया नौकरशाही औपचारिकता बनकर रह जायेगी यानी समुदायों को यह अधिकार ही नहीं होगा कि वह अपने प्रतिनिधियों का चयन करें। अगर पूरा बोर्ड सरकार का ही विस्तार बनकर रह जायेगा तो संस्थागत स्वायत्तता कहां रह पायेगी? संशोधित वक्फ क़ानून में यह चिंताजनक आशंका है कि वक्फ बोर्ड के 11 सदस्यों में से न्यूनतम 3 ही मुस्लिम रह सकते हैं। क्या आप ऐसे हिन्दू मंदिर बोर्ड या सिख गुरुद्वारा कमेटी की कल्पना कर सकते हैं जिसके बहुसंख्य सदस्य ग़ैर-हिन्दू या ग़ैर-सिख हों? यह अनुच्छेद 26 के तहत उपलब्ध धार्मिक आत्म-प्रबंधन के विचार का घोर उल्लंघन है। यह संवैधानिक समता व सामुदायिक सम्मान का भी उल्लंघन है। क़ानून सिर्फ़ टेक्स्ट में ही बराबर का नहीं होना चाहिए बल्कि स्पिरिट व एप्लीकेशन में भी बराबर का होना चाहिए। यह न्याय नहीं है कि एक हाथ से अधिकार छीन लिए जाएं और दूसरे से दिखाया जाये कि समता लागू की जा रही है।

संशोधित वक्फ क़ानून में वक्फ बोर्ड के सदस्यों को यह अधिकार नहीं है कि वह अविश्वास प्रस्ताव के माध्यम से बोर्ड के अध्यक्ष को हटा सकें। यह आंतरिक लोकतंत्र व संस्थागत जवाबदेही का खुला उल्लंघन है। बिना जवाबदेही के स्वायत्तता बेकार की बात है, लेकिन बिना स्वायत्तता के जवाबदेही तानाशाही है। पहले यह प्रावधान था कि वक्फ बोर्ड का सीईओ मुस्लिम हो और उसका चयन बोर्ड द्वारा सिफारिश किये गये दो नामों में से किया जाये। अब सेक्शन 15 के ज़रिये इन दोनों ज़रूरतों को हटा दिया गया है। इससे चयन में समुदाय की भूमिका समाप्त हो जाती है और राज्य का नियंत्रण निरंतर बढ़ता चला जाता है। जब ऐसी ही भूमिकाएं अन्य धार्मिक संस्थाओं में समुदाय-केंद्रित और सम्मानित हैं तो फिर एक समुदाय को ही निशाना क्यों बनाया जाये? कर्नाटक हिन्दू धार्मिक संस्थाएं क़ानून, श्री जगन्नाथ मंदिर क़ानून, माता वैष्णो देवी श्राइन क़ानून, तमिलनाडु धार्मिक अक्षय निधि क़ानून, काशी विश्वनाथ मंदिर क़ानून, सिख गुरुद्वारा क़ानून और इस प्रकार के सभी अन्य कानूनों में संबंधित धार्मिक समुदायों की स्वायत्तता को सुरक्षित रखा गया है। इनमें से एक में भी किसी बाहरी की कोई प्रभावी भूमिका नहीं है। तो फिर मुस्लिमों की धार्मिक संस्थाओं से अलग व्यवहार क्यों किया जाये? क्या संवैधानिक समता एक मार्गीय है?

नये वक्फ संशोधन क़ानून के प्रावधानों में इससे भी अधिक अन्य अनेक कमियां हैं, जिसकी वजह से सुप्रीम कोर्ट ने सरकार से स्पष्टीकरण की मांग रखी है। अब देखना यह है कि सरकार क्या जवाब देती है और उसी के बाद अदालत तय करेगी कि यह क़ानून रहेगा या जायेगा या इसमें कुछ और बदलाव होंगे।

**(लेखिका सम-सामयिक विषयों की टिप्पणीकार हैं)**

# विश्व शांति के लिए अहिंसा, शाकाहार, पर्यावरण संरक्षण मैराथन




अहिंसा भारतीय संस्कृति का मूलमंत्र है। यह केवल एक धार्मिक या नैतिक विचार नहीं, बल्कि एक संपूर्ण जीवनदृष्टि है। अहिंसा परमो धर्म: — यह वाक्य भारतीय दर्शन में गहराई से रचा-बसा है। आज के समय में जब समाज में हिंसा, असहिष्णुता और तनाव बढ़ रहे हैं, तब अहिंसा का सिद्धांत और भी अधिक प्रासंगिक हो गया है।

**अहिंसा का अर्थ :** 'अहिंसा' शब्द संस्कृत के 'हिंसा' से बना है, जिसका अर्थ है – हानि पहुँचाना। जब 'अ' उपसर्ग जुड़ता है, तो इसका अर्थ हो जाता है – किसी को भी हानि न पहुँचाना। यह हानि केवल शारीरिक नहीं होती, बल्कि मानसिक, वाचिक (वाणी द्वारा), और भावनात्मक भी हो सकती है। इस प्रकार, अहिंसा का व्यापक अर्थ है – किसी भी जीव के प्रति द्वेष, क्रोध, या पीड़ा की भावना न रखना।

**महात्मा गांधी और अहिंसा :** महात्मा गांधी ने अहिंसा को केवल एक नैतिक सिद्धांत न मानकर, एक क्रांतिकारी अस्त्र बनाया। उनके नेतृत्व में अहिंसा के बल पर भारत ने आज़ादी की लड़ाई लड़ी। वे मानते थे कि अहिंसा कायरों का हथियार नहीं, बल्कि साहसी लोगों का धर्म है।

**अहिंसा का आधुनिक संदर्भ :** आज विश्व अनेक समस्याओं से जूझ रहा है – आतंकवाद, युद्ध, हिंसा, घरेलू कलह, असहिष्णुता। इन सभी का समाधान अहिंसा में है। यदि समाज के हर वर्ग में सहनशीलता, करुणा और संवाद की भावना हो, तो हम एक शांतिपूर्ण और समरस समाज की स्थापना कर सकते हैं।

**अहिंसा और शाकाहार :** शुद्ध अहिंसा का पालन शाकाहारी जीवनशैली से ही संभव है। मांसाहार में किसी न किसी जीव की हत्या शामिल होती है। यदि हम सचमुच किसी भी प्राणी को हानि नहीं पहुँचाना चाहते, तो शाकाहार ही अहिंसा की सही अभिव्यक्ति है।

**निष्कर्ष :** अहिंसा केवल एक विचार नहीं, एक व्यावहारिक जीवनपद्धति है। यह प्रेम, करुणा, सहनशीलता और समता की भावना को बढ़ावा देती है। एक अहिंसक समाज ही सच्चे अर्थों में उन्नत, सभ्य और विकसित कहा जा सकता है। आज आवश्यकता है कि हम इस सिद्धांत को केवल पढ़ें या सुनें नहीं, बल्कि अपने जीवन में उतारें।

**संदेश :** यदि विश्व को बचाना है, तो हमें अहिंसा को अपनाना होगा। अहिंसा में ही मानवता का भविष्य सुरक्षित है।

### अहिंसा के प्रकार

**शारीरिक अहिंसा** – किसी भी व्यक्ति या प्राणी को मारना, चोट पहुँचाना, या शारीरिक कष्ट देना इसका उल्लंघन है।
**मानसिक अहिंसा** – द्वेष, घृणा, ईर्ष्या या बुरी भावना रखना मानसिक अहिंसा है।
**वाचिक अहिंसा** – कटु शब्द, अपशब्द, या अपमानजनक भाषा का प्रयोग करना वाणी से हिंसा करना है।

### अहिंसा का धार्मिक महत्व

**जैन धर्म :** अहिंसा इसकी मूल आत्मा है। भगवान महावीर ने कहा था कि सब जीव समान हैं, उन्हें पीड़ा पहुँचाना अधर्म है।
**बौद्ध धर्म :** गौतम बुद्ध ने करुणा और मैत्री पर आधारित अहिंसा का प्रचार किया।
**हिन्दू धर्म :** भगवद्गीता में भी युद्ध के बावजूद कृष्ण ने अर्जुन को कर्म में संयम और दया का संदेश दिया।

### अहिंसा के लाभ

**व्यक्तिगत स्तर पर** – मन में शांति, विचारों में शुद्धता और स्वास्थ्य में सुधार होता है।
**सामाजिक स्तर पर** – सहिष्णुता, भाईचारा और सहयोग की भावना बढ़ती है।
**राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर** – युद्ध और संघर्षों में कमी, शांति और विकास की संभावनाएँ बढ़ती हैं।

**दैनिक विनय उजाला**



**वीरेन्द्र कुमार जैन**
**संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष**
**अ भा जैन श्वेताम्बर सोश्यल ग्रुप्स फेडरेशन**

# धार में ऐतिहासिक अखिल भारतीय कवि सम्मेलन




विनय उजाला

**धार, निप्र। नगर पालिका परिषद के तत्वावधान तथा शिव शैलेन्द्र यादव (कविराज) के संयोजन में आयोजित श्री खेड़ापति हनुमान मेला उत्सव के अन्तर्गत मन्दिर के विशाल मेला प्रांगण में दिनांक 18 अप्रैल 2025 को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन सम्पन्न हुआ।**

रात्रि दस बजे से प्रारंभ हुआ कवि सम्मेलन देर-रात ढाई बजे तक पूरे जोश पर बना रहा और ऐतिहासिक स्वरूप में सिद्ध हुआ। यह कवि सम्मेलन आदर्श और अद्भुत कवि सम्मेलन हुआ जिसमें न तो चुटकुले बाजी हुई और न श्रृंगारिक गीतों के नाम पर फूहड़ता ही हुई। शुद्ध साहित्यिक रचनाएं प्रस्तुत की गई।

कवि सम्मेलन का शुभारम्भ छत्तीसगढ़ से आमंत्रित कवयित्री, कोकिल कण्ठी माधुरी किरण द्वारा प्रस्तुत सस्वर सरस्वती वंदना से हुआ।

इसके पश्चात कवि सम्मेलन के मंच पर विराजित कवियों ने अपने उत्कृष्ट काव्यपाठ से बहुत बड़ी संख्या में उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर बार ताली बजाकर दाद देने के लिए विवश कर दिया। नाथद्वारा राजस्था से पधारे कविवर गिरीश विद्रोही ने अपने काव्यपाठ से अपनी वरिष्ठता का परिचय दिया। ओम जी बम्बई ने ...अब वक्त आ गया है ना पत्थर उठाइए, तिरंगा उठाइये या लाहोर जाइए गीत पढ़कर कटाक्ष किया। कवयित्री माधुरी किरण ने...ग़रीब मां भी बच्चों को पाल लेती है। भावपूरित ग़ज़ल पढ़ी। कवि राहुल शर्मा शाजापुर ने उनकी रचना में बंगला देश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार पर आक्रोश जताया। माण्डव के कवि पंकज प्रसून ने ... मेरे राम तुम्हें नमन गीत प्रस्तुत किया। ब्रजमोहन शर्मा बृज ने हास्य व्यंग्य के छन्द प्रस्तुत किए। कवि सम्मेलन के सूत्रधार शिव शैलेन्द्र यादव ने ...भगत सिंह राजगुरु सुख देव का बलिदान जिन्दा है । शहीदों की शहादत से ये हिन्दुस्तान ज़िंदा है। रचना प्रस्तुत की। गीतकार शरद जोशी शलभ ने...सत्य सबको ही सदा स्वीकार होना चाहिए। सबको ही इन्सानियत से प्यार होना चाहिए, रचना अत्यंत ही ओजस्वी स्वर में प्रस्तुत कर खूब दाद बटोरी। महेश दांगी धार ने कवि सम्मेलन को हास्य रंग से सराबोर कर दिया।

कवि सम्मेलन का सफल संचालन करते हुए हरीश हंगामा ने...मोदी के बाद योगी की बारी है रचना से कवि सम्मेलन को सार्थकता प्रदान की। अंत में सेवा निवृत जल सेना कर्नल ओम प्रकाश जी यादव ने सामूहिक रूप से तिरंगा लहराते हुए, ए मेरे वतन के लोगों गीत से कवि सम्मेलन को देशभक्ति भावना से ओत प्रोत कर दिया। कार्यक्रम का फिल्मांकन प्रेस फोटोग्राफर श्री हृदय मुकाती एवं श्रीमती अर्चना मुकाती ने किया।

# वित्त वर्ष 2025 में एनएसई के 84 लाख नए खातों में ग्रो का 40% योगदान

विनय उजाला

**मुंबई। निवेशकों की बदलती प्राथमिकताओं के स्पष्ट संकेत के रूप में ग्रो वित्त वर्ष 2025 में भारत में सबसे तेजी से बढ़ते खुदरा ब्रोकिंग प्लेटफॉर्म के रूप में उभरा है, जिसने पिछले वर्ष के दौरान अपनी बाजार हिस्सेदारी और ग्राहक आधार में लगातार विस्तार किया है।**

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के आंकड़ों के अनुसार, ग्रो के सक्रिय ग्राहक मार्च 2024 में 9.5 मिलियन से बढ़कर फरवरी 2025 में 13.01 मिलियन हो गए, जो सालाना आधार पर लगभग 37% की वृद्धि दर्शाता है। इसी अवधि के दौरान, एनएसई पर सक्रिय डीमैट खातों की कुल संख्या 20% बढ़कर 40.8 मिलियन से 48.96 मिलियन हो गई। ग्रो ने कुल शुद्ध वृद्धि में लगभग 43% का योगदान दिया, जो इकोसिस्टम में इसकी बढ़ती प्रमुखता को दर्शाता है।

प्लेटफॉर्म की बाजार हिस्सेदारी मार्च 2024 में 23.28त्न से बढ़कर फरवरी 2025 तक 26.57त्न हो गई। फरवरी 2025 को छोड़कर, जब समग्र डीमैट बेस में थोड़ी कमी आई थी, ग्रो ने पूरी अवधि में बाजार हिस्सेदारी में लगातार सकारात्मक मासिक आधार पर वृद्धि दर्ज की। औसतन, ग्रो का क्लाइंट बेस मासिक आधार पर 2.92% बढ़ा, जो उद्योग के 1.68% से काफी आगे था।

ग्रो की वृद्धि इसके मोबाइल-प्रथम दृष्टिकोण और सरलीकृत यूजर्स अनुभव पर आधारित प्रतीत होती है, जो कारक खुदरा निवेशकों के बढ़ते आधार के साथ प्रतिध्वनित हो रहे हैं, विशेष रूप से टियर दूसरे, तीसरे और चौथे शहरों में। पूरे वर्ष के दौरान प्लेटफॉर्म का स्थिर प्रदर्शन एक सुसंगत अधिग्रहण रणनीति का भी संकेत देता है, जिसे इसके डिजिटल नेटिव बुनियादी ढांचे और निवेशक शिक्षा पर जोर द्वारा समर्थन प्राप्त है।

व्यापक उद्योग प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि स्वयं करें (DIY) निवेश युवा निवेशकों के बीच लोकप्रिय हो रहा है, जो पहुँच में आसानी, पारदर्शिता और ऑनबोर्डिंग को प्राथमिकता देते हैं। ऐसे प्लेटफॉर्म जो इस सेगमेंट को पूरा करते हैं उनमें सहज ज्ञान युक्त इंटरफेस और बुनियादी शैक्षिक सामग्री प्रदान करके पारंपरिक ब्रोकिंग मॉडल पर तेजी से पसंद किए जा रहे हैं।

### कम तेल सेवन से... बड़ा बदलाव

# वर्ल्ड लिवर डे पर पीएम ने की सेहतमंद भारत बनाने की अपील

नई दिल्ली, एजेंसी

**आज वर्ल्ड लिवर डे के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी ने लोगों से स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और ध्यानपूर्वक खाना खाने की अपील की। पीएम मोदी ने लोगों को मोटापे की समस्या के प्रति भी जागरूक किया।**

दरअसल वर्ल्ड लिवर डे (विश्व यकृत दिवस) के अवसर पर स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक मुहिम शुरू की है, जिसमें लोगों से अपने खाने में 10 प्रतिशत तेल कम करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने की अपील की। स्वास्थ्य मंत्रालय ने इसे लेकर सोशल मीडिया पोस्ट किया, जिस पर स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा ने प्रतिक्रिया दी। नड्डा ने लिखा कि छोटे कदम बड़ा बदलाव ला सकते हैं अगर हम खाने को दवाई की तरह खाएं।



**मोटापे का समाज पर गहरा असर पड़ रहा**

प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान के बाद मोटापे को लेकर भी जागरूकता बढ़ाई जा रही है क्योंकि मोटापे का समाज पर गहरा असर पड़ रहा है। नड्डा के ट्वीट पर पीएम मोदी ने लिखा कि वर्ल्ड लिवर डे मनाने का यह अच्छा तरीका है। हम मोटापे के खिलाफ जागरूकता लाकर एक स्वस्थ भारत बना सकते हैं।

पीएम मोदी ने इससे पहले फरवरी में भी मोटापे के प्रति लोगों को जागरूक किया था और उन्होंने इस बारे में और जागरूकता फैलाने के लिए 10 लोगों को नामित किया था। जिन लोगों को नामित किया गया था, उनमें महिंद्रा समूह के चेयरमैन आनंद महिंद्रा, आजमगढ़ से पूर्व भाजपा सांसद और भोजपुरी अभिनेता दिनेश लाल यादव निरहुआ, एथलीट मनु भाकर, एथलीट मीराबाई चानू, मलयालम फिल्मों के दिग्गज अभिनेता मोहनलाल, इंफोसिस के सह-संस्थापक नंदन नीलेकणि, जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, हिंदी और तमिल फिल्मों के अभिनेता आर. माधवन, प्रसिद्ध पार्श्व गायिका श्रेया घोषाल और इंफोसिस की संस्थापक और राज्यसभा सांसद सुधा मूर्ति इसमें शामिल हैं।

लिवर शरीर का एक बहुत ही महत्वपूर्ण अंग है जो मेटाबोलिज्म को ठीक रखने, विषैले पदार्थों को बाहर निकालने, पाचन और कई अन्य कार्यों में अहम भूमिका निभाता है। हर साल 19 अप्रैल को विश्व लिवर दिवस मनाया जाता है ताकि लोगों को लिवर की सेहत के प्रति जागरूक किया जा सके।

# 60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंधे भाजपा नेता, पार्टी सहयोगी का थामा हाथ

कोलकाता, एजेंसी

प.बंगाल भाजपा के पूर्व अध्यक्ष दिलीप घोष 60 साल की उम्र में शादी के बंधन में बंध गए। उन्होंने अपनी भाजपा की सहयोगी रिंकू मजूमदार से शादी की है।

60 वर्षीय भाजपा नेता अब तक अविवाहित थे। जानकारी के अनुसार दोनों की मुलाकात सुबह की सैर के दौरान हुई और समय के साथ उनका रिश्ता मजबूत होता गया। न्यू टाउन में एक निजी समारोह में दोनों की शादी हुई, जिसमें करीबी रिश्तेदार शामिल हुए। कहा यह भी जा रहा है कि शादी का प्रस्ताव दुल्हन पक्ष की ओर से दिया गया था। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार समेत वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने सुबह घोष के न्यू टाउन स्थित आवास पर जाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं।



**मां चाहती थीं कि मैं शादी कर लूं**

इससे पहले दिलीप घोष ने एक समाचार चैनल से कहा है कि मेरी मां चाहती थीं कि मैं शादी कर लूं, इसलिए उनकी इच्छा का सम्मान करते हुए मैं विवाह बंधन में बंध रहा हूं। मैं पहले की तरह सक्रिय राजनीति में बना रहूंगा। मेरे निजी जीवन का मेरे राजनीतिक कार्यों पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### शाह बोले- 2 घंटे एक्सरसाइज, 6 घंटे की नींद जरूरी रूटीन बदला, आज सभी दवाओं से मुक्त होकर खड़ा हूं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अगर स्वस्थ्य और फिट रहना है तो उन्हें अपने रूटीन में बदलाव करना होगा। यह बात में अपने पर्सनल एक्सपीरियंस से बोल रहा हूं। अमित शाह ने नई दिल्ली में वर्ल्ड लिवर डे पर इंस्टीट्यूट ऑफ लिवर एंड बिलियरी साइंसेज(आईएलबीएस) के एक कार्यक्रम में ये बातें कहीं।



शाह ने कहा कि देश के युवाओं को अभी 40-50 साल और जीना है और देश की प्रगति में योगदान देना है। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे अपने शरीर के लिए दो घंटे व्यायाम और अपने दिमाग के लिए छह घंटे की नींद रिजर्व करें। लिवर डे पर आयोजित इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी मौजूद रहे। लिवर डे पर आयोजित इस कार्यक्रम में गृह मंत्री अमित शाह के अलावा दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता और उपराज्यपाल वीके सक्सेना भी मौजूद रहे। शाह बोले- आज किसी भी तरह की दवा की जरूरत नहीं अमित शाह ने कहा, मई 2020 से लेकर आज तक मैंने अपने जीवन में बहुत बड़ा बदलाव किया। आवश्यक मात्रा में नींद, पानी और आहार और नियमित व्यायाम ने मुझे बहुत कुछ दिया है। आज में आपके सामने किसी भी तरह की एलोपैथिक दवा और इंसुलिन से मुक्त होकर खड़ा हूं। यह मेरा अपना अनुभव है। मैं आज यहां इस अनुभव को साझा करने आया हूं।

### तेलंगाना में विहिप कार्यकर्ताओं का प्रदर्शन पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग

**हैदराबाद, (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल के हिंदू समुदाय को निशाना बनाए जाने के विरोध में विश्व हिंदू परिषद् (विहिप) के राष्ट्रव्यापी प्रदर्शन के दौरान शनिवार को तेलंगाना के दिलसुखनगर में संगठन के कार्यकर्ताओं ने पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग की। विहिप कार्यकर्ताओं ने राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति से निबटने में विफल रहने का आरोप लगाते हुए पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का पुतला जलाया।

पश्चिम बंगाल में संशोधित वक्फ कानून के खिलाफ हिंसक प्रदर्शन के दौरान व्यापक रूप से हिंदू समुदाय को निशाना बनाया गया। विहिप कार्यकर्ताओं ने दिलसुखनगर में प्रदर्शन किया और मांग की कि केंद्र सरकार पश्चिम बंगाल में हिंसा के मद्देनजर राज्य में राष्ट्रपति शासन लगाए। विहिप का कहना है कि ममता बनर्जी दंगाइयों के खिलाफ कार्रवाई करने में पूरी तरह विफल रहीं। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता रविनुतला शशिधर ने कहा कि पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को निशाना बनाकर बड़े पैमाने पर हिंसा हो रही है। हजारों हिंदू परिवार अपने ही राज्य में बेघर हो गए हैं। पश्चिम बंगाल की राज्य सरकार दंगा प्रभावितों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में विफल रही है। उन्होंने कहा कि हिंसा की घटनाओं की जांच एनआईए से कराई जानी चाहिए और दोषियों को तुरंत सजा मिलनी चाहिए। कानून व्यवस्था की स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पश्चिम बंगाल में केंद्रीय सुरक्षा बलों की तैनाती की जानी चाहिए और बांग्लादेशी व रोहिंग्या घुसपैठियों की पहचान कर उन्हें वापस भेजा जाना चाहिए। साथ ही बंगाल और बांग्लादेश के बीच 450 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ लगाने का काम तुरंत शुरू किया जाना चाहिए।

### मांडविया बने पुडुचेरी विधानसभा चुनाव के लिए प्रभारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी का चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। पुडुचेरी विधानसभा का कार्यकाल अगले वर्ष 15 जून को समाप्त हो रहा है। वर्तमान में पुडुचेरी केंद्रशासित प्रदेश में ऑल इंडिया एनआर कांग्रेस गठबंधन की सरकार है, जिसमें भाजपा भी शामिल है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने बताया, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आगामी पुडुचेरी विधानसभा चुनावों के लिए केंद्रीय मंत्री मनसुख मांडविया को चुनाव प्रभारी और केंद्रीय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल को सह-प्रभारी नियुक्त किया है। उन्होंने बताया कि ये नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। मनसुख मांडविया वर्तमान में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री हैं। वहीं अर्जुन राम मेघवाल केंद्रीय कानून और न्याय मंत्री हैं।



### पूर्व कांग्रेस विधायक संग्राम थोपटे ने पार्टी से दिया इस्तीफा

**पुणे, एजेंसी।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में भोर निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक संग्राम थोपटे ने पार्टी से इस्तीफा दे दिया है। वहीं उनके भाजपा में शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। बता दें कि, संग्राम थोपटे भोर विधानसभा क्षेत्र से तीन बार विधायक रह चुके हैं। जबकि उनका परिवार कांग्रेस की परंपरा से जुड़ा है, पार्टी के दिग्गज अनंतराव थोपटे के बेटे हैं, जिन्होंने छह बार भोर का प्रतिनिधित्व किया था। संग्राम थोपटे ने बताया, मैंने अपना इस्तीफा राज्य कांग्रेस अध्यक्ष हर्षवर्धन सपकाल और महाराष्ट्र प्रभारी रमेश चेन्निथला को सौंप दिया है। उन्होंने शुक्रवार को इस्तीफा दे दिया और अपने सोशल मीडिया हैंडल पर अपनी कवर इमेज से कांग्रेस का लोगो हटा दिया।



### कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने भाजपा को घेरा

# नेशनल हेराल्ड की संपत्ति जब्त को करना बदले की भावना की कार्रवाई

नई दिल्ली, एजेंसी

**कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने पार्टी की बैठक में केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि- ईडी की चार्जशीट में सोनिया गांधी, राहुल गांधी का नाम और नेशनल हेराल्ड की संपत्तियां जब्त करना- यह सब बदले की भावना से किया गया है।**

वहीं कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने राजधानी दिल्ली के इंदिरा भवन में सभी महासचिवों, प्रभारियों और सभी फ्रंटल संगठनों के प्रमुखों की बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल और कांग्रेस नेता अजय माकन भी मौजूद रहे।

### हम डरने वाले नहीं है

इस दौरान कांग्रेस अध्यक्ष ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि- सभी ने देखा कैसे बड़े षड्यंत्र के तहत नेशनल हेराल्ड मामले में सीपीपी चेयरपर्सन सोनिया गांधी और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का नाम चार्जशीट में डाल दिया गया है। ये लोग किसी का भी नाम डाल दें, हम डरनेवाले नहीं हैं। इसके दो दिन पहले ही नेशनल हेराल्ड की दिल्ली, लखनऊ और मुंबई की संपत्तियों को अटैच कर दिया गया।



**वक्फ बिल का इंडिया गठबंधन के दलों ने किया विरोध**

लोक सभा चुनाव के पहले हमारे खाते बंद किए गए, फिर भी हमारा संख्या बल जनता ने लोक सभा में दो गुना कर दिया। हमारी लड़ाई कमजोर नहीं पड़ी। सरकार के वक्फ संशोधन बिल के खिलाफ कांग्रेस पार्टी ने पूरे विपक्ष को एकत्र किया और बिल का विरोध किया। सभी इंडिया दल के लोगों ने साथ दिया। सुप्रीम कोर्ट इस मामले की सुनवाई कर रहा है। मुझे खुशी है कि कांग्रेस और विपक्ष के दूसरे दलों ने जिन बिंदुओं को रखा था, सुप्रीम कोर्ट ने उनको महत्व दिया है।

### भाजपा के लोग झूठ बोलकर जनता को कर रहें गुमराह

उन्होंने आगे कहा कि, इसमें कोई शक नहीं कि यह सब बदले की भावना से किया जा रहा है। यंग इंडियन, लाभ के लिए नहीं' कंपनी है। इसका मतलब यह है कि एजेएल के शेयर और संपत्ति या लाभ को ना तो कोई ले सकता है और ना ही ट्रांसफर कर सकता है। भाजपा के लोग झूठ बोलकर लोगों को गुमराह कर रहे हैं। हमें जनता को सच बताना होगा।

### ईडी की कार्रवाई संयोग नहीं है

यह महज संयोग नहीं हो सकता कि एक तरफ हमारा एआईसीसी का अहमदाबाद अधिवेशन हो रहा हो और उसके तत्काल बाद ईडी की इतनी बड़ी कार्रवाई हो रही हो। मैं यहां आपको याद दिला दूं कि मेरे नेतृत्व में जब रायपुर में कांग्रेस महाधिवेशन हुआ था तो पीएम मोदी ने वहां भी उसे फेल करने के लिए हमारे नेताओं के ऊपर ईडी, सीबीआई को लगा कर रेड कराई। उनकी मंशा थी कि सेशन न होने पाए। फिर भी ये हुआ।

# नौवीं बार बीजेडी चीफ बने 78 वर्षीय नवीन पटनायक

### भाजपा के झूठ की पोल खोलने का आह्वान



भुवनेश्वर, एजेंसी

ओडिशा के पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक शनिवार को लगातार नौवीं बार बीजद के अध्यक्ष चुने गए। इस पद के लिए एकमात्र उम्मीदवार पटनायक को भुवनेश्वर में आयोजित पार्टी मुख्यालय शंख भवन में पार्टी की राज्य परिषद की बैठक के दौरान सर्वसम्मति से चुना गया। अध्यक्ष पद पर चुने के बाद अपने पहले भाषण में नवीन पटनायक ने पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा, बीजेडी की संगठनात्मक ताकत को कोई कम न आंके। हमारे कार्यकर्ताओं का जोश और समर्पण ही हमारी असली ताकत है। हम सत्ता में रहें या नहीं, हमारा लक्ष्य हमेशा लोगों की सेवा रहेगा।

इस दौरान नवीन पटनायक ने 2000 से 2024 तक के समय को ओडिशा के विकास का स्वर्णिम युग बताया और कहा कि बीजेडी की विचारधारा उनके पिता बीजू पटनायक की सोच से प्रेरित है। इस दौरान उन्होंने बीजेपी पर सीधा निशाना और कहा बीजेपी ने झूठे वादों के आधार पर सत्ता हासिल की है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि वे सोशल मीडिया का इस्तेमाल करते हुए सच्चाई को जनता तक पहुंचाएं।

**सबको साथ लेकर चलने का संदेश**

नवीन पटनायक ने कहा कि नई टीम बनाई जाएगी जिसमें समाज के हर वर्ग- महिलाएं, किसान, युवा, श्रमिक, आदिवासी- को उचित प्रतिनिधित्व मिलेगा। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि बीजेडी किसी भी हाल में ओडिशा के हितों से समझौता नहीं करेगी, चाहे केंद्र सरकार हो या कोई और। ओडिशा का गौरव और यहां के लोगों के अधिकार हमारे लिए सर्वोपरि हैं। हम हर गांव और हर शहर तक अपनी सेवा का संदेश पहुंचाएंगे।

# एमडीएमके नेता दुरई वाइको ने छोड़ा प्रधान सचिव का पद

चेन्नई, एजेंसी

तमिलनाडु की क्षेत्रीय पार्टी एमडीएमके में सबकुछ सही नहीं है और ऐसे संकेत मिले हैं कि पार्टी आंतरिक कलह से जूझ रही है। दरअसल पार्टी के संस्थापक वाइको के बेटे दुरई वाइको ने पार्टी के प्रधान सचिव का पद छोड़ दिया है। दुरई वाइको तमिलनाडु की तिरुचिरापल्ली लोकसभा सीट से सांसद हैं। दुरई वाइको ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में अपने इस्तीफे का एलान किया।

वाइको ने लिखा है कि पार्टी के ही एक नेता उनके इस्तीफे के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि चार साल पहले जब मैंने प्रधान सचिव का पद संभाला था तो उस व्यक्ति इससे खुश नहीं था और वह बीते चार वर्षों से पार्टी और इसके नेतृत्व के खिलाफ आरोप लगा रहा था। दुरई ने लिखा कि मैं अब ऐसे व्यक्ति के बीच पार्टी के प्रधान सचिव का पद नहीं संभाल सकता। इसलिए मैं पद छोड़ रहा हूं। दुरई ने हालांकि ये साफ किया कि वे रविवार को होने वाली प्रशासनिक परिषद की बैठक में शामिल होंगे, लेकिन भविष्य में ऐसी अहम बैठकों से दूरी बनाकर रखेंगे। हालांकि दुरई वाइको ने उस व्यक्ति के नाम का खुलासा नहीं किया।



### हम हिंदी थोपे जाने के खिलाफ : उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र में नई शिक्षा नीति को लेकर जारी विवाद के बीच शनिवार को शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में हिंदी भाषा को जबरन लागू नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने साफ किया कि उन्हें हिंदी भाषा से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसका जबरदस्ती थोपना ठीक नहीं है। मुंबई में भारतीय कामगार सेना के एक कार्यक्रम में उद्धव ठाकरे ने राज्य सरकार के फैसले का विरोध करते हुए कहा कि उन्हें हिंदी भाषा से कोई दिक्कत नहीं है, लेकिन इसे जबरन पढ़ाने का फैसला सही नहीं है। ठाकरे ने कहा कि हम हिंदी से कोई परहेज नहीं है, लेकिन इसे स्कूलों में जबरन क्यों पढ़ाया जा रहा है? यह भाषा की बात नहीं, बल्कि जबरदस्ती की बात है। उन्होंने यह भी कहा कि महाराष्ट्र की मातृभाषा मराठी है और उसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हम हिंदी के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन इसे बच्चों पर क्यों थोपा जा रहा है? महाराष्ट्र की अपनी मातृभाषा मराठी है और उसे सबसे पहले प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

### परदादा नेहरू को लेकर बोले राहुल गांधी

# उन्होंने हमें डर का सामना कर और सच्चाई के लिए खड़ा होना सिखाया

नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शनिवार को कहा कि भारत के पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू को सबसे बड़ी विरासत भारतीयों को उत्पीड़न का विरोध करने और स्वतंत्रता का दावा करने का साहस देना था। उन्होंने कहा कि उन्हें अपने परदादा - से सत्य और साहस विरासत में मिला है। राहुल गांधी ने यह बात पार्टी नेता संदीप दीक्षित के साथ एक बातचीत के दौरान कही, जो उनके सोशल मीडिया साइट एक्स हैंडल और यूट्यूब चैनल पर पोस्ट की गई। यह बातचीत एक पॉडकास्ट स्टाइल वीडियो में सच और हिम्मत - नेहरू से जो मैंने विरासत में पाया नाम के शीर्षक से साझा की गई है।



राहुल गांधी ने कहा, नेहरू ने हमें राजनीति नहीं सिखाई, बल्कि हमें डर का सामना करना और सच के लिए खड़ा होना सिखाया। उन्होंने भारतीयों को अत्याचार का विरोध करने और आखिरकार स्वतंत्रता हासिल करने की हिम्मत दी। उन्होंने आगे कहा, नेहरू की सबसे बड़ी विरासत थी सच की निरंतर खोज - यही सिद्धांत उनके पूरे जीवन को आकार देता था।

**राहुल ने नेहरू के निजी किस्से भी किए साझा**

राहुल गांधी ने अपने बचपन की यादें साझा करते हुए बताया कि उनकी दादी इंदिरा गांधी ने उन्हें नेहरू से जुड़े कई किस्से सुनाए थे। उन्होंने बताया, दादी ने बताया कि कैसे नेहरू पहाड़ों में घूमते हुए लगभग एक ग्लेशियर में गिर गए थे, कैसे जानवर उनके परिवार का हिस्सा थे और कैसे उन्होंने कभी व्यायाम छोड़ना नहीं सीखा। उन्होंने आगे लिखा, मेरी मां आज भी बगीचे में बैठकर पक्षियों को निहारती हैं। मैं जुडो करता हूं। ये सिर्फ शौक नहीं हैं, ये हमारे स्वभाव का हिस्सा हैं। हम दुनिया को ध्यान से देखते हैं, उससे जुड़े रहते हैं और चुनौतियों का सामना शांत शक्ति से करते हैं।

### क्या साथ आएंगे उद्धव-राज ठाकरे?

# किसी बड़ी बात के आगे हमारे झगड़े बहुत छोटे : राज ठाकरे

मुंबई, एजेंसी

**महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के अध्यक्ष राज ठाकरे से फिल्म निर्देशक और अभिनेता महेश मांजरेकर ने यूट्यूब चैनल के इंटरव्यू में पूछा था कि क्या वे भविष्य में कभी उद्धव ठाकरे के साथ गठबंधन कर सकते हैं? इस पर राज ठाकरे ने कहा, किसी भी बड़ी बात के सामने हमारे विवाद या हमारे झगड़े बहुत छोटे हैं।**

महाराष्ट्र बहुत बड़ा है। महाराष्ट्र के अस्तित्व, मराठी लोगों के अस्तित्व के सामने ये झगड़े और विवाद बहुत ही मामूली हैं। मुझे नहीं लगता कि साथ आने या साथ रहने में कोई मुश्किल है, लेकिन मुद्दा केवल इच्छा का है। हमें लार्जर पिक्चर देखनी चाहिए, मैं वही देख रहा हूं। मैं तो चाहता हूं कि महाराष्ट्र के सभी राजनीतिक दलों से जुड़े सभी मराठी लोग एक साथ आएं और एक पार्टी बनाएं।

उनसे पूछा गया कि शिवसेना से शिंदे गुट की बगावत और पार्टी में टूट पर क्या कहेंगे, तो राज ठाकरे ने कहा, मैं दूसरों की मेहनत पर अपनी लकीर नहीं पिटता। शिंदे का अलग होना और विधायकों के साथ बाहर जाना एक अलग तरह की राजनीति का हिस्सा है। जब मैंने शिवसेना छोड़ी तो कई विधायक और सांसद मेरे पास आए। तब भी मैं ऐसा करने में सक्षम था, लेकिन मैं बालासाहेब के अलावा किसी और के अधीन काम नहीं कर सकता। मैं उस समय शिवसेना में था। उद्धव के साथ काम करने में मेरे कोई समस्या नहीं थी, लेकिन क्या सामने वाला व्यक्ति चाहता था कि मैं उसके साथ काम करूं?



**मराठा राजनीति में बड़े बदलाव के संकेत**

इंटरव्यू के दौरान बालासाहेब ठाकरे के भतीजे राज ठाकरे ने कहा, जब वे शिवसेना में थे तो उन्हें उद्धव के साथ काम करने में आपत्ति नहीं थी। सवाल यह है कि क्या दूसरा पक्ष भी उनके साथ काम करना चाहता है। वे ऐसी चीजों में अपने अहंकार को आड़े नहीं आने देता। उन्होंने भाजपा के साथ गठजोड़ के सवाल पर कहा कि उनके साथ जाना राजनीतिक फैसला हो सकता है, लेकिन हम दोनों की विचारधारा अलग है। हालांकि राजनीति में चीजें बहुत जल्दी बदलती भी है।

### महाराष्ट्र विधानसभा में कैसी है उद्धव और राज की सियासी ताकत

राज ठाकरे के इस बयान को लगभग दो दशकों के बाद महाराष्ट्र की राजनीति में बड़े बदलाव का संकेत माना जा रहा है। उद्धव के बयान के बाद पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने भी कहा कि उनकी तरफ से महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के साथ झगड़े जैसी कोई स्थिति नहीं है। जब उद्धव को शिवसेना का उत्तराधिकारी घोषित किया गया, तब राज ठाकरे ने नवंबर, 2005 में मनसे का गठन किया था। इसके बाद दोनों दलों के रिश्ते तल्ख रहे हैं। यह भी दिलचस्प है कि 288 सदस्यीय महाराष्ट्र विधानसभा में 2024 के आम चुनाव में उद्धव ठाकरे की पार्टी को महज 20 सीटों से संतोष करना पड़ा तो राज की पार्टी-मनसे का खाता भी नहीं खुला।

## संक्षिप्त समाचार

### बाल सखा को किया सम्मानित



**उज्जैन, निप्र।** बचपन के दोस्त जहां हंसी और यादें कभी खत्म नहीं होती बचपन के दोस्तों के साथ समय रुक जाता है और बंधन हमेशा के लिए बना रहता है। पुस्तकें माध्यमिक विद्यालय भागसीपुर के पूर्व छात्र-छात्राओं ने अपने बाल सखा राष्ट्रपति अवार्ड से सम्मानित प्रधानाध्यापक राकेश भार्गव की सेवानिवृत्ति पर शाल, श्रीफल, दुपट्टा और माला पहनाकर सम्मानित किया। उक्त जानकारी देते हुए कार्यक्रम के संयोजक प्रतिभा कोठारी एवं ज्योति मेवाड़ी ने बताया कि राकेश भार्गव ने शिक्षा के क्षेत्र में देश के शिखर सम्मान को प्राप्त कर हम सभी को गौरवान्वित किया है। इसके अतिरिक्त दिव्यांगजनों की सेवा में भी अपनी अहम भूमिका निभाई है। कार्यक्रम में पंडित राजेश जोशी, नर्सिंग ईनानी, आरजी पाठक, बसंत गुरु नानी, प्रवीण मेंडले, प्रमोद गुप्ता, अनूप चौहान, रेनू ईनानी, प्रीति भार्गव आदि ने भी भार्गव का सम्मान किया।

### गोशाला में कांठेड परिवार की ओर से गायो को खिलाये तरबुज



**नागदा जं., निप्र।** इस भीषण गर्मी में इंसानो के साथ ही मुक पशुओं को भी ठंडा व रसयुक्त आहार मिल जाय तो इससे बड़ा धर्म व पुण्य लाभ हो ही नहीं सकता। ऐसा ही शुभ कार्य शनिवार सुबह 9.30 बजे नवकार सोश्यल ग्रुप के बेनर तले लाभार्थी परिवार मनोहरलाल रविकुमार कांठेड़ परिवार की ओर से लेकोडिया स्थित गोशाला की गोमाताओं को ताजे तरबुजो का आहार करवा कर किया गया। सर्वप्रथम गोशाला स्थित राधाकृष्ण मंदिर में देव दर्शन किये व गोमाता की पुजन के पश्चात् उपस्थित सदस्य राजेश सकलेचा, राकेश ओरा, प्रतीक चपलोत, पंकज सोनी आदि सदस्यो ने सभी गोमाताओ को तरबुज खिलाये। इस मौके पर नवकार सोश्यल ग्रुप द्वारा लाभार्थी परिवार श्री कांठैड़ की अनुमोदना करी।

### ग्रेसिम द्वारा टकरावदा तालाब का पानी शिफ्ट की तैयारी

**नागदा जं., निप्र।** चंबल नदी के कैचमेंटएरिया में लगातार गिरते जलस्तर को लेकर अभी तक स्थानीय प्रशासन द्वारा पानी को सहेजने के लिए कोई विशेष प्रबंध नहीं किए गए है जिससे गर्मी के दिनों में जलसंकट की संभावनाओं से इंकार नहीं किया जा सकता है डब्ल्यूआरडी द्वारा जलवाल और टकरावदा तालाब में 50-50 एमसीएफटी पानी संग्रहित होने की बात कहीं जा रही है लेकिन चंबल नदी से रेलवे, नगरपालिका नागदा एवं खाचरौद, ग्रेसिम के अलावा 22 गांवों के लिए प्रतिदिन लगभग 2.5 से 3 एमसीएफटी पानी की खपत हो रही है वहीं चंबल नदी के किनारे पर बसे गांव में प्रतिदिन सिंचाई में पानी उपयोग किया जा रहा है जिससे चंबल नदी का जलस्तर लगातार गिरता जा रहा है अब ग्रेसिम उद्योग प्रबंधन द्वारा पाईप लाईन के माध्यम से टकरावदा तालाब के पानी को चंबल नदी में शिफ्ट करने की तैयारियां की जा रही है जिससे काफी हद तक पेयजल की समस्या का समाधान होगा।

### नायन डेम से रेत निकालने के प्रयास

**नागदा जं., निप्र।** चंबल नदी के नायन डेम में पानी का जलस्तर कम होने से काले सोने पर रेत माफियाओं ने नजर पड़ गई, अब काले सोने को चुराने के लिए दिनरात जतन किए जा रहे है, लेकिन कहीं ग्रामीणजन तो कहीं प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यवाही के डर से माफिया द्वारा रात्रि के समय में अत्याधुनिक संसाधनों की मदद से रेत निकाली जा रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार नायन डेम में लगभग 50 लाख रुपए की रेत स्टॉक है जिसको निकालने के लिए जनत किए जा रहे है।

### तेज हवा से सोलर लाईट अस्तव्यस्त हुई

**नागदा जं., निप्र।** नगरपालिका द्वारा मेहतवास में स्थायी गोशाला का निर्माण किया जा रहा है जिसमें लैंक्सेस उद्योग के सहयोग से 21 सोलर लाईट लगाने का कार्य जारी है पिछले दो दिन पहले आई तेज आंधी और हवा के कारण 21 में 4 पोल क्षतिग्रस्त हो गई जिसमें कुछ पोल दीवाला का सहारा लेकर खड़े है जबकि आधा दर्जन से अधिक पोल पर सोलर लाईट नहीं लगी है।

# डॉ. अम्बेडकर ने न्यायपूर्ण राष्ट्र का आधार प्रदान किया : गुर्जर

विनय उजाला



**नागदा जं., निप्र।** संविधान विरोधी शक्तियों से जो डरे वो डॉ. भीमराव अम्बेडकर के सच्चे अनुयायी नही हो सकते क्योंकि डॉ. अम्बेडकर का जीवन केवल संघर्ष और उपलब्धियों की कहानी नही है सदियों की गुलामी और भेदभाव की बेडियों को तोडकर भारत को समता, न्याय और मानवता का मार्ग दिखाया है। उक्त विचार पूर्व विधायक दिलीपसिंह गुर्जर ने ग्राम भीकमपुर में भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर की मुर्ति अनावरण अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किए।

श्री गुर्जर ने कहा कि यदि भारतीय जनता पार्टी को 400 सीटों से अधिक सीटे मिल जाती तो निश्चित रूप से संविधान को बदलने का प्रयास करती परंतु देश की जनता ने भाजपा के गुप्त एजेन्डे को पहचान कर पूर्ण बहुमत नही दिया परंतु संविधान प्रदत्त संस्थाओं पर अप्रत्यक्ष रूप से कब्जा कर अपने एजेन्डे को लागू करने का प्रयास कर रही है परंतु देश की जनता इनके मनसुबो को पुरा नही होने देगी।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए तराना विधायक महेश परमार ने कहा कि बाबा साहब जातिगत भेदभाव को मानवता पर आघात मानते थे उनका कहना था कि अंधेरे रास्तों पर भी अगर आत्मविश्वास और विश्वास का दीप जलाया जाए तो रोशनी जरूर मिलती है उन्होने केवल दलितो और वंचितों को आवाज दी बल्कि हर उस व्यक्ति को प्रेरित किया जो अन्याय के खिलाफ खडा होना चाहता है।

विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष अनोखीलाल सोलंकी, शहर कांग्रेस अध्यक्ष राधे जायसवाल, ब्लॉक कांग्रेस नागदा ग्रामीण अध्यक्ष धारासिंह सूरेल, भीमराज मालवीय, अर्जुन पहलवान आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए। आभार विनोद परासिया ने माना। कार्यक्रम के पश्चात सभी उपस्थित जनसमूह को संविधान की रक्षा की शपथ जिला पंचायत सदस्य राधा मालवीय ने दिलाई गई।

इस अवसर पर सरपंच विरम गुर्जर, विक्रम गुर्जर, उमराव गुर्जर, पूर्व सरपंच अर्जुन गुर्जर, राधेश्याम गुर्जर, देवसिंह, पुनमचंद परमार, बाबुलाल सोलंकी, दशरथ सोलंकी, अशोक सोलंकी, राजाराम सोलंकी, राहुल परमार, राहुल सोलंकी, किशोर सोलंकी, अम्बाराम सोलंकी, प्रकाश सोलंकी, मांगीलाल चन्द्रवंशी, गोकुल सोलंकी, सीताराम परमार, आसिफ हुसैन, राजकुमार राठौर, मोहम्मद रंगरेज, स्वरूप नारायण चतुर्वेदी, बाबुलाल मालवीय, नागेश्वर पाटीदार, निर्भयराम चन्द्रवंशी, रतन जलोद, सुरेश चन्देल आदि उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा भारत रत्न संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अम्बेडकर जी की मुर्ति पर माल्यार्पण कर नमन किया पश्चात बुन्दी के लड्डू का वितरण कर जनसमूह का मुंह मीठा करवाया गया।

## कार्यस्थल पर यौन उत्पीडन रोकथाम और निवारण कार्यशाला आयोजन



विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** महिलाओं के मंच सद्भाव संगम द्वारा कार्यस्थल पर कार्य करने वाली महिलाओं को यौन उत्पीडन् और निवारण के लिए एक कार्यशाला का आयोजन ग्रेसिम खेल परिसर में किया गया। संस्थान के जन सम्पर्क अधिकारी कमल सेठी ने बताया कि इकाई प्रमुख और अध्यक्ष शांतनु कुलकर्णी के मार्गदर्शन तथा मानव संसाधन प्रबंधन प्रमुख सुधीर कुमार सिंह के दिशा निर्देश पर बुधवार शाम आयोजित इस आयोजन में जबलपुर लॉ कॉलेज की छात्रा सुश्री श्रीमन शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थी। सुश्री शुक्ला ने कहा कि महिलाओं को स्वयं के साथ न्याय करना चाहिए. उन्होंने कहा कि प्रत्येक क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित तो है लेकिन घर हो या बाहर उनको जो लगभग रोज ही पारिवारिक, मानसिक, शारीरिक और व्यावहारिक त्रास झेलना पड़ता है इसके लिए उन्हें स्वयं के लिए न्याय का तराजू अपने हाथ में उठा कर स्वयं के साथ न्याय संगत व्यवहार करने की पहल करना ही चाहिए।

इस मौके परकार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए ग्रेसिम पॉश कमेटी अध्यक्ष अनीता शर्मा ने कहा कि पीओएसएच का हिंदी में मतलब है कामस्थल पर यौन उत्पीडन् निवारण या यौन उत्पीडन् निवारण समिति यह एक कानून है जो भारत में कार्यस्थल पर महिलाओं के साथ यौन उत्पीडन् की रोकथाम और उनसे निपटने के लिए बनाया गया है और इस क्षेत्र में हमारे संस्थान ने निरंतर कार्य हो रहा है। इस मौके पर कमेटी की सदस्य एकता शर्मा और साक्षी चौरसिया ने भी उपस्थित महिला कर्मियों को सम्बोधित किया। सफल बनाने में कार्मिक विभाग अखिलेश पाण्डेय, विजय मिश्रा, डॉ सुरेंद्र मीणा, रोहित कटौच, महेश चिनोरिया, शीतल शर्मा, प्रतीक आव्हाड़, शिव दुबे,ज्योति यादव की भूमिका सराहनीय रही। संचालन कार्मिक प्रबंधक वैदही कापदेव ने किया तथा आभार दीप्ति रघुवंशी ने प्रकट किया।

## विधायक एवं निगम सभापति द्वारा प्रदत्त रेफ्रिजरेटर एवं अलमारी नौ जोड़ों नवदंपति को भेंट



विनय उजाला

**उज्जैन, निप्र।** ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा दिनांक 12 अप्रैल 2025 को आयोजित सामूहिक विवाह में उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव द्वारा घोषणा अनुसार नव दंपत्ति को अलमारी एवं रेफ्रिजरेटर प्रदान करने हेतु शनिवार को चारभुजा गार्डन परिसर मुरलीपुरा के पास समाजसेवी जगदीश पांचाल नगर भाजपा उपाध्यक्ष के मुख्य आतिथ्य में नौ जोड़ों नवदंपति को भेंट किए गए।

सचिव ओकारलाल पांचाल ने बताया कि प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा सामूहिक विवाह में नौ जोड़े का वैदिक विधान से विवाह संपन्न किया गया। उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव की घोषणा अनुसार सभी नव दंपति नौ जोड़ों को अलमारी एवं रेफ्रिजरेटर प्रदान करने की घोषणा की गई थी। सामूहिक विवाह में ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा सभी नौ जोड़ों को बर्तन, गृहस्थ सामग्री, चांदी के आभूषण, समाज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पांचाल के नेतृत्व में प्रदान किए गए थे। इसी के अनुरूप शनिवार को भाजपा नगर उपाध्यक्ष जगदीश पांचाल द्वारा नवदंपति को अलमारी एवं रेफ्रिजरेटर प्रदान किए गए।

ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा उज्जैन उत्तर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा एवं निगम सभापति श्रीमती कलावती यादव द्वारा अनुपम भेंट के लिए आभार जताया। ग्रामीण पांचाल कल्याण समिति द्वारा जगदीश पांचाल का साफा एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर लक्ष्मीनारायण पांचाल अध्यक्ष सामूहिक विवाह समिति, रामनारायण उपाध्यक्ष, विष्णु पांचाल, कोषाध्यक्ष राजेश पांचाल ,बाबूलाल पांचाल सहसचिव, राधेश्याम पांचाल, रितेश पांचाल, श्याम पांचाल, जगदीश पांचाल मुरलीपुरा, रवि पांचाल आकासोदा, सुरेश पांचाल, प्रदीप पांचाल, आदेश पांचाल आदि मौजूद रहे।

## आकाश संभागीय उपाध्यक्ष मनोनीत

**नागदा जं. निप्र।** राष्ट्रीय सफाई कामगार महासंघ राष्ट्रीय ट्रेड युनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष बबलू चौधरी वाल्मिकी( टाइगर ) के निर्देशानुसार एवं केन्द्रीय कोर कमेटी सलाहकारी कमेटी की अनुशंसा पर एवं महासचिव राजेश दींगे एवं प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष जेदीए की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष विकास फतरोड के द्वारा आकाश संकत को सम्पूर्ण उज्जैन संभाग का प्रभार सौपते हुए संभागीय उपाध्यक्ष पद पर मनोनीत किया है। संकत के संभागीय उपाध्यक्ष मनोनीत होने पर ईष्टमित्रो, समाजजनो व परिवारजनो ने आभार व्यक्त करते हुए संकत को शुभकामनाएं दी है एवं वरिष्ठ पदाधिकारियो के प्रति आभार व्यक्त किया है।

## लैंक्सेस उद्योग में गुंडागर्दी करने वालों के खिलाफ ज्ञापन सौंपा

विनय उजाला



**नागदा जं., निप्र।** लैंक्सेस उद्योग में गुंडागिर्दी का अशांति का माहौल पैदा करने वाले सनकी मिजाज लोगों के खिलाफ भारतीय मजदूर संघ ने बिरलाग्राम के प्रभारी टीआई को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में तीन दिवस का अल्टीमेटम दिया गया कार्यवाही नहीं होने पर पुलिस और उद्योग प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करने की चेतावनी दी।

भारतीय मजदूर संघ के सुल्तानसिंह शेखावत, जौधसिंह राठौड़ के नेतृत्व में लैंक्सेस उद्योग के श्रमिकों ने बिरलाग्राम के प्रभारी टीआई जितेंद्र पाटीदार को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि कुछ लोगों द्वारा उद्योग में भय का माहौल निर्मित श्रमिक और उद्योग अधिकारियों के साथ मारपीट कर रहे है जिसकी शिकायत संघ द्वारा पूर्व में पुलिस और प्रबंधक दोनों से लिखित एवं मौखिक रुप से की गई। इसके बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं होने से इन लोगों के हौंसले बुलंद होते जा रहे है। 17 अप्रेल को बी शिफ्ट में श्रमिक रमेश पिता राधाकिशन परमार निवासी जी ब्लाक टापरी के साथ घ्रुव पिता भगवानसिंह रघुवंशी द्वारा मारपीट की गई और उसके साथी नाहरसिंह द्वारा सुरक्षा अधिकारी और सुरक्षाकर्मियों को गालियां दी। चार दिन पहले आर्मी से रिटार्यड सुरक्षाकर्मी के साथ अभ्रद व्यवहार किया गया। यदि कोई इनके खिलााफ शिकायत करता है तो उसके साथ मारपीट करने की धमकी देते है। उनके कुछ बाहरी लोगों द्वारा पुलिस थाने में झूठी शिकायत की जाती है।

ज्ञापन में ऐसे शरारती लोगों के खिलाफ कार्यवाही करने की मांग की गई है। इधर पूर्व केबिनेट मंत्री शेखावत ने सख्त लिहाजे में कहा कि श्रमिक रमेश परमार द्वारा तीन दिन पूर्व भी पुलिस थाने में लिखित शिकायत की उसके बाद भी पुलिस ने कार्यवाही नहीं की, अब यदि तीन दिवस में संबंधित के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गई तो भारतीय मजदूर संघ पुलिस ओर प्रबंधन के खिलाफ आंदोलन करेगा। ज्ञापन का वाचन राजकुमार सिसोदिया ने किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष करणसिंह शेखावत, विरेंद्रसिंह चौहान, मधु नायर सहित बड़ी संख्या में भामसं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## प्रौद्योगिकी-संपन्न शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए एबीपीएस प्राचार्य कुमार सम्मानित




विनय उजाला

**नागदा जं., निप्र।** प्रौद्योगिकी-संपन्न शिक्षा में उत्कृष्टता के लिए आदित्य बिरला पब्लिक स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार को एल्ड्रॉक इंडिया अवार्ड 2025 से इंदौर में सम्मानित किया गया है। कुमार को यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें विद्यालय की साइंस, टेक्निलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथमेटिक्स (एसटीईएम) थीम पर किए गए कार्यों के लिए तथा विद्यालय टीम द्वारा शिक्षा में किए गए तकनीकी नवाचारों और उनके प्रभावी कार्यान्वयन के लिए दिया गया। संस्थान के जन संपर्क अधिकारी कमल सेठी ने बताया कि इस सम्मान के माध्यम से प्राचार्य श्री कुमार के साथ विद्यालय टीम के दूरदर्शी नेतृत्व क्षमता, नवाचार के प्रति समर्पण और तकनीकी दृष्टिकोण को मान्यता मिली है तथा विद्यालय की स्टेम टीम की रचनात्मकता, परिश्रम और आधुनिक शिक्षा पद्धतियों में उनके अनुपम योगदान को भी राष्ट्रीयस्तर पर सराहा गया है।

**भगवान और महापुरुषों के नाम पर होने वाले आयोजन में जातियों की प्रमुखता को रोकने की बात कही**

# स्वर्णिम भारत मंच के बैनर तले पहली बार 40 से अधिक समाज प्रतिनिधि हुए एक मत

विनय उजाला




**उज्जैन, निप्र।** भगवान और महापुरुष जाति में बंटे तो हुआ चिंतन, समाज का बिखराव रोकने के लिए अब एक साथ आए 40 से अधिक समाज प्रतिनिधि। सबने भगवान और महापुरुषों के नाम पर होने वाले आयोजन में जातियों की प्रमुखता को रोकने की बात कही। स्वर्णिम भारत मंच के बैनर तले विभिन समाज के प्रतिनिधियों की बैठक गत दिवस होटल अवंतिका रेलवे स्टेशन परिसर पर श्री श्री 1008 महामंडलेश्वर सुमनानंद महाराज, मोतीलाल श्रीवास्तव, वरिष्ठ अभिभाषक जियालाल शर्मा, अनिल सिंह चंदेल, मंडल अभिभाषक संघ अध्यक्ष ओम सारवान, सुरेंद्र चतुर्वेदी, कुलदीप धारिया, गोपाल बागरवाल की प्रमुख उपस्थिति में रखी गई। जिसमें मंथन हुआ कि अब आवश्यकता है राष्ट्र को मजबूत करने की।

स्वर्णिम भारत मंच के अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया कि लंबे समय से ऐसा देखा जा रहा था कि जो भी महापुरुष या भगवान की शोभायात्रा निकलती है या जयंती मनती है तो यह समझा जाता है कि यह भगवान केवल उस जाति के थे। इसलिए वही उनको याद करे जिससे समाज के बिखराव हो रहा है। इस भ्रांति को समाप्त करने के लिए गत दिवस विभिन्न समाज अध्यक्ष व प्रतिनिधियों की स्वर्णिम भारत मंच के बैनर तले कायस्थ समाज की पहल पर एक दिवसीय चर्चा बैठक होटल अवंतिका परिसर रेलवे स्टेशन पर रखी गई। जिसमें विभिन्न समाज के लगभग 40 प्रतिनिधि उपस्थित हुए सबने अपने विचारों को रखा और तथा आने वाले सभी भगवान के प्राकट्य उत्सव या महापुरुषों की जयंती मनाने का निर्णय पारित किया। कायस्थ समाज ने भगवान श्री चित्रगुप्त जनदर्शन यात्रा में जुड़ने के लिए सर्व समाज के आव्हान।

महामंडलेश्वर सुमनानंद महाराज ने कहा की भगवान भी किसी जाति के पेटेंट नहीं है। क्या महापुरुष केवल एक जाति की रक्षा के लिए ही लड़े थे, क्या भगवान ने एक समाज को ही वरदान दिया था। ये सब सनातन धर्म को तोड़ने का कार्य किया जा रहा है, बल्कि हम सब ऋषियों की संतान है। हमारे यहां गौत्र परम्परा है, जाति की नही। हम रघुवंशी श्रीराम को मानते हैं तो यदुवंशी श्री कृष्ण को। हम भगवान महावीर से लेकर भगवान परशुराम के पूजक है। चित्रगुप्त जी तो सबका लेखा जोखा रखते है वो किसी जाति को कैसे हो गए।

वरिष्ठ अभिभाषक जियालाल शर्मा ने कहा की मैं कई वर्षों से वकालत के साथ-साथ ब्राह्मण समाज के लिए काम करता हूं। मेरे मन में भी यह बात कई बार आई कि हमें सभी समाज को साथ लेकर कार्यक्रम करना चाहिए। हमे जातियों में बांटना बंद करना होगा।

क्षत्रिय महासभा के अनिल सिंह चंदेल ने कहा महाराणा प्रताप राजपूत समाज की शान है, इसलिए हम राजपूत समाज के लोग उनकी जयंती को बड़े धूमधाम से मनाते थे। कई बार में सोचता रहा कि हमें भी महाराणा प्रताप के मंच से सभी समाज के लोगों को जोड़ना चाहिए। परंतु यह बात मन में रह गई थी। हमने आज तक कभी किसी गैर राजपूत को मंच पर नहीं चढ़ाया पर आवश्यकता लग रही है। क्योंकि महाराणा प्रताप देश के नायक थे केवल राजपूतों के नहीं।

ब्राह्मण समाज के पंडित सुरेंद्र चतुर्वेदी ने कहा की परशुराम यात्रा में कई लोग स्वागत करते हैं, हमें अच्छा लगता है, मैं भी सब जगह जाता हूं, सबकी जयंती में शामिल होता हूं, परंतु यह मेरा व्यक्तिगत मानना है कि हमें व्यापक रूप से सभी समाज को एक दूसरे के महापुरुषों की जयंती पर एक साथ खड़ा होना चाहिए।

वरिष्ठ भाजपा नेता और नगर निगम के पूर्व सभापति प्रकाश चित्तौड़ा ने कहा की मैं कई वर्षों से देख रहा हूं कि किसी महापुरुष की जयंती पर माल्यार्पण करने एक समाज वर्ग बढ़ चढ़कर जाता है परंतु कई लोग उनकी जयंती पर माल्यार्पण नहीं करते। यहां तक की उसे महापुरुष को याद तक भी नहीं रखते हैं। यह समाज को तोड़ने का षड्यंत्र है, भगवान को जातियों में बांटना सरासर गलत है। इसे हिंदू कमजोर पड़ रहा है। स्वर्णिम भारत मंच की पहल को मैं साधुवाद देता हूं।

वैश्य समाज के कुलदीप धरियाव ने कहा की हम समाज से लिए कई सेवा कार्य करते हैं। उसमें हम कभी कोई जाति नहीं देखते, परंतु बात उठी है कि सभी भगवान के जन्मोत्सव को साथ मिलकर मनाएं हम साथ है।

समाजसेवी ओम जैन ने कहा की जाति और भगवान में भेदभाव मिटा कर राष्ट्र के लिए एक जुट रहना चाहिए। स्वर्णिम भारत मंच की पहल बहुत अच्छी है।

आरएसएस के शेखर दिसावल ने कहा की समाज समरसता का भाव रखें सभी वर्गों से प्रेम करें जातियों में फटे नहीं इसलिए राष्ट्रीय सेवक संघ समरसता का प्रयास करता है आज मुझे बहुत अच्छा लगा सभी समाज में समरसता बनी रहे ।

मंडल अभिभाषक संघ अध्यक्ष ओम सारवान ने कहा की जातिवाद का मेल मन के अंदर से खत्म होना चाहिए केवल भाषण में नहीं। असली और नकली लोगों से बचना चाहिए।

वरिष्ठ समाज सेवी, मोतीलाल श्रीवास्तव ने कहा की मैंने अपने कार्य समाज की मीटिंग में कहा कि भगवान चित्रगुप्त सबका लेखा-जोखा रखते हैं केवल कायस्थ समाज के नहीं, इसलिए हमें सबको इसमें जोड़ना चाहिए। मैं 86 वर्ष की आयु में भी यही सबको कहूंगा जातियों में हम नहीं बंटे राष्ट्र के लिए कम करें।

इसी प्रकार पंडित योगेश व्यास, एडवोकेट विनय ओझा, पुष्पेंद्र बारकिया, उर्मिला श्रीवास्तव, गिरीश जायसवाल, अशोक देवड़ा, जीएल परमार, कल्याण शिवहरे, संजय गुप्ता, अशोक कपूर, संतोष सुपेकर, महेंद्र सेन, जीवंधर जैन, राकेश वर्मा, धर्मेंद्र राठौर, तरुण मित्तल, विशाल पांचाल, पराग काबरा, रवि भूषण श्रीवास्तव, प्रदीप जैन, शक्ति वर्मा, रमेश जैन, विरेंद्र सिंह ठाकुर, अतुल सक्सेना, चेतन श्रीवास्तव, रूपकिशोर कुलश्रेष्ठ, नेहा श्रीवास्तव, सीमा निगम आदि ने भी अपने-अपने समाज का प्रतिनिधित्व कर सुझाव रखे। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र बैरागी ने किया एवं आभार अनुपमा श्रीवास्तव ने माना।

## संक्षिप्त समाचार

### नि:शुल्क मोतियाबिंद आपरेशन शिविर



**रतलाम, निप्र।** राष्ट्रीय दृष्टि विहीनता नियंत्रण कार्यक्रम के तहत जिला अंध्तव नियंत्रण समिति रतलाम के मार्गदर्शन में काम किया जा रहा है। नूतन बाल मन्दिर हाई स्कूल विनोबा नगर पर जय कैला माता शैक्षणिक एवं सामाजिक कल्याण समिति और चोइथराम नेत्रालय इंदौर के सहयोग से शिविर का आयोजन किया गया। 18 अप्रैल को निशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चोइथराम नेत्रालय के नेत्र विशेषज्ञ एवं उनकी टीम के द्वारा नेत्र परीक्षण किया गया। शिविर में मोतियाबिंद ऑपरेशन मरीजों को बस द्वारा चोइथराम इंदौर भेजा गया। जहां मरीजों का ऑपरेशन रहना खाना एवं परिवहन की व्यवस्था निशुल्क रहेगी। इस अवसर पं. राजेन्द्र कुमार जोशी संस्था परामर्शदाता, संस्था अध्यक्ष आभा शर्मा, पं. अभिषेक व्यास, नूतन बाल मन्दिर हाई स्कूल अध्यक्ष विरेन्द्र कुलकर्णी, महाराष्ट्र समाज उपाध्यक्ष दिलीप कुलकर्णी, ट्रस्ट सदस्य श्यामकांत भोरकर, जावरा उप कार्यालय प्रभारी ठा. युवराज सिंह राणावत आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन वैदिक शर्मा ने किया। आभार तेजवीर राणावत ने व्यक्त किया।

### विश्व लिवर दिवस के अवसर पर जिला चिकित्सालय में किया गया जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



**खण्डवा, निप्र।** विश्व लिवर दिवस के अवसर पर श्री दादाजी धूनीवाले जिला चिकित्सालय सह नंदकुमार सिंह चौहान शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय खंडवा में जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन डीन डॉ. संजय दादू एवं सिविल सर्जन डॉ. अनिरुद्ध कौशल के मार्गदर्शन में किया गया। इस दौरान मेडिसिन विभाग के प्रोफेसर डॉक्टर रंजीत बडोले द्वारा बताया कि यह दिवस मनाने का उद्देश्य लिवर को स्वस्थ रखने के लिए लोगों में जागरूकता फैलाना और लीवर से संबंधित बीमारियों के बारे में जानकारी प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि लिवर हमारे शरीर का एक महत्वपूर्ण अंग है, जो हमारे शरीर से हानिकारक पदार्थों को निकलता है द्य इसके अलावा यह पाचन के लिए आवश्यक पित्त का उत्पादन करता है और ग्लूकोज को ऊर्जा के रूप में संग्रहित करने के अलावा यह शरीर में हार्मोन्स के स्तर को नियंत्रित करता हैद्य यदि किसी व्यक्ति को लीवर की बीमारियां जैसे हेपेटाइटिस, फैटी लिवर, या लिवर सिरोसिस जैसी बीमारी होती है, तो वायरल संक्रमण के कारण लीवर पर सूजन आ जाती है द्य यदि कोई व्यक्ति लंबे समय तक शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन करता है तो लिवर सिरोसिस बीमारी होने की अधिक संभावना रहती हैद्य विश्व लिवर दिवस 2025 की थीम है %भोजन ही औषधि है%। यह थीम संतुलित पोषण के महत्व की वकालत करता है, जो लिवर के स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा बदलाव ला सकता हैद्य उन्होंने बताया कि हमें हमारे लिवर को स्वस्थ रखने के लिए स्वस्थ आहार, फल, सब्जियाँ, और साबुत अनाज का सेवन करना चाहिए एवं शराब तथा अन्य नशीले पदार्थों से दूर रहे, इसके अधिक सेवन से लिवर को नुकसान पहुँच सकता है। नियमित व्यायाम ,शारीरिक गतिविधि से लिवर स्वास्थ्य में सुधार होता है।

### सोशल मीडिया पर मां कालिका के खिलाफ

# आपत्तिजनक टिप्पणी पर भड़के हिंदु समाज के लोग

## देर रात थाने पर किया घेराव, नाबालिग आरोपी के साथ पिता को भी लाने की मांग की, पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

विनय उजाला

**रतलाम, निप्र।** सोशल मीडिया की साइट पर माता को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के मामले में बीती रात हंगामा हो गया। काफी देर चले हंगामे के बाद नाबालिग आरोपी के खिलाफ पुलिस ने एफआईआर भी दर्ज कर ली है। मामला तब शुरु हुआ जब इंस्टाग्राम पर कालिका माता को लेकर अभद्र टिप्पणी सामने आई। रेल नगर निवासी देवराजसिंह चौहान ने शिकायत में बताया कि शुक्रवार शाम 7 बजे वह इंस्टाग्राम आईडी आज हम आगे पर एक रील देख रहे थे। रील पर ओपायन-92 नाम की आईडी से कालिका माता के खिलाफ अपशब्द लिखे गए थे। उन्होंने स्क्रीनशॉट लेकर यह बात साथियों को बताई। दोस्तों और आसपास वालों से होते हुए यह बात बजरंग दल विभाग संयोजक विनोद शर्मा तक पंहुची। उनके नेतृत्व में कार्यकर्ता रात करीब साढ़े 10 बजे ओद्योगिक थाने पर बड़ी संख्या में उपस्थित हो गए। विरोध में बजरंग दल के कार्यकताओं ने शुक्रवार देर रात औद्योगिक थाना का घेराव कर दिया। जमीन पर बैठकर करीब 1 घंटे तक नारेबाजी की और आरोपी की गिरफ्तारी की मांग पर अड़े रहे। इस बीच पुलिस अधिकारी लगातार उनसे आरोपी को खिलाफ प्रकरण दर्ज करने की बात कहते रहे। इस दौरान जिला सह संयोजक मन्नु कुशवाह, सेवा प्रमुख अनिल रोतेला, साप्ताहिक मिलन प्रमुख सुमन शर्मा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। हंगामे के बाद रात करीब 11:45 बजे एफआईआर दर्ज हुई।

#### नाबालिग है आरोपी तो पिता को भी लाओ...

पुलिस ने गिरफ्तारी और त्वरित कार्रवाई का आश्वासन दिया, लेकिन जांच में पता चला कि कमेंट्स करने वाला आरोपी नाबालिग है। इस बात की जानकारी मिलने पर धरना दे रहे कार्यकर्ता उस आरोपी के साथ उसके पिता को भी पकड़ कर लाने की मांग करने लगे। पदाधिकारियों का कहना था कि आरोपी के पिता को भी पता चले कि उन्होंने क्या संस्कार दिए है। काफी देर इसी बात को लेकर हंगामा होता रहा। पुलिस उन्हें समझाने की कोशिश करती रही कि कानूनन जो भी कार्यवाही संभव होगी वह की जाएगी।

#### पुलिस लेकर आई

रात में ही सीएसपी सत्येंद्र घनघोरिया थाने पहुंचे और सभी को समझाया कि हम कार्रवाई कर रहे है। रात 11.30 बजे पुलिस ने जिस इंस्टाग्राम आईडी से गलत कमेंट्स किया उसके खिलाफ केस दर्ज किया। इसके बाद कार्यकर्ता माने। बताया जा रहा है कि रात में ही पुलिस ने पोस्ट करने वाले को अभिरक्षा में ले लिया। लेकिन पुलिस ने इसका खुलासा नहीं किया।

# लोको पायलटो को दी जा रही बेहतरीन सुविधाएं, वर्किंग कंडीशन में आया है सुधार

विनय उजाला



**मुंबई।** लोको पायलट भारतीय रेल परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनके वर्किंग कंडीशन को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं। पिछले 10 वर्षों में लोको पायलटों के सभी रनिंग रूम को वातानुकूलित किया गया है और उन्हें अच्छे से सुसज्जित किया गया है। 2014 से पहले देश का एक भी रनिंग रूम वातानुकूलित नहीं था।

पिछले 10 वर्षों में आधे से ज़्यादा लोको केबिनों को एर्गोनोमिक सीटों, वातानुकूलन और अन्य सुधारों के साथ अपग्रेड किया गया है। 2014 से पहले एक भी लोको केबिन वातानुकूलित नहीं था।

सभी नये लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाए जा रहे हैं। 2014 से पहले यह निर्माण योजना का हिस्सा भी नहीं था। पुराने लोकोमोटिव्स में शौचालय लगाने के लिए रेट्रोफिटिंग की जा रही है। इसके लिए डिज़ाइन में संशोधन भी किए जा रहे हैं।

जिन मार्गों पर भारी ट्रैफिक रहता है, वहाँ नए रनिंग रूम बनाए जा रहे हैं। इन प्रयासों से लोको पायलटो के वर्किंग आवर्स में उल्लेखनीय कमी आई है।

कोहरे में सुरक्षा के लिए फॉग-सेफ्टी उपकरण, कवच, ड्राइवर अलर्ट सिस्टम और इंप्रूव्ड ब्रेकिंग सिस्टम जैसी तकनीकों से रेलवे सेफ्टी बेहतर हुई है और लोको पायलटो को भी काफी सुविधा मिली है। ऑनबोर्ड सुविधाएँ, उन्नत तकनीकें और रेस्ट के लिए पर्याप्त समय से लोको पायलटो के कार्य वातावरण लगातार बेहतर हुए हैं। मालगाड़ी सबअर्बन ट्रेन और पैसेंजर एवं मेल एक्सप्रेस गाड़ियों का परिचालन करने वाले लोको पायलटों के टॉयलेट ब्रेक और स्नेक्स हेतु व्यवस्था रहती है। माल गाड़ियां कई स्टेशनों और यार्ड में रुकती हैं। इन स्टेशनों पर पर्याप्त समय होता है जिससे कर्मचारी शौचालय का उपयोग कर सकते हैं। साथ ही यह समय नाश्ते के लिए भी उपयोग में लाया जा सकता है। सबअर्बन तथा मेट्रो ट्रेनों का परिचालन अल्प दूरी के लिए किया जाता है और इनके चालक दल टर्मिनल स्टेशनों पर शौचालय का उपयोग करते हैं। पैसेंजर ट्रेनों पर कार्यरत कर्मचारी स्टेशन पर ट्रेन के खड़े रहने के दौरान ट्रेन के शौचालय का उपयोग करते हैं और इस समय का उपयोग नाश्ते के लिए भी करते हैं। स्टेशन के कर्मचारी लोको पायलटों को सदेव सहयोग देते हैं। लोको पायलटो को वॉकी टॉकी की सुविधा भी दी गई है इसके द्वारा वह स्टेशन कर्मचारियों के संपर्क में रहते हैं।

### नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्री-सिटिंग बैठक आयोजित



विनय उजाला

**बुरहानपुर, निप्र।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार दिनांक 10 मई, 2025 को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत के संबंध में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव की अध्यक्षता में कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण में प्री-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रथम जिला न्यायाधीश श्री सूर्य प्रकाश शर्मा, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री निलेश कुमार जिरेती, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड श्री प्रेमदीप सांकला सहित अधिवक्तागण एवं संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे। बैठक में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती आशिता श्रीवास्तव ने मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों के संबंध में बीमा कंपनी के अधिवक्तागण से चर्चा कर चिन्हित प्रकरणों पर बात की साथ ही पक्षकार अधिवक्तागण से बात कर दस्तावेज प्रस्तुत करने संबंधी निर्देश दिये, साथ ही न्यायालयों में लंबित मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति दावा प्रकरणों की कंपनीवार सूची तैयार कर बीमा कंपनी के अधिवक्ता से चर्चा भी की गई, चर्चा उपरांत तैयार केसों की जानकारी ली गई एवं जिन प्रकरणों में राजीनामा होने की संभावना है।

## आचार्य श्री समय सागर जी से राष्ट्रीय अध्यक्ष ने आशीर्वाद प्राप्त किया



विनय उजाला



**जबलपुर।** दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र जैन कांसल ने आज जबलपुर आगमन पर परम पूज्य आचार्य श्री समय सागर जी मुनिराज के चरणों में पाद प्रक्षालन किया एवं शास्त्र भेंट कर एवं श्री फल अर्पित कर पदाधिकारियों सहित आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस पुण्यार्जनमयी कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी फेडरेशन के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी नितिन जैन, राजेश जैन दद्दू द्वारा दी गई। समस्त मांगलिक क्रियाएं फेडरेशन के पूर्व महासचिव विपुल बाँझल, अतिरिक्त महासचिव जम्बु जैन् धवल् ,प्रशांत जैन, प्रवीण सिंघई,राजेन्द्र जैन,विमल जैन नवीन जैन उज्जैन रीजन अध्यक्ष महाकोशल-विंध्य रीजन अध्यक्ष सी.ए. मनोज जैन, सचिव हेमंत जैन,कोषाध्यक्ष सुनील (घिया), तथा सुधीर जैन के द्वारा की गई। इस अवसर पर जबलपुर में संचालित समस्त ग्रुपों के दंपत्ति सदस्य विशेष रूप से उपस्थित रहे। दद्दू ने बताया कि कार्यक्रम का कुशल संचालन अमित पड़रिया द्वारा किया गया।

### जेल डीजीपी अचानक पहुंचे थे जिला जेल ओर व्यवस्थाओं ओर सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों को देखा

**इंदौर,नप्र।** जेलो की की सुरक्षा व्यवस्था देखने अचानक डीजी गोविंद प्रताप सिंह जेल पहुंचे और जेल में सुरक्षा व्यवस्था को दिखा बंदियों को बुलाया और किस तरह का बंदियों को भोजन दिया जा रहा है किस तरह मुलाकात की जा रही है दो नए बेरिंग बने हैं और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जेल अधीक्षक जवाहर मंडलोई ब वाजपेई चर्चा की जेल में पदस्थ आरक्षक प्रधान आरक्षक महिला कांस्टेबल से चर्चा की और कहां की जेल में सजा काट रहे बंदियों से अच्छा व्यवहार रखें जेल में बाहर से आने वाली सामग्री खाद्य पदार्थ अंदर ना जाए इसका भी ध्यान रखें पूर्व में लगातार शिकायतें मिल रही थी उसको लेकर कहां की अब इस तरह की शिकायत ना मिले जेल में एम्बुलेंस काम है सुरक्षा को लेकर कहां की कुछ रिक्त बाल की कमी है उसको भी जल्दी पूरा करेंगे क्योंकि जेल में ड्यूटी कर रहे पुलिस बल की हर जगह कमी हे जेलो में बंदियों को खाद पदार्थ ठीक से मिले और दूर दराज से आने वाले मुलजिमों के परिवार की मुलाकात ठीक से हो यह दिशा निर्देश जेल अधीक्षक जवाहर मंडलोई को दिए और अच्छे काम करने वालों को इनाम देने की घोषणा की जेल के अंदर साफ सफाई और व्यवस्थाओं को लेकर जेल अधीक्षक की पीठ थप थपाई।

# मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस सदस्यता अभियान, इंदौर से बजा बिगुल



विनय उजाला



**इंदौर, नप्र। मध्यप्रदेश में युवा कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव का ऐलान हो चुका है जिसके लिए भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर श्री राजेश रलिया जी ने आज मध्यप्रदेश युवा कांग्रेस सदस्यता अभियान को लेकर प्रेस क्लब इंदौर में युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ दौलत पटेल के साथ कांग्रेस जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव की मौजूदगी में एक महत्वपूर्ण प्रेस कॉन्फ्रेंस की।**

इस अवसर पर उन्होंने सदस्यता अभियान और संगठन चुनाव की रूपरेखा प्रस्तुत की।

श्री रलिया ने बताया कि संगठन चुनाव की नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से प्रारंभ होकर 6 मई तक चलेगी। इसके पश्चात आपत्ति दर्ज करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। 11 मई तक सभी उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी।

पटेल ने कहा कि यह चुनाव संगठन के लिए बेहद महत्वपूर्ण है, क्योंकि इसमें हर एक जमीनी कार्यकर्ता को नेतृत्व में आने का अवसर मिलेगा। यह चुनाव युवाओं के लिए स्वयं को साबित करने का सुनहरा मौका है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में इंदौर जिले के युवा कांग्रेस अध्यक्ष डॉ दौलत पटेल कांग्रेस जिला अध्यक्ष श्री सदाशिव यादव, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष रजत पटेल, और शांभवी शुक्ला व कई युवा कांग्रेसी उपस्थित रहे। प्रेस कॉन्फ्रेंस के बाद श्री राजेश रलिया ने गांधी भवन कांग्रेस कार्यालय पहुंचकर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं से वन-टू-वन चर्चा की और आगामी चुनाव को लेकर मार्गदर्शन प्रदान किया।

### पेंशनर्स के साथ अन्याय के विरोध में वित्त सचिव भारत सरकार को पेंशनर एसोसिएशन 22 अप्रेल को ज्ञापन सौंपेगा

विनय उजाला

**इंदौर।** केन्द्र सरकार के वित्त विधेयक में आठवे वेतन आयोग का लाभ 1 जनवरी 2025 से पहले सेवानिवृत्त कर्मचारियों को नहीं देने का प्रावधान किया गया है। जिसका वरिष्ठ नागरिक पेंशनर एसोसिएशन मध्यप्रदेश भोपाल विरोध करेगा। एसोसिएशन के प्रांताध्यक्ष एड. राजकुमार दुबे, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष इंजी. राधेश्याम पाटीदार, वीरेन्द्र शर्मा,अशोक भार्गव तथा प्रांतीय प्रवक्ता शंभू प्रसाद तिवारी के आव्हान पर मध्यप्रदेश के समस्त संभाग एवं जिला मुख्यालय पर संभागायुक्त एवं कलेक्टर के माध्यम से वित्त सचिव भारत सरकार नई दिल्ली को 22 अप्रैल को ज्ञापन सौंपेगा। एसोसिएशन के इंदौर संभाग अध्यक्ष एवं प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेश जोशी,संभागीय प्रभारी पं.राम चन्द्र दुबे एवं जिलाध्यक्ष नरेंद्र सिंह ठाकुर ने संयुक्त विज्ञप्ति में उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दिनांक 22 अप्रैल 2025 को अपरान्ह 4 बजे संभागायुक्त कार्यालय एवम शाम 5 बजे जिला कलेक्टर कार्यालय पर ज्ञापन सौपा जाएगा। आप सहित प्रांतीय संगठन सचिव कमला द्विवेदी, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष उमा हार्डिया,मालती शर्मा, जयश्री महोदय ने कार्यक्रम को सफल बनाने की सभी सदस्य साथियों से अपील की है।

# पश्चिम रेलवे उधना और सूबेदारगंजके बीच चलाएगी समर स्पेशल ट्रेन

विनय उजाला



**मुंबई। पश्चिम रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा तथा विशेष रूप से ग्रीष्मकाल के दौरान उनकी यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से उधना और सूबेदारगंज के बीच विशेष किराये पर स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है।**

पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी श्री विनीत अभिषेक द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार इस स्पेशल ट्रेन का विवरण निम्नानुसार है:

ट्रेन संख्या 04156/04155 उधना-सूबेदारगंज साप्ताहिक स्पेशल [22 फेरे]

ट्रेन संख्या 04156 उधना-सूबेदारगंज स्पेशल प्रत्येक मंगलवार को उधना से 16.30 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 21.00 बजे सूबेदारगंज पहुंचेगी। यह ट्रेन 22 अप्रैल से 01 जुलाई, 2025 तक चलेगी। इसी तरह, ट्रेन संख्या 04155 सूबेदारगंज-उधना स्पेशल प्रत्येक सोमवार को सूबेदारगंज से 11.40 बजे प्रस्थान करेगी और अगले दिन 13.30 बजे उधना पहुंचेगी। यह ट्रेन 21 अप्रैल से 30 जून, 2025 तक चलेगी।

यह ट्रेन दोनों दिशाओं में चलथान, नंदुरबार, अमलनेर, भुसावल, इटारसी, रानी कमलापति, बीना, ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी, ओराई, पुखरायां, गोविंदपुरी और फतेहपुर स्टेशनों पर रुकेगी।

इस ट्रेन में एसी 3-टियर, स्लीपर क्लास और जनरल सेकेंड क्लास के कोच होंगे।

ट्रेन संख्या 04156 की बुकिंग 20 अप्रैल, 2025 से सभी पीआरएस काउंटरों और आईआरसीटीसी वेबसाइट पर शुरू होगी। ट्रेनों के ठहराव, समय और संरचना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए यात्री कृपया www.enquiry.indianrail.gov.in पर जाकर अवलोकन कर सकते हैं।

## बाजार भाव

### इंदौर मंडी

# सोयाबीन में तेजी

**इंदौर ( व्यापार प्रतिनिधि )।** चना कांटा 5800 - 5850 विशाल चना 5700 - 5750 डंकी चना 5600 - 5650 मसूर 6100 - 6150 नई 6000 मूंग एवरेज 7200 - 7700 मूंग ( गर्मी का) 8000 - 8200 उड़द ( गर्मी) बेस्ट - 8300 - 8800 एवरेज मीडियम उड़द 6500 - 7800 हल्की उड़द 3000 - 5000 रुपए।

**तिलहन - ( प्रति क्विंटल )-** सोयाबीन 4100 - 4125 सरसों निमाड़ी बारीक 5800 - 5850 एवरेज बारीक 5000 - 5005 रुपए।



**दाल भाव ( प्रति क्विंटल )** - तुअर दाल फूल 11000 - 11200 तुअर दाल सवा नंबर 10800 - 11000 चना दाल 8100 - 8200 एक्स्ट्रा बोल्ड 9100 मसूर दाल 7500 - 7550 मूंग दाल 9200 - 9400 मूंग मोगर 9600 - 9700 उड़द दाल 12500 - 13000 उड़द मोगर 12500 - 13000 रुपए।

**तेल बाजार ( प्रति 10 किलो )** - मूंगफली तेल इंदौर 1470 - 1480 मुबंई 1520 - 1525 गुजरात 1485 - 1490 सोया रिफाइंड तेल इंदौर 1315 - 1320 सोया सॉल्वेंट 1255 - 1270 इंदौर पाम ऑइल 1425 - 1430 रुपए।

**मावा** - 320 रुपए किलो।

**इंदौर सराफा बाजार -**
सोना 10 ग्राम 89800 रुपए।
चाँदी 100000 रुपए किलो।
चाँदी सिक्का 1100 रुपये प्रति नग।
सोना 3025 डॉलर प्रति औंस
चाँदी 3343 सेंट प्रति औंस

## संक्षिप्त समाचार

### प्रभारी मंत्री उइके का दौरा कार्यक्रम

**अलीराजपुर, निप्र।** कैबिनेट मंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके दिनांक 21 अप्रैल 2025 सोमवार को अलीराजपुर जिले के प्रवास पर रहेगी। प्रभारी मंत्री श्रीमती उइके 21 अप्रैल 2025 सोमवार प्रातः 06.00 बजे इन्दौर से जिला अलीराजपुर तह. सोंडवा ग्राम ककराना के लिए प्रस्थान । प्रातः 10.00 बजे ग्राम ककराना आगमन एवं नर्मदा समग्र द्वारा संचालित 'मेडिकल मोबाईल यूनिट' के लोकार्पण कार्यक्रम में सम्मिलित होंगी। प्रातः 11.45 बजे फॉरेस्ट रेस्ट हाऊस अलीराजपुर के लिए प्रस्थान । प्रातः 12.00 बजे फॉरेस्ट रेस्ट हाऊस आगमन। दोप. 01.00 बजे अलीराजपुर (फॉरेस्ट रेस्ट हाऊस) से भोपाल के लिए प्रस्थान करेगी ।

सीएचओ व एएनएम को नोटिस जारी

# सीएमएचओ ने गर्भवती महिला के स्वास्थ्य की ली जानकारी

विनय उजाला

**धार, निप्र।** जिले के बाग क्षेत्र में सीएमएचओ डॉ. आरके शिंदे ने स्वास्थ्य केंद्रों का भ्रमण किया। इस दौरान उच्च जोखिम गर्भवती मनीषा पति मुकेश महिला की गंभीर स्थिति के संज्ञान में आने पर त्वरित कार्यवाही करते हुए स्वयं गृह आधारित शिशु देखभाल उप स्वास्थ्य केंद्र अगर में की गई। जिसमें महिला का प्रसव उप स्वास्थ्य केंद्र में हुआ, प्रसव के बाद महिला को जिला चिकित्सालय बड़वानी रेफर किया गया। वहां महिला को एक बीटी कराई गई, महिला को अभी भी रक्तस्त्राव हो रहा था। सीएमएचओ डॉ शिंदे द्वारा महिला की स्वास्थ की स्थिति ली गई अभी महिला का हीमोग्लोबिन 8 ग्राम है महिला को तत्काल जिला चिकित्साल धार जाने की सलाह दी गई। साथ ही महिला का एचबीएनसी करने सिर्फ आशा आई थी, सीएचओ व एएनएम द्वारा एक भी बार भ्रमण नहीं किया, ऐसे में दोनों को नोटिस जारी किया गया।



साथ ही विकास खंड चिकित्सा अधिकारी बाग को निर्देशित किया गया कि पहाड़ी क्षेत्र एवं दूरस्थ इलाकों में एएनसी क्लीनिक लगाए जाए साथ हाई रिस्क महिलाओं को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान में महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर हाई रिस्क चिन्हांकन को पहचान कर समय पर उचित प्रबंधन किया जाए। वहीं ग्रह आधारित शिशु देखभाल में एक एक बच्चे का 3, 7, 14, 21,28 एवं 42 वे दिन फॉलोअप लेकर बच्चे में किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या होने पर तुरंत उच्च स्तरीय संस्था पर रेफर किया जाय। साथ ही प्रोत्साहन राशि दोनों ही कर्मचारियों को नहीं दी जाएगी।

भ्रमण के दौरान जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ वीरेंद्र रघुवंशी, जिला कम्युनिटी मोबाइलाइजर मुकेश मालवीया एवं सिविल इंजीनियर बबन वास्केल उपस्थित थे।

## खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम के तहत फूड्स एवं स्ट्रीट फूड्स संस्थानों पर की छापामार कार्रवाई

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खाद्य सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन खरगोन जिले में विक्रय किए जाने वाले जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयुक्त, खाद्य सुरक्षा श्री संदीप यादव के निर्देशानुसार निरीक्षण, जाँच, प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में कलेक्टर एवं अभिहित अधिकारी के निर्देशन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन खरगोन द्वारा फास्ट फुड्स एवं स्ट्रीट फुड्स संस्थानों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान संस्थानों में उचित साफ-सफाई के साथ व्यवसाय करना, खाद्य पदार्थ निर्माणकर्ता कर्मचारियो की व्यक्तिगत साफ-सफाई, स्वच्छ-पात्रों का उपयोग, स्वयं एप्रीन,ग्लोव्ज एवं कैप पहनें का प्रशिक्षण दिया गया।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्री आरआर सोंलकी ने बताया कि फास्ट फुड्स को तैयार करने उपयोग किये जा रहे रॉ-मटेरियल की गुणवत्ता का प्राथमिक परीक्षण किया गया। फास्ट फुड्स में मोनोसोडियम ग्लूटामेट, खाद्य रंग, आर्टिफिशियल स्वीटनर की मात्रा सीमित रूप से उपयोग करने की समझाईस दी गई तथा खाद्य पदार्थ का उचित रख रखाव की भी जानकारी दी गई। कार्यक्रम में उपस्थित खाद्य प्रतिष्ठान के खाद्य करबारकर्ताओं ने खाद्य सुरक्षा नियमों का पालन करने का संकल्प लिया। जंक फूड, स्ट्रीट फूड एवं फास्ट फूड गुणवत्ता की जांच के लिए विशेष अभियान चलाकर विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने निम्न प्रतिष्ठानों से से नमूने संग्रहित किये गये।

निरीक्षण के दौरान मयुर बेकरी इन्दौर रोड़ कसरावद से बेक समोसा एवं पेस्टी, प्रवाल पालीवाल मेसर्स केफे हाउस मेला ग्राउउ इन्दौर रोड़ कसरावद से बर्गर का, आम्रपाली स्वीस्ट एंव फास्ट फुड जय स्तम्भ चैराहा कसराद से भाजी पाव एवं पिज्जा का, श्री साई मोमोस त्रिकोण चैराहा सनावद से किचन डीप सॉस एवं सोयाबीन तेल राहुल मोमोस पाईन्ट त्रिकोण चैराहा जवाहर मार्ग सनावद मोमोस का, ऑनलाइन चाईनिज शॉप त्रिकोण चौराहा जवाहर मार्ग सनावद से मंच्युरियन का नमूना सग्रंहित किया गया है।

मावि प्रधानाध्यापकों के स्टार्स प्रोजेक्ट प्रशिक्षण का हुआ समापन

## लीडर शीप आधारित प्रशिक्षण में शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के गुर सीखे

विनय उजाला

**डही, निप्र।** स्टार्स प्रोजेक्ट अंतर्गत माध्यमिक स्तर के प्रधान अध्यापकों का लीडरशिप आधारित पांच दिवसीय प्रशिक्षण का शनिवार को जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में समापन हुआ। इसमें विकासखंड डही से 42 प्रधान अध्यापकों ने भाग लिया। साथ ही प्रत्येक विकासखंड से भी माध्यमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापक मौजूद रहे। अब ब्लॉक वार प्राथमिक विद्यालय के प्रधान अध्यापकों का प्रशिक्षण 22 अप्रैल से आयोजित होगा।



विकासखंड डही से गए प्रधान अध्यापक राजाराम गनावा, कीर्ति मावी, विक्रम असाड़े ने बताया कि स्कूल शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने और शिक्षकों को बेहतर बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया है। प्रधान अध्यापक मोहन सिंह जामोद और जुवान सिंह सोलंकी ने बताया कि स्टार्स प्रोजेक्ट में बुनियादी साक्षरता और गणितीय क्षमताओं पर जोर दिया गया है ताकि बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके। प्रधान अध्यापकों को प्रशिक्षण देकर उन्हें बेहतर शिक्षक बनाने और स्कूल प्रबंधन को मजबूत करने पर प्रशिक्षण में जोर दिया गया है, जिससे स्कूल शिक्षा में सुधार होगा। प्रधान अध्यापक राकेश सोलंकी, संजय भावसार, लीला चौंगड़ ने बताया प्रशिक्षण बहुत अच्छा रहा।

छात्रों के सीखने की प्रक्रिया में सुधार हो, शिक्षा व्यवस्था मजबूत बने और डिजिटल क्षमता का विकास हो। ताकि आधुनिक शिक्षण तकनीकों का उपयोग कर सकें। यह स्टार्स प्रोजेक्ट नई शिक्षा नीति के तहत तैयार किया गया है और इसका उद्देश्य स्कूली शिक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना है।

## विजय स्तंभ का हो रहा कायाकल्प



विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** स्थानीय श्री सरदार वल्लभभाई पटेल बस स्टेंड स्थित विजय स्तंभ का कायाकल्प किया जा रहा है। नगर परिषद द्वारा राजस्थान के कारीगरो द्वारा इस पर लाल पत्थरों से नक़्क़ाशी करवाई जा रही है। धौलपुर के कुशल कारीगर व ठेकेदार बाबूलाल मेहरा के मार्गदर्शन में अन्य कारीगर यहाँ काम कर रहे है। यहाँ पहले लगी हुई लोहे की जालियो को निकालकर अब धोलपुर के लाल पत्थरों से गोल घेरा बनाया जा रहा। जिसमे अलग अलग नक़्क़ाशी कारीगर कर रहे है। पूरा काम होने में क़रीब पंद्रह दिन और लगेंगे। लाल पत्थरो से तैयार होने के बाद उस पर लैंप भी लगाए जाएंगे। इससे विजय स्तंभ रोशन होगा।

नगर परिषद अध्यक्ष मीना यादव ने बताया की विजय स्तंब के अंदर सुंदर उद्यान तैयार किया जाएगा। अभी जो पौधे लगे है उनकी कटिंग कर सुंदरता लाई जाएगी। इसके साथ ही यहां फ़व्हारे भी चालू किए जाएंगे।

## भाजपा की डही मंडल कार्यकारिणी घोषित की गई

विनय उजाला

**डही, निप्र।** जिला भाजपा ग्रामीण अध्यक्ष चंचल पाटीदार की सहमति से मंडल भाजपा डही अध्यक्ष पूनम सिंह मंडलोई ने विकासखंड डही की भाजपा की स्थानीय कार्य समिति घोषित कर दी है। कार्य समिति में छह उपाध्यक्ष, दो महामंत्री, छह मंत्री सहित अन्य पदों पर नियुक्ति की गई है। इसमें उपाध्यक्ष नीरू खरते धरमराय, रमेश मोरी मकड़वानी, कदम सिंह मोरी जामदा, गजेन्द्र सोलंकी व राकेश सोलंकी अतरसुमा एवं पूर्व सरपंच सबल सिंह अलावा टेमरिया, महामंत्री शैलेंद्र सोनी पार्षद डही, बलवीर कन्नौज सिदड़ी, अमर सिंह बघेल भगावा, सुनील राठौड़ बड़वान्या, कोषाध्यक्ष महेन्द्र मालवीया डही, कार्यालय मंत्री बहादुर नरगावे टेमरिया, मीडिया प्रभारी प्रदीप प्रजापति डही, सोशल मीडिया प्रभारी उत्तम पटेल जलवट, मन की बात प्रभारी संजय मालवीया डही, व्हाट्सअप ग्रुप प्रमुख सुनील भिड़े मकड़वानी, लाभार्थी प्रमुख प्रताप सिंह मुझाल्दा अतरसुमा को मनोनीत किया गया है। मंडल स्तरीय भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ताओं के साथ जमीनी स्तर के भाजपा कार्यकर्ताओं ने तथा नव नियुक्त पदाधिकारियों ने ग्रामीण जिला भाजपा अध्यक्ष श्री पाटीदार का आभार माना। मीडिया प्रभारी प्रदीप प्रजापति ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी की आगामी रणनीति के तहत कार्यक्रमों को धरातल पर क्रियान्वयन के लिए तथा संगठन को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण संगठनात्मक बैठक आहुत की जाकर मंडल स्तरीय भारतीय जनता पार्टी जिला धार (ग्रामीण) जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार की सहमति से विधान सभा कुक्षी 198 के मंडल डही की मंडल कार्य समिति की घोषणा की गई है। मीडिया प्रभारी प्रजापति ने बताया कि भाजपा जिलाध्यक्ष चंचल पाटीदार ने कहा कि भाजपा के पितृ पुरुष एवं संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय का सपना था कि आखिरी छोर पर खड़े दरिद्र नारायण को शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित कर उन्हें आर्थिक संपन्नता प्रदान करे और विकास की राह से जोड़े। इस हेतु मुझे पूर्ण विश्वास है कि नव नियुक्त पदाधिकारी निश्चित रूप से लगन ईमानदारी व पूर्ण निष्ठा और समर्पण के साथ भाजपा के पितृ पुरुष एवं संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय के सपने को निस्वार्थ भाव से पूरा करते हुए अपने दायित्व का निर्वहन करेंगे।

बाकानेर मान नदी रपट पर बारात की बस पलटी खाई

## एक महिला की मौत, अनेक घायल



विनय उजाला

**बाकानेर, निप्र।** धार जिले के मनावर तहसील के बाकानेर में नागदा जंक्शन से आ रही बारात की बस सुबह 9:00 बजे बाकानेर मन नदी रपट पर पलटी खा गई एक बाराती महिला की मृत्यु हुई अनेक बाराती घायल हुए जिनका बाकानेर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार चल रहा है सभी खतरे से बाहर है मुख्य विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर कुलदीप कुमार नाग मेडिकल ऑफिसर वीरेंद्र कुमार धारवे डॉक्टर सिसोदिया डॉक्टर पवैया की टीम घायलों का उपचार कर रही है।

बारात नागदा जंक्शन जिला उज्जैन से धार जिले के ग्राम कुव्वाली बडदा में जा रही थी। दूल्हा राजपाल सिंह की मौसी जी की इस हादसे में मृत्यु हो गई।

मान नदी पर आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती है प्रधानमंत्री सड़क योजना में ऊंचे पुल की डीपीआर बन गई है लगभग 20 करोड़ की लागत से ऊंचा ब्रिज बनेगा जिससे हादसों रुकेंगे लेकिन अब तक टेंडर नहीं हुए हैं क्षेत्र के नागरिको ने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी से शीघ्र टेंडर कर ऊंचे ब्रिज की मांग की है।

## भारतीय पत्रकार संघ की बैठक में सैकड़ों पत्रकार होंगे सम्मिलित

पत्रकारों से जुड़े मुद्दों पर होगा मंथन

विनय उजाला

**बदनावर, निप्र।** भारतीय पत्रकार संघ की प्रदेश, संभाग एवं जिला कार्यकारिणी की महत्वपूर्ण बैठक दिनांक 20 अप्रैल रविवार को लेबड़ नयागांव फोरलेन, होटल करिश्मा पैलेस बदनावर में सुबह 11 बजे से आयोजित की जा रही है। बैठक में पत्रकार प्रोटेक्शन कानून सहित पत्रकारों से जुड़े विभिन्न ज्वलंत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। आयोजन को लेकर प्रदेशभर से पत्रकार बदनावर पहुंच रहे हैं।

भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र अग्निहोत्री ने बताया कि पत्रकार सुरक्षा कानून, उनके अधिकारों और स्वतंत्रता को लेकर अत्यंत महत्वपूर्ण बैठक है। बैठक के माध्यम से पत्रकारों के हितों के लिए, संगठन की आगामी कार्ययोजना और संगठनात्मक मजबूती जैसे विषयों पर भी विचार-विमर्श होगा। आयोजन को लेकर पत्रकारों में खासा उत्साह है।

## एमपी ट्रांसको वेबसाइट पर पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सुविधा प्रारंभ

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑनलाइन सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू की हैं। एक प्रमुख पहल के रूप में अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण पत्र) सुविधा का लाभ उठा सकते हैं।

एमपी ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी श्री मुकुल महरोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। इस नई सुविधा के साथ डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है।

## एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय पीथमपुर में ग्रीष्मकालीन विज्ञान कैंप का आयोजन

विद्यार्थियों में जगी वैज्ञानिक सोच

विनय उजाला

**धार, निप्र।** जिले के एकीकृत शासकीय माध्यमिक विद्यालय पीथमपुर में सिप्ला फाउंडेशन धार एवं अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन बैंगलोर के संयुक्त तत्वावधान में 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन विज्ञान कैंप का आयोजन किया गया। यह आयोजन 7 अप्रैल से 19 अप्रैल 2025 तक चला, जिसमें लगभग 50 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कैंप का शुभारंभ विद्यालय की एच.एम. श्रीमती वंदना अय्यर एवं श्रीमती माया दलाल जी द्वारा किया गया।



**विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह और प्रतिभा :** इस कैंप के दौरान विद्यार्थियों ने विज्ञान के क्षेत्र में अपनी रुचि एवं प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया।

**कैंप में कराई गई रोचक गतिविधियां :** इस कैंप में विद्यार्थियों को विज्ञान से संबंधित कई मॉडल और गतिविधियाँ कराई गईं, जिनमें मानव शरीर की संरचना, रोबोट हैंड, पिन होल कैमरा, गति का जड़त्व, परसिस्टेंस ऑफ विजन, डीप वेल मॉडल, शेप ऑफ अर्थ, ध्वनि, दाब एवं बल से संबंधित प्रयोग, रंगोली, तथा ड्रॉइंग शामिल रहीं। इन गतिविधियों ने विद्यार्थियों में रचनात्मकता और वैज्ञानिक सोच को प्रोत्साहित किया।

**प्रशिक्षकों और शिक्षकों का सराहनीय योगदान :** ग्रीष्मकालीन कैंप का आयोजन एवं संचालन अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन से श्री सतेंद्र त्रिपाठी (प्रोजेक्ट इंचार्ज ) एवं श्री तरुण सिंह परिहार (प्रशिक्षक), श्री एवं श्री कन्हैया मीणा (मास्टर ट्रेनर), एवं रामबाबू दांगी (सारथी) का विशेष योगदान रहा। साथ ही विद्यालय के शिक्षकों श्रीमती सुनीता पथरोलिया, श्रीमती रंजना शुक्ला तिवारी ,श्रीमती रश्मि जोशी, श्रीमती सोनल दुबे शर्मा जी ने कैंप में भ्रमण कर गतिविधियों का अवलोकन किया।

इस ग्रीष्मकालीन कैंप ने विद्यार्थियों को तार्किक और वैज्ञानिक सोच के विकास का मंच प्रदान किया। इस आयोजन से विद्यार्थियों को विज्ञान की बुनियादी समझ के साथ रचनात्मक रूप से सीखने का अवसर मिला।

हनुमान चरित्र कथा का तीसरा दिन

# जिसने सच्चे साधु का साथ पा लिया, उसका जीवन धन्य हो गया : हरिप्रकाश दास

विनय उजाला

**निसरपुर, निप्र।** भंवरिया में हनुमान चरित्र कथा के तीसरे दिन मुख्य वक्ता स्वामी हरिप्रकाश दास ने कथा को लेकर कई प्रेरक प्रसंग सुनाए स्वामी जी ने हनुमान कथा के संबंध में कहा कि जिसमें सच्चे साधु का साथ पा लिया उसका जीवन धन्य हो गया आगे उन्होंने कहा कि जिस तरह बसंत के आते ही पूरी प्रकृति हरि भरी हो जाती है उसी तरह जिस मनुष्य के जीवन में साधु संत आ जाते है उस मनुष्य का जीवन हरा भरा हो जाता है, यहां सात दिवसीय आयोजित हनुमान चरित्र कथा का आयोजन हो रहा है कथा में रोजाना मुख्य वक्ता के श्री मुख से प्रेरक प्रसंग सुनाए जा रहे है ,प्रतिदिन कथा प्रारंभ के पहले व्यास पीठ की पूजा की जाती है शुक्रवार को कथा में गुजरात के वडताल संस्थान बड़ी संख्या में संत पधार रहे है हनुमान चरित्र कथा में रोजाना श्रोताओं की संख्या में इजाफा होता जा रहा है बड़ी संख्या में कथा श्रवण हेतु हरि भक्त भंवरिया पहुंच रहे है क्षेत्र में कथा से माहौल भक्तिमय हो गया है शनिवार की रात्रि को कथा के चौथे दिवस कथा निमित्त हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा! इसके लिए कथा आयोजन समिति ने तैयारिया पूर्ण कर की है! प्रतिदिन कथा कार्यक्रम में संचालन सूर्यप्रकाश स्वामी कर रहे है!





**भजनों पर झूमे श्रोता, संतो ने भी किया गरबा नृत्य :** शुक्रवार को हनुमान चरित्र कथा के दौरान कथा वक्ता हरिप्रकाश दास के कर्णप्रिय भजनों पर पांडाल में उपस्थित महिला पुरुष श्रोता जमकर झूमे मंच पर विराजित संत गण भी गरबा नृत्य करने लगे संतवाणी ने सम्पूर्ण पंडाल में माहौल भाव विभोर हो गया!

**बड़ी संख्या में कर रहे रक्तदान :** कथा पांडाल में अस्पताल परिसर में नर्मदा घाट संरक्षण समिति द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया है यहां बड़वानी जिला चिकित्सालय द्वारा रक्त संग्रह टीम द्वारा रक्त संग्रह किया जा रहा है प्रतिदिन कथा में पहुंचने वाले हरिभक्त रक्तदान कर रहे है घाट संरक्षण समिति के मोहन भाई पाटीदार भंवरिया ने बताया कि शुक्रवार को यहां 93 यूनिट रक्तदान हुआ जो जिला चिकित्सालय को भेजा गया आगे भी शिविर जारी रहेगा! रक्तदान करने वाले दाताओं को जिला चिकित्सालय बड़वानी की और से प्रशंसा पत्र भी दिए जा रहे है।

## संक्षिप्त समाचार

### विवाह लग्न से पहले पक्षियों के लिए प्रकृति बचाने का दिया संदेश




**कसरावद, निप्र।** जल गंगा सवर्धन के अंतर्गत ग्राम सायता मे विवाह लग्न पूर्व सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम बीएस डब्लू द्वितीय वर्ष की छात्रा रीना केवट ने पेड़ पर सकोरा बाधकर एवं दाना पानी डालकर प्रकृति सरक्षण एवं पानी बचाने का सन्देश दिया ग्रामीण जनों के साथ मेंटर शीतल रावल, विजय केवट, रविशंकर कानूड़े नवांकूर से लखन चौहान एवं अमित रावल शामिल होकर कार्यक्रम को सफल बनाया।

रेल विकास की मिलेगी नई रफ्तार

# निमाड़ के सपनों को पंख मिलेंगे : राज्यसभा सांसद

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** निमाड़ अंचल के विकास की दिशा में एक और सार्थक कदम उठाते हुए, राज्यसभा सांसद डॉ. सुमेर सिंह सोलंकी ने आज मुंबई में आयोजित रेलवे संबंधी संसदीय स्थायी समिति की महत्वपूर्ण बैठक में सक्रिय भागीदारी की। इस बैठक में दो महत्वपूर्ण रेल परियोजनाओं—इंदौर से मनमाड़ नवीन रेल लाइन एवं *खंडवा से अलीराजपुर प्रस्तावित रेल मार्ग—की समीक्षा की गई।

डॉ. सोलंकी ने बैठक में स्पष्ट रूप से कहा कि यह परियोजनाएं केवल पटरियाँ नहीं, बल्कि निमाड़ के सामाजिक-आर्थिक विकास की रीढ़ साबित होंगी।





उन्होंने विशेष रूप से इन रेलमार्गों से संबंधित सर्वे कार्य की प्रगति पर जानकारी ली और समयबद्ध क्रियान्वयन पर बल दिया।

उन्होंने बताया कि इंदौर-मनमाड़ रेललाइन परियोजना को हाल ही में स्वीकृति मिली है और खंडवा-अलीराजपुर मार्ग का सर्वे कार्य अंतिम चरणों में है। ये दोनों मार्ग न सिर्फ परिवहन को आसान बनाएंगे, बल्कि आदिवासी और ग्रामीण क्षेत्रों को देश की मुख्यधारा से जोड़ेंगे।

डॉ. सोलंकी ने रेल मंत्रालय को धन्यवाद देते हुए कहा, निमाड़ के विकास की जो किरण सालों से इंतजार कर रही थी, अब वह क्षितिज पर दिखने लगी है। मैं यह विश्वास दिलाता हूँ कि क्षेत्र की जनता के हर सपने को पूरा करने के लिए मैं पूरी ताक़त से जुटा हूँ। उन्होंने समिति में यह भी आग्रह किया कि इन परियोजनाओं को जल्द से जल्द अमलीजामा पहनाया जाए, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार, व्यापारियों को व्यापार और आमजन को सस्ता, सुलभ और सुरक्षित परिवहन सुविधा मिल सके।

जल गंगा जल संवर्धन अभियान अंतर्गत स्कूलों में जल जागरूकता

## विद्यार्थियों के माध्यम से एरिया में जल जागरुकता के संबंध सभी स्कूलों में गतिविधियां कराई





विनय उजाला

**पलसूद, निप्र।** माननीय मुख्यमंत्री मोहन यादव जी की अध्यक्षता में प्रदेश स्तर पर जल गंगा जल संवर्धन अभियान योजना के क्रियान्वयन के संबंध 30 मार्च से 30 जून तक 2025 तक चलाया जा रहा है उक्त अभियान का नोडल विभाग पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग है उसी अनुक्रम में जिला कलेक्टर बड़वानी एवं डीपीसी प्रमोद कुमार शर्मा के निर्देशन में स्कूलों में प्रतिदिन जल संरक्षण का महत्त्व, उपाय, जल जागरूकता के संबंध में विद्यार्थियों के साथ मिलकर एक्टिविटीज कराई जा रही है जिससे छात्र छात्राओं को जल गंगा जल संवर्धन अभियान की समझ को विकसित किया है जनशिक्षक सुरेशचंद्र राठौड़, अरुणा अजरावनिया द्वारा सतत् मॉनेटरिंग कर संचार माध्यमों एवं स्कूल विजिट कर जानकारी ली जाती है माध्यमिक प्राथमिक विद्यालय कन्या पलसूद, अच्छालिया फलिया, पुजारिया फलिया, जामरिया फलिया पलसूद सहित सिदड़ी, खड़कीयामहू मां वि निहाली की स्कूलों से रिर्पोटिंग ली गई विद्यार्थियों को ताजा शुद्ध जल उपलब्ध कराने, मटके, राजन का ठंडा पानी उपलब्ध कराने हेतु प्रधानपाठकों के माध्यम से स्कूलों मे कार्य किया जा रहा है माध्यमिक विद्यालय कन्या पलसूद में छात्राओं से क्वीज के माध्यम से जल जागरूकता पर अपनी बात रखने का अवसर प्रदान किया गया इस अवसर पर दुर्गा राठौड़, सुनीता सोनी, केवल अलावे, मखमुद्दीन शेख, उर्मिला वर्मा भारती गुप्ता, हमीदा कुरैशी,ज्योति डावर, रजनी दशोरे सहित शिक्षकों ने क्लस्टर को जानकारी दी ।

किसानों के खेतों में सेटेलाइट मैपिंग के माध्यम से होगी निगरानी

# अब नरवाई जलाने पर भी होगी दंडात्मक कार्रवाई

**नरवाई जलाने से मिट्टी के अमूल्य पदार्थ नष्ट होने के साथ मिट्टी की उर्वरा शक्ति होती है खत्म**





विनय उजाला

**बड़वाह, निप्र।** किसान भाईयो आप अपने खेतों मे फसल अवशेषों की (नरवाई) नही जलाए, बल्कि उसे खेत मे ही मिट्टी पलटने वाले हल से या रोटावेटर से मिलाएं ।ताकि खेत की उपजाऊ क्षमता में वृद्धि हो सके। फसल कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों मे आग लगाने से पर्यावरण गंभीर रूप से प्रभावित होता है। फसल अवशेषों को जलाने से भूमि में होने वाली रासायनिक क्रियाए भी प्रभावित होती हैं ।जिसके कारण कार्बन व नाइट्रोजन एवं कार्बन और फास्फोरस का अनुपात बिगड़ जाता है । जिससे पौधों को पोषक तत्व ग्रहण करने में कठिनाई होती है ।शासन के निर्देशानुसार फसल अवशेषों को जलाने पर दो एकड़ से कम पर 2500 रुपए, दो एकड़ से अधिक व 5 एकड़ से कम पर 5 हजार रुपए तथा 5 एकड़ से अधिक पर 15 हजार रुपए की दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी ।उक्त बात जिला उप संचालक कृषि एस.एस राजपूत ने शनिवार को जनपद पंचायत सभागृह कक्ष में प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक के दौरान कही।

**किसानों के खेतों में सेटेलाइट मैपिंग के माध्यम से होगी निगरानी**

वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बी.एस. सेंगर ने बैठक में बताया कि सेटेलाइट के माध्यम से ब्लॉक स्तर पर नरवाई जलाने वाले किसानों के खेतों में सेटेलाइट मैपिंग के माध्यम से निगरानी की जा रही है ।मतलब अब इन गतिविधियों पर आसमान से नजर रखी जाएगी ।टेक्नोलॉजी के दौर में लोग हार्वेस्टर से अपनी फसलों की कटाई करा लेते हैं ।उसके बाद बची हुई नरवाई में आग लगाकर उसे नष्ट करते हैं । जो बेहद हानिकारक साबित होती है। श्री सेंगर ने बताया कि खेत की आग अनियंत्रित होने पर जनहानि, सम्पती व प्राकृतिक वनस्पती, जीव-जन्तु आदि नष्ट हो जाते है। जिससे व्यापक पारिस्थितिक नुकसान होता है ।जबकि खेत की मिट्टी में प्राकृतिक रूप से पाये जाने वाले लाभकारी सुक्ष्म जीवाणु नष्ट हो जाते है ।जिससे खेत की उर्वरा शक्ति शनै : शनै : घटती है। और उत्पादन भी प्रभावित होता है। खेत मे पडे कचरा, भुसा, डंठल सडने के बाद भूमि को प्राकृतिक रूप से उपजाउ बनाता है। इन्हे जलाकर नष्ट करना प्राकृतिक खाद्य को नष्ट करना है।

**नरवाई ना जलाने के संबंध में ग्रामों में अधिक से अधिक करे प्रचार प्रसार :** एसडीएम सत्यनारायण दर्रे ने बैठक में उपस्थित अमले को निर्देष दिये की नरवाई ना जलाने के संबंध में ग्रामों में अधिक से अधिक दल के माध्यम प्रचार प्रसार करे। प्रचार प्रसार के लिये लिटरेचर, ग्राम के चौकीदार द्वारा डोंडी पिटवाना, किसान संगोष्ठीयों का आयोजन कराना इन सभी गतिविधीयों के फोटो, विडीयों, वरिष्ठ अधिकारीयों को भेजना सुनिश्चित करे। ग्रामों मे सतत निगरानी करे एवं आगामी बुआई तक मैदानी अमले का किसी भी प्रकार का अवकाश मान्य नही होगा। नरवाई जलाने की जानकारी प्राप्त होने पर दल के द्वारा 24 घण्टे के अन्दर मय विडियो, फोटो सहित पंचनामा बनाकर वरिष्ठ अधिकारी को प्रेषितं करे। उक्त बैठक में तहसीलदार शिवराम कनासे, सनावद तहसीलदार मुकेश मचार, नायब तहसीलदार, समस्त, कृषि विस्तार अधिकारी, समस्त पटवारी, बी.टी.एम., एवं ए.टी.एम. उपस्थित रहे।

पुलिस अधीक्षक बड़वानी के निर्देशन में थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस की बड़ी कार्रवाई

## अंतरराज्यीय हथियार तस्कर सहित तीन आरोपी गिरफ्तार

**दो देशी पिस्टल एवं मोटरसाइकिल जब्त की**



विनय उजाला

**सेंधवा, निप्र।** बड़वानी पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर के कुशल निर्देशन एवं एसडीओपी सेंधवा श्री अजय वाघमारे के मार्गदर्शन में थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस द्वारा अंतरराज्यीय स्तर पर अवैध हथियारों की तस्करी में संलिप्त आरोपी का पर्दाफाश किया गया है।

विश्वसनीय मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर थाना सेंधवा ग्रामीण पुलिस ने जामली टोल नाका, क्वरोड पर घेराबंदी कर एक मोटरसाइकिल पर सवार तीन संदिग्धों को रोका और तलाशी लेने पर दो देशी पिस्टल एवं एक मोटरसाइकिल जप्त की गई।

**गिरफ्तार आरोपी :**

1. हरजीत सिंह पिता नजर सिंह जाट, निवासी ग्राम कुसमा, मानसा शहर, पंजाब
2. अभिषेक पिता मनोहर ओभाल मराठा, निवासी कुलकर्णी का भट्टा, परदेशीपुरा, इंदौर
3. एक विधि विरुद्ध बालक

**जब्त सामग्री :** 02 देशी पिस्टल मय मैग्जीन (अनुमानित मूल्य-?40,000) मोटरसाइकिल हीरो एचएफ डीलक्स (MP-09-XK-4382), अनुमानित मूल्य : रुपए 60,000

**कुल जप्त मशरूका :** रुपए 1,00,000

**पंजीकृत अपराध :** अपराध क्रमांक 221/25 धारा 25(1)(a) आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज प्रारंभिक पूछताछ में यह सामने आया है कि आरोपीगण पंजाब से अवैध हथियार खरीदकर अन्य राज्यों में सप्लाई करने की योजना में थे। सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।इस कार्रवाई में विशेष भूमिका रही-निरीक्षक दिलीप कुमार पुरी (थाना प्रभारी, सेंधवा ग्रामीण) उप निरीक्षक संजीव पाटील प्रधान आरक्षक विनोद मीणा (65) आरक्षक बल बहादुर (641), पंकज पुरोहित (554) एवं समरथ राठौर (637) की सराहनीय भूमिका रही है । बड़वानी पुलिस द्वारा की गई यह त्वरित और प्रभावी कार्रवाई जिले में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध की जा रही मुहिम का हिस्सा है। पुलिस अधीक्षक श्री डावर ने टीम की सराहना करते हुए आगामी दिनों में भी इसी प्रकार की सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए हैं।

सामूहिक विवाह सम्मेलन का लगातार 29वां आयोजन

# अभा क्षत्रिय राजपूत समाज का सामूहिक विवाह सम्मेलन होगा

विनय उजाला

**कसरावद, निप्र।** अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन 30 अप्रैल अक्षय तृतीया के विशेष संयोग अवसर पर आयोजित होगा। स्थानीय कृषि उपज मंडी समिति परिसर मे उक्त आयोजन को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो चुकी है।

**हर वर्ष होने वाले सामूहिक विवाह सम्मेलन का लगातार :** 29 वाँ वर्ष है। अगामी सामूहिक विवाह सम्मेलन की तैयारियों को लेकर निमाड़, मालवा सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों से सामाजिक जन शामिल होगे।

कार्यक्रम को लेकर सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति द्वारा समाज के वर वधू जोडो,का वैवाहिक पंजीयन किया जा रहा है।

वैशाख सुदी तीज (अक्षय तृतीया) के अवसर पर सामूहिक विवाह सम्मेलन मे 50 जोडे वैवाहिक नव दांम्पत्य जीवन की शुरुआत कर, परिणय सूत्र बंधन में बंधगे। फिलहाल 45 जोडो का पंजीयन हो चुका है। स्थानीय कृषि उपज मंडी प्रांगण परिसर में होने वाले भव्य आयोजन की रुप रेखा तैयारी कर समिति सदस्यों को दायित्व सौपा गया है।

**अक्षय तृतीया पर, 50 जोड़े परिणय सूत्र में बंधेंगे**



सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति अध्यक्ष ठा, दशरथ सिंह पटेल ने बताया कि अखिल भारतीय क्षत्रिय राजपूत समाज सामूहिक विवाह सम्मेलन पिछले 29 वर्ष से लगातार जारी है।

वैवाहिक सम्मेलन समिति को समाज का हमेशा बेहतर सहयोग मिलता रहा है। यही कारण है पिछले 29 वर्षो से अनवरत रुप से सामूहिक विवाह सम्मेलन हर वर्ष सफल एवं भव्य स्तर की ओर निरंतर बढ रहा है। वैवाहिक आयोजन मे समय की बचत व फिजूलखर्ची को रोका जा सकता है। इससे समाज की आथिर्क स्थिति कमजोर नही होते हुए बेहतर होगी। क्योंकि सामूहिक विवाह सम्मेलन वर्तमान समय में समय की मांग है। सामूहिक आयोजन को सफल बनाने के लिए पिछले दो महिनों से सामूहिक विवाह सम्मेलन समिति सदस्यों व समाज के वरिष्ठ जन जुटे हुए हैं। विवाह समिति के द्वारा कन्यादान में प्रत्येक वर वधु को 11 बर्तन, मंगलसूत्र, बिछिया, पायजेब, पलंग, गादी, तकिया समिति के द्वारा दिए जाएंगे। वैवाहिक कायकर्म में 15000 से अधिक की संख्या में समाजजन शामिल होंगे।

भोजन की व्यवस्था रहेगी। गर्मी की तपन को देखते हुए डोम टेंट फव्वारा युक्त लगाया जा रहा है। ठंडे चिल्ड वाटर सहित ठंडाई की व्यवस्था होगी। सामूहिक विवाह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए वैवाहिक सम्मेलन समिति सहित समाज के सभी सामाजिक जनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने एवं पधारने का आग्रह किया है।

## एमपी ट्रांसको वेबसाइट पर पेंशनरों के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सुविधा शुरू

**खरगोन, निप्र।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) ने अपने पेंशनरों और उनके आश्रितों के लिए ऑन लाईन सेवाओं को बेहतर बनाने हेतु अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर नई सुविधाएँ शुरू की हैं। एक प्रमुख पहल के रूप में, अब पेंशनर कहीं से भी डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र (जीवन प्रमाण पत्र) सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। एम.पी. ट्रांसको के मुख्य वित्तीय अधिकारी मुकुल महरोत्रा ने बताया कि पहले पेंशनरों या उनके आश्रितों को जीवन प्रमाण पत्र जमा करने के लिए एमपी ट्रांसको के कार्यालयों में जाना पड़ता था, लेकिन अब यह आवश्यकता समाप्त कर दी गई है। इस नई सुविधा के साथ, डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सेवा अब वेबसाइट पर आसानी से उपलब्ध है।

## मई माह से लागू होगा स्मार्ट पीडीएस सिस्टम

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग के निर्देशानुसार प्रदेश के समस्त हितग्राहियों की ई-केवाइसी की जाकर दोहरे, अपात्र, साईलेन्ट राशन कार्डों का विलोपन करने के लिए 30 अप्रैल 2025 तक अभियान चलाया जाना है। जिसके संबंध में कलेक्टर सुश्री भव्या मित्तल द्वारा 10 अप्रैल को गूगल मीट के माध्यम से अभियान की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिये । माह मई 2025 से स्मार्ट पीडीएस शासन स्तर से लागू होना है। स्मार्ट पीडीएस अंतर्गत केवल ईकेवायसी हितग्राहियों को ही राशन की पात्रता होगी। उक्त बैठक में एनएफएसए अंतर्गत राशन प्राप्त करने वाले पात्र परिवार/हितग्राहियों ई-केवायसी 30 अप्रैल 2025 तक जिन हितग्राहियों की ई-केवायसी होना शेष है। उन हितग्राहियों को अपनी संबंधित उचित मूल्य दुकान से ई-केवायसी पीओएस मशीन के माध्यम से कराई जाना आवश्यक है अन्यथा आगामी माह मई 2025 से जिन हितग्राहियों की ई-केवायसी नहीं होगी। उन हितग्राहियों को राशन लेने में परेशानी हो सकती है। ईकेवायसी के लिए पीओएस मशीन के अतिरिक्त मेरा ईकेवायसी एप से मध्यप्रदेश के पात्र राशन हितग्राहियों के लिये स्मार्ट मोबाईल फोन गूगल प्ले स्टोर के माध्यम से मेरा ईकेवायसी एप डाउनलोड कर ईकेवायसी एप उपयोग करते हुए मोबाईल लोकेशन, चालू अवास्था में रहे। मेरा ईकेवायसी के साथ ही फेस आरडी को भी डाउनलोड किया जाना है। बिना फेस आरडी के एप काम नहीं करेगा। डाउनलोड एप से बच्चे या वृद्ध हितग्राही होने की स्थिति में उनके माता-पिता/संतान या स्वयं एप डाउनलोड करके अपना ईकेवायसी हितग्राही स्वयं या विक्रेता उचित मूल्य दुकान, रोजगार सहायक, सचिव, वार्ड प्रभारी की सहायता से एप डाउनलोड कर पात्र हितग्राही का आधार कार्ड दर्ज किया जाना है।

**मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 387 कन्याओं का हुआ विवाह**

# 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण है विवाह संस्कार : राज्यपाल

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** भारतीय संस्कृति में विवाह एक श्रेष्ठ और पवित्र संस्कार है यह 16 संस्कारों में सबसे महत्वपूर्ण है जिसे '' पाणिग्रहण संस्कार '' भी कहा जाता है। हमारे समाज में बेटी के माता-पिता को उनके बड़े होने पर सबसे अधिक चिंता उनके विवाह की होती है। सरकार की इस योजना के माध्यम से उन सभी गरीब अभिभावकों की इस चिंता को खत्म किया है। जिससे वे बेटियों की शादी को बोझ नहीं वरदान समझे। अब उन्हे विश्वास है कि उनकी बेटी का विवाह मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना में हो जायेगा। योजनान्तर्गत मिलने वाली 49 हजार रुपये की राशि से बेटियां अपनी मर्जी अनुसार गृहस्थी बसा सकती है।

कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचन्द्र गेहलोत एवं प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री तथा बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री श्री इन्दरसिंह परमार ने उक्त बाते शनिवार को कृषि उपज मण्डी प्रांगण बड़वानी में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत हुए सामूहिक विवाह समारोह के दौरान कन्याओं को आर्शीवाद देते हुए कही। इस दौरान पूर्व केबिनेट मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंत पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री अजय यादव, कलेक्टर श्रीमती गुंचा सनोबर, पुलिस अधीक्षक श्री जगदीश डावर, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान ने कन्याओं को 49 हजार रुपये की राशि का चेक का वितरण कर सुखी दाम्पत्य जीवन का आर्शीवाद भी दिया।





**जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत दिलवाई शपथ**

मुख्यमंत्री कन्यादान विवाह योजना के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम में कर्नाटक के राज्यपाल श्री थावरचंद गहलोत ने उपस्थितों को जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संरक्षण एवं जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई एवं संवर्धन की शपथ भी दिलवाई। कार्यक्रम में पूर्व केबिनेट मंत्री श्री प्रेमसिंह पटेल, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री बलवंतसिंह पटेल, जिला भाजपा अध्यक्ष श्री अजय यादव, नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री सुभाष भावसार, श्री भगवती प्रसाद शिन्दे, भागीरथ कुशवाह, समस्त पार्षदगण, सहित वर-वधु के परिजन उपस्थित थे।

## संक्षिप्त समाचार

### आयुक्त ने की सीएम हेल्प लाइन की समीक्षा



**देवास, निप्र।** आयुक्त रजनीश कसेरा के द्वारा सीएम हेल्प लाइन में नगर निगम संबंधि दर्ज शिकायतों को समयावधि में निराकरण करने के साथ ही शिकायतों के संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने से, जिससे नगर निगम शासन स्तर पर जारी ग्रेडिंग के सुधार करने के भी निर्देश जारी किए गए। बैठक में आयुक्त ने कहा कि सीएम हेल्प लाइन में दर्ज शिकायतों की प्रकृति का अवलोकन कर शिकायतकर्ता से समक्ष मे चर्चा कर उन्हें संतुष्ट कर शिकायतों को कटवाएं। आयुक्त के द्वारा सफाई, पानी से संबंधित शिकायतों का त्वरित गति से निपटान हेतु स्वास्थ्य विभाग के एसआई एवं वार्ड उपयंत्रियों को निर्देश दिए गए तथा उन्होंने प्रत्येक विभाग को संतुष्टिपूर्वक निराकरण करने में स्वास्थ्य विभाग को 95 प्रतिशत, निगम लोक निर्माण विभाग को 75 प्रतिशत, जलप्रदाय विभाग को 75 प्रतिशत एवं संपदा शाखा को 95 प्रतिशत का लक्ष्य सौंपा गया। आयुक्त ने लोक निर्माण विभाग में वार्ड उपयंत्रियों द्वारा अपने.अपने वार्ड में दर्ज शिकायतों के शत प्रतिशत निराकरण करने पर वार्ड उपयंत्री भूमिका जैन के कार्यों की प्रशंसा की गई।

### प्रख्यात शायर अजीत रोशन का इंतकाल

**देवास, निप्र।** गीतकार गजलकार नजम कर, शहर के मशहूर शायर अजीत रोशन का लंबी बीमारी के बाद इंतकाल हो गया शवयात्रा उनके



जोशीपुरा स्थित निवास से निकली खारी बावड़ी की मस्जिद में नमाज ए जनाजा काज़ी नोमान अहमद अशरफी साहब ने अदा कराई। कर्मचारी कॉलोनी कब्रिस्तान में दफनाया गया सीरत कमेटी अध्यक्ष शकील पठान पत्रकार के ससुर, भाजपा नेता नफीस खान, समाजसेवी शरीफ मामू के साले, जावेद खान, नहीफ खान, सोनू के पिता के निधन से उर्दू अदब और जगत में शोक की लहर छा गई। उनकी शवयात्रा में भाजपा नेता अंसार अहमद, हाथी वाले, अफजल खान, प्रकाश एडवोकेट जावेद उल कादरी, एडवोकेट सैय्यद लियाकत अली, जुबेर मदनी, डॉक्टर हन्नान फारूकी, सुल्तान अहमद हाथी वाले, शब्बीर अहमद इदरीस गौरी, राजकुमार चंदन, नजीर बब्बू खान मिल वाले, मोहन राजपूत, शायर इस्माइल नजर अकबर देवासी, डॉ. शरीफ जमाल, साबिर पठान, गुलजार अली, आरिफ वारसी, शादाब अशरफी, गुड्डू पटेल आदि ने सम्मिलित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## जिले में नरवाई जलाने पर 9 लोगों पर केस दर्ज और 2 लाख रुपए का जुर्माना

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जिले में नरवाई में आग लगाने की घटनाओं को रोकने के लिए फसल अवशेष में आग लगाना प्रतिबंधित कर दण्ड अधिरोपित करने का प्रावधान किया गया है। कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने जिले के किसान भाइयों से अपील की है कि नरवाई में आग ना लगाए, यदि किसान भाई नरवाई में आग लगाएंगे उन पर अर्थदंड की कार्रवाई की जाएगी।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में नरवाई जलाने वालों को चिन्हित कर अभी तक उनके खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के तहत 9 प्रकरण दर्ज किए, जाकर लगभग 2 लाख 5 हजार का जुर्माना लगया गया है, जिसमें टोंकखुर्द विकासखण्ड में 3 एफआईआर दर्ज होकर 60000 रुपए का जुर्माना, देवास में 4 एफआईआर होकर 67500 रुपए का अर्थदण्ड, बागली में 2 एफआईआर होकर 15000 रुपए का अर्थदण्ड, खातेगांव विकासखण्ड में 12500 रुपए का अर्थदण्ड, कन्नौद में 32500 रुपए तथा सोनकच्छ विकासखण्ड में 17500 रुपए का अर्थदण्ड लगाया गया।

उपसंचालक कृषि ने बताया कि जिले में नरवाई जलाने की घटनाओं की रोकथाम हेतु राजस्व एवं कृषि विभाग द्वारा लगातार पंचायत स्तर पर मॉनिटरिंग की जा रही है। क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा किसानों को प्रचार-प्रसार के माध्यम से फसल अवशेष में आग न लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है एवं नरवाई जलाने की घटना मिलने पर संबंधित पर प्रावधान अनुसार कार्रवाई की जा रही है।

ढाई से लेकर पंद्राह हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान...

फसल कटाई के बाद बचे फसल अवशेषों में आग लगाने (नरवाई जलाने) से पर्यावरण को हो रहे नुकसान के संबंध में कृषक वर्गों में जागरुकता बढ़ाने हेतु नरवाई जलाने वालों के खिलाफ आपराधिक प्रकरण दर्ज किए जाने एवं निर्देशों का उल्लंघन करने पर आर्थिक दण्ड के रूप में पर्यावरण क्षतिपूर्ति राशि देय का प्रावधान है। इसके अंतर्गत दो एकड से कम धारित भूमि के कृषक पर रुपए 2500 रुपए, दो एकड़ से अधिक 5 एकड़ से कम धारित भूमि के कृषक पर रुपए 5000 रुपए, पांच एकड़ से अधिक धारित भूमि के कृषक पर रुपए 15000 रुपए का अर्थदंड लगाया जा रहा है मृदा एवं पर्यावरण पर नरवाई जलाने के प्रतिकूल प्रभावों को दृष्टिगत रखते हुए फसल अवशेष प्रबंधन अति आवश्यक है। किसानभाई अपनी सूझबूझ एवं थोड़ी सी मेहनत से मृदा एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखते हुए आर्थिक लाभ भी ले सकते हैं।

समदड़िया ग्रुप की संपत्ति का बाजार भाव न गिरे इसलिए शहर के बाहरी क्षेत्र में लेकर गए ब्रिज..

# पूर्व कलेक्टर चंद्रमोली शुक्ला कर गए खेल

## मप्र की सरकार में मंत्री रहे दीपक जोशी ने तीन अफसरों को घेरा

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** अपेक्स से बावडिया तक का ब्रिज जल्द शुरू होने वाला हैं. 37 मोतों के बाद आखिरकार इस ब्रिज को बंद कर दिया गया था। अब इसमें काफी बदलाव किया गया हैं। ब्रिज को डिवाइडर से दो लेन में बदल दिया गया हैं। ब्रिज शुरू होने से पहले शनिवार को पूर्व मंत्री दीपक जोशी ने प्रेसवार्ता की। श्री जोशी ने ब्रिज को लेकर गंभीर सवाल उठाए। पूर्व मंत्री ने खुलासा करते हुए बताया कि पूरा देवास समदड़िया ग्रुप के हाथों में देने की तैयारी हैं। हर प्राइम लोकेशन की जमीन पर इस ग्रुप की नजर जमी हैं। शहर के अंदर भगवत सराय से लेकर कलेक्ट्रेट कार्यालय तक की जमीन ये ले चुके हैं। जल्द ही शिक्षा विभाग और औद्योगिक क्षेत्र की जगह भी इनके हाथ चली जाए तो कोई अचरज की बात नहीं होगी। श्री जोशी ने कहा कि ब्रिज को भोपाल चौराहे से इंदिरा गांधी प्रतिमा चौराहे तक बनना था, अगर ऐसा होता तो फिर समदड़िया ग्रुप को नुकसान हो जाता। उनकी प्राइम लोकेशन की जगहों का बाजार भाव गिर जाता। ऐसा न हो इसका ध्यान रखा गया और ब्रिज को उठाकर बाहर शिफ्ट कर दिया गया।

पूर्व मंत्री जोशी ने कहा इस काम में तत्कालिन कलेक्टर चंद्रमोली शुक्ला, नगर निगम के आयुक्त विशाल सिंह और एसडीएम का रोल था। इनकी तिकडी ने खेल कर दिया। श्री जोशी ने इस भ्रष्टाचार की शिकायत आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो से की हैं। पूरे मामले की जांच की मांग की हैं। साथ ही कहा कि एबी रोड का ब्रिज एकंगी था, लेकिन दोनों तरफ से ट्राफिक शुरू किया जा रहा हैं। आगे इस ब्रिज पर हादसे बढेंगे। खास बात यह है कि अभी कुछ दिन पहले सीएम मोहन यादव ने विदेश दौरा किया था, इस दौरे में भी देवास कलेक्टर रहे चंद्रमोली शुक्ला और नगर निगम आयुक्त रहे विशालसिंह साथ थे। खास संयोग यह कि ये दोनों अफसर अब एक ही विभाग में हैं। इनके इस साथ पर दीपक जोशी ने भी कटाक्ष किया हैं।

### कलेक्टर ने किसी की नहीं सुनी...

- » सरकार ने कोरोना की गाइडलाइन बनाई थी। आदेश था कि इस दौरान कोई विकास कार्य प्रारंभ नहीं किए जाएंगे, लेकिन तत्कालीन कलेक्टर चंद्रमोली शुक्ला ने इसे नजर अंदाज कर ब्रिज का काम शुरू करवा दिया।
- » स्थानीय व्यापारी इस ब्रिज के विरोध में आ गए थे। उनका कहना था कि जब ब्रिज की जरूरत ही नहीं है तो क्यों बनाया जा रहा, कलेक्टर शुक्ला ने सख्ती से विरोध को दबा दिया। शुक्ला उस समय देवास प्राधिकरण भी देख रहे थे। उनके रहते ही नगर निगम की पुरानी बिल्डिंग, भगवती सराय और कलेक्ट्रेट भवन समदड़िया ग्रुप के हाथों में चला गया, आखिर इतना कुछ एक साथ इस ग्रुप के हवाले क्यों किया गया।

# नगर निगम के अधिकारी सिंहस्थ-2028 को देखते हुए अध्ययन कर कार्यों के प्रस्ताव बनाए

## कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में सिंहस्थ-2028 के लिए स्वीकृत कार्यों एवं निर्माण कार्य विभागों की समीक्षा बैठक आयोजित

विनय उजाला



**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए जिले में हुए स्वीकृत कार्यों एवं निर्माण विभागों द्वारा जिले में किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। बैठक में पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, आरईएस, नगर निगम, एनएचएआई, एमपीआरडीसी, डब्ल्यूआरडी, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर ऋतुराज सिंह ने आगामी सिंहस्थ-2028 के लिए जिले में हुए स्वीकृत कार्यों की समीक्षा कर नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सिंहस्थ-2028 को देखते हुए माताजी टेकरी पर किये जाने वाले कार्यों का प्रस्ताव बनाकर दें। नगर निगम के अधिकारी सिंहस्थ को देखते हुए अध्ययन कर अच्छा प्रस्ताव बनाए। देवास में मल्टीपल पार्किंग स्टेशन के लिए प्रस्ताव बनाए। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि सिंहस्थ को देखते हुए कोई महत्वपूर्ण रोड हो, जिसकी आवश्यकता हो तो प्रस्ताव बनाकर शीघ्र भेजे।

कलेक्टर श्री सिंह ने जिले में पीडब्ल्यूडी, पीआईयू, आरईएस, नगर निगम, एनएचएआई, एमपीआरडीसी और डब्ल्यूआरडी द्वारा किए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा कर कार्य समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री सिंह ने जल जीवन मिशन की समीक्षा कर पीएचई अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रगतिरत कार्य शीघ्र पूर्ण करें। कलेक्टर श्री सिंह ने स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत स्वास्थ्य संरचनाओं के निर्माण कार्य की समीक्षा भी की और कार्य शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए।

## ग्राम बरखेड़ाकायम जनपद पंचायत देवास में बारिश के पानी को सहजने के लिए किया जा रहा है तालाब गहरीकरण



विनय उजाला

**देवास, निप्र।** कलेक्टर ऋतुराज सिंह के मार्गदर्शन में देवास जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से जल संरचनाओं के निर्माण एवं गहरीकरण का कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में जिला प्रशासन एवं ग्रामीणों के जनसहयोग से ग्राम पंचायत बरखेड़ाकायम जनपद पंचायत देवास में बारिश के पानी को सहजने के लिए तालाब गहरीकरण कार्य किया जा रहा है। तालाब के गहरीकरण के बारिश के दिनों में पानी संग्रहित होगा तथा वाटर लेवल भी बढ़ेगा, जिससे पेयजल के साथ खेती करने के लिए भी पानी मिल सकेगा।

## कोटेश्वर महादेव पर यज्ञ में पहुंचे मंत्री इंदरसिंह परमार, तपन भौमिक व रायसिंह भी हुए शामिल

विनय उजाला

**सोनकच्छ, निप्र।** विश्व के चौथे तथा भारत के तीसरे श्री माँ धूमावती शक्तिपीठ श्री कोटेश्वर धाम कोटड़ा, साँवेर, सोनकच्छ पर धन के देवता श्री कुबेर भगवान की प्रतिमा की प्रतिष्ठा के लिए महायज्ञ किया जा रहा है। पञ्च दिवसीय 'श्री रुद्र समायुक्त श्री लक्ष्मी कुबेर महायज्ञ' के दूसरे दिन यज्ञाचार्य पं यशवन्त काले सह यज्ञाचार्य पं प्रसाद जी व तीन विद्वान ब्राह्मणों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ के संकल्पित यजमानों के हाथों से यज्ञशाला मण्डप पूजन कर मण्डप प्रवेश कराया गया। नवग्रह मण्डल पूजन कर श्री कुबेर जी की प्रतिमा का स्नान करवाकर अरणी मन्थन कर अग्नि उत्पन्न कर हवनकुण्ड प्रज्वलित कर भगवान श्री गणेश जी के मंत्रों से यजमानों के हाथों आहुतियां अर्पित कर प्रारम्भ हुआ।



नवग्रह, श्री माँ धूमावती, श्री माँ महालक्ष्मी, श्री माँ बगलामुखी, श्री माँ पद्मावती, श्री कुबेर जी के मंत्रों से आहुतियां अर्पित की गईं। संध्या आरती पश्चात भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया।

दोपहर पश्चात मप्र शासन में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी कैबिनेट मंत्री इन्दर सिंह परमार, मप्र राज्य पर्यटन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष तपन भौमिक तथा देवास भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव, श्री यज्ञ में पहुंचे। यहाँ स्थित सभी मंदिरों में दर्शन कर पीठाधीश्वर दण्डी स्वामीजी का आशीर्वाद लिया। सभी ने स्वामीजी से धाम के आध्यात्म क्षेत्र के आगामी विकास पर चर्चा की।

भगवान कुबेर की नवीन प्रतिमा का गेँहू से अन्नादिवास कराया गया। भगवान कुबेर, श्री सूक्त व श्री रूद्र के मंत्रों के उच्चारण के साथ हवनकुण्ड में आहुतियाँ अर्पित की गईं। श्री कोटेश्वर महादेव भक्तमण्डल ने क्षेत्रवासियों से यज्ञ में अधिक से अधिक संख्या में आने की अपील की है।

### चतरपुरा में नहर निर्माण फिर अटका

# तहसीलदार की मौखिक मंजूरी के बावजूद सिंचाई विभाग मांग रहा लिखित आदेश

## किसान बोले : अब तो विभाग ही बहाना बना रहा

विनय उजाला



**सतवास, निप्र।** ग्राम चतरपुरा में अधूरी पड़ी नहर का निर्माण कार्य एक बार फिर अफसरों की टालमटोल में फंस गया है। सिंचाई विभाग जहां तार फेंसिंग को अतिक्रमण मानकर काम रोक रहा है, वहीं सतवास तहसीलदार हरिओम ठाकुर साफ कह चुके हैं कि कोई रुकावट नहीं है और निर्माण शुरू किया जा सकता है। इसके बावजूद विभाग अब लिखित आदेश की मांग कर रहा है और काम टाल रहा है। मामले की जड़ एक किसान की तार फेंसिंग है, जिसे सिंचाई विभाग अतिक्रमण मान रहा है। जबकि राजस्व विभाग ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया कि जमीन पर कब्जा है या नहीं। किसान खुद आगे आकर कह चुका है कि मिट्टी की जरूरत पड़ी तो वह दे देगा, और तहसीलदार ने भी दो टूक कहा है कि अगर मशीन चलाने में फेंसिंग बाधा बनी तो हटवानी पड़ेगी। इसके बावजूद जब तहसीलदार ने एसडीओ मयंक परमार को मौखिक अनुमति दी, तो उन्होंने पहले कहा कि दो-तीन दिन में काम शुरू करवा देंगे। लेकिन जब किसानों ने दोबारा बात की तो जवाब मिला- 'अभी नहीं कह सकते कब काम शुरू होगा, पहले तहसीलदार से लिखित में लाओ।' यही बात इंजीनियर सीताराम बाडोलिया ने भी कही।

किसानों का कहना है कि मामला देवास कलेक्टर और कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान तक जा चुका है, जब नहर के किनारे तार फेंसिंग करने वाला व्यक्ति मिट्टी देने को खुद तैयार है, तहसीलदार ने मौखिक सहमति दे दी है। फिर सिंचाई विभाग ही बहाने बना रहा है। उनका कहना है कि अब असली रुकावट फेंसिंग नहीं, बल्कि खुद विभाग की लापरवाही और निर्णयहीनता है।

गौर करने वाली बात है कि खरीफ के सीजन में तो बारिश से खेतों में पर्याप्त पानी आ जाता है, इसलिए नहर की असली जरूरत रबी फसल के वक्त होती है, जब पानी का कोई दूसरा स्रोत नहीं होता। ऐसे में नहर का निर्माण अभी नहीं हुआ तो किसानों को रबी में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। यह वही नहर है जिसकी गुणवत्ता पहले भी सवालों में रही है आधा-अधूरा निर्माण और टूट-फूट के बाद अब जब किसानों ने खुद सहयोग की पहल की है, तो विभागीय बहानेबाजी उनकी उम्मीदों को तोड़ रही है। गांव के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द निर्माण शुरू नहीं हुआ तो वे धरना-प्रदर्शन करेंगे और जिम्मेदार अफसरों की जवाबदेही तय करने की मांग उठाएंगे।

## 38 दिवसीय कम्प्यूटर अकाउंटिंग बुक कीपिंग के प्रशिक्षण लिए 22 अप्रैल तक पंजीयन

विनय उजाला

**खरगोन, निप्र।** बैंक ऑफ इंडिया-आर सेटी खरगोन में नि:शुल्क आवासीय प्रशिक्षण एवं बायोमैट्रिक अटेंडेंस अनिवार्य 23 अप्रैल 2025 से 38 दिवसीय कंप्यूटर अकाउंटिंग बुक कीपिंग का प्रशिक्षण चालू हो रहा है। इसके लिए आवेदक की उम्र 18 वर्ष से 45 वर्ष होना चाहिए 7 इस प्रशिक्षण के लिए पंजीयन 22 अप्रैल 2025 तक आर सेटी में किया जायेगा। ट्रेनिंग का बैच सिर्फ महिलाओं के लिए है। खरगोन जिले के ग्रामीण स्टार स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान जुलवानिया रोड सुत मिल कालेज के पास खरगोन में पहले आये पहले पाये के आधार पर प्रवेश दिया जायेगा।

## सामाजिक ताने-बाने के गठजोड़ से सेवा के बहुआयामी प्रकल्पों का संचालन प्रेरणादायी है : प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार

विनय उजाला

**बड़वानी, निप्र।** आज प्रात: आशाग्राम ट्रस्ट पहुंचकर वंचित वर्ग के लिए, सीमित संसाधन एवं मितव्ययी रहते हुए कैसे पुनर्वास के कार्य किये जा सकते हैं, यह देखने को मिला। साथ ही यह जानकर प्रसन्नता हुई कि यहां जिला प्रशासन के द्वारा जन सहयोग से एक और जहां जरूरतमंद कुष्ठ रोगियों के सुंदर प्रधानमंत्री आवास बनाए गए हैं। वहीं इस क्षेत्र को प्राण वायु से परिपूर्ण कर शिवकुंज पर्यावरणीय पाठशाला की रचना भी की गई है।

उक्त बातें प्रदेश के उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष विभाग मंत्री तथा बड़वानी जिले के प्रभारी मंत्री श्री इन्दरसिंह परमार ने आशाग्राम ट्रस्ट के अवलोकन के दौरान कही। उन्होंने सर्वप्रथम शिवकुंज पहुंचकर पंचमुखी हनुमान जी महाराज की पूजा अर्चना की। वही शिवकुंज योगा ग्रुप के द्वारा जन सहयोग से विशाल हनुमान जी प्रतिमा के रंग रोगन कार्य को सराहनीय बताया। प्रभारी मंत्री श्री परमार के द्वारा स्वावलंबन एवं स्वाभिमान का प्रतीक ताने और बाने के गठजोड़ से बनी हस्त निर्मित होजरी वेस्ट दरी उत्पाद को देखकर प्रशंसा की एवं योगामेट व कार सेट के साथ-साथ अन्य सामग्री खरीदी।

इसके पश्चात उन्होंने आशा चिकित्सालय का भ्रमण कर आयुष्मान कार्डधारी मरीजो के परिजनों से चर्चा कर मिल रही सुविधा की जानकारी ली। चिकित्सालय परिसर में निर्मित मृत्युंजय महादेव को उन्होंने मरीजो के उत्तम स्वास्थ्य के लिए अनुकूल आध्यात्मिक परिसर बताया। चौकसी वाला ज्वेलर्स के आर्थिक सहयोग से संचालित निराश्रित मानसिक रोगियों के आशा आश्रय गृह का भ्रमण कर मनोरोगियों के लिए संस्था के द्वारा किए जा रहे कार्य को अनुकरणीय बताते हुए जन सहयोग से संचालित इस प्रकल्प को और आगे बढ़ाने के लिए कहा।

### जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति बैठक कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में हुई आयोजित

# 'नल जल योजना' में प्रगतिरत कार्य समय सीमा में पूर्ण करें

विनय उजाला

**देवास, निप्र।** जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत गठित जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति देवास की बैठक कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर ऋतुराज सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, पीएचई विभाग के अधिकारी, जल निगम के अधिकारीगण, सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने



जल निगम की प्रगतिरत और पूर्ण समूह योजनाओं नेमावर, खातेगांव, कन्नौद और पुंजापुरा की समीक्षा की। इस दौरान योजना के संबंध में विस्तार से जानकारी ली तथा निर्देश दिए कि जल निगम की योजनाओं का जो कार्य प्रगतिरत है, उसका कार्य शीघ्र पूर्ण करें। जहां कठिनाईयां आ रही है, उनका आपस में समन्वय कर निराकरण करें। बैठक में बताया गया कि जल निगम की कन्नौद एवं खातेगांव की परियोजना का कार्य प्रगतिरत है, जो कि आगामी दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने जल जीवन अंतर्गत विकासखण्ड देवास, टोंकखुर्द, सोनकच्छ, बागली, कन्नौद और खातेगांव में प्रगतिरत नल जल योजना की समीक्षा कर प्रगतिरत कार्य को पूर्ण करने के निर्देश दिये। बैठक में बताया गया कि जिले में नल जल योजना में 645 एकल योजनाएं संचालित है। 457 नल जल योजनाएं पूर्ण हो गई है और 188 योजनाएं प्रगतिरत है। 329 योजनाएं ग्राम पंचायत को हस्तांतरित की गई है।

# जोस बटलर के तूफान में उड़ी दिल्ली कैपिटल्स

## गुजरात टाइटंस की धमाकेदार जीत, टेबल में टॉप पर पहुंची

अहमदाबाद, एजेंसी

**इंडियन प्रीमियर लीग 2025 के मैच नंबर-35 में गुजरात टाइटन्स का सामना दिल्ली कैपिटल्स से हुआ। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स को सात विकेट से हार का सामना करना पड़ा। मुकाबले में गुजरात टाइटन्स को जीत के लिए 204 रनों का टारगेट मिला था, जिसे उसने 19.2 ओवर में हासिल कर लिया। गुजरात के लिए जोस बटलर ने नाबाद 97 रन बनाए।**

मौजूदा आईपीएल सीजन में दिल्ली कैपिटल्स की सात मैचों में यह दूसरी हार रही। गुजरात टाइटन्स ने भी 7 मैच खेले हैं और उसकी ये पांचवीं जीत रही। इस जीत के साथ ही गुजरात टाइटन्स पॉइंट्स टेबल में पहले नंबर पर आ गई हैं। गुजरात और दिल्ली के 10-10 अंक हैं, लेकिन गुजरात का नेट-रनरेट दिल्ली की तुलना में बेहतर है। टारगेट का पीछा करते हुए गुजरात टाइटन्स की शुरुआत अच्छी नहीं रही. शुभमन गिल 7 रन बनाकर करुण नायर के थ्रो पर रन आउट हो गए।



### कृष्णा ने झटके 4 विकेट, अक्षर-आशुतोष की दमदार बैटिंग

दिल्ली कैपिटल्स ने टॉस हारकर पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 203 रन बनाए. दिल्ली कैपिटल्स की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही और उसने अभिषेक पोरेल का विकेट दूसरे ही ओवर में गंवा दिया। अभिषेक 18 रन बनाकर तेज गेंदबाज अरशद खान की गेंद पर चलते बने. केएल राहुल ने इसके बाद करुण नायर के साथ मिलकर पारी को संभाला. राहुल क्रीज पर सेट हो चुके थे, लेकिन वो अपनी इनिंग्स को बड़ा नहीं कर पाए. तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने एक बेहतरीन यॉर्कर पर राहुल को एलबीडब्ल्यू आउट किया। केएल राहुल ने 14 गेंदों पर 28 रन बनाए, जिसमें 4 चौके के अलावा एक सिक्स शामिल रहा।

### बटलर और रदरफोर्ड ने 109 रनों की साझेदारी की

इसके बाद साई सुदर्शन ने जोस बटलर के साथ मिलकर दूसरे विकेट के लिए 60 रनों की पार्टनरशिप करके टीम को संभाला। सुदर्शन ने 5 चौके और एक छक्के की मदद से 21 बॉल पर 36 रन बनाए। सुदर्शन को कुलदीप यादव ने अपनी फिरकी में फंसाया। जब सुदर्शन आउट हुए, उस वक्त गुजरात का स्कोर दो विकेट पर 74 रन था। यहां से जोस बटलर और इम्पैक्ट सब शेरफेन रदरफोर्ड ने 109 रनों की साझेदारी करके गुजरात को जीत के करीब पहुंचाया।
शेरफेन रदरफोर्ड 19वें ओवर में मुकेश कुमार की पांचवीं गेंद पर आउट हुए। रदरफोर्ड ने 3 छक्के और एक चौके की मदद से 34 बॉल पर 43 रन बनाए। मुकाबले के आखिरी ओवर में गुजरात को जीत के लिए 10 रन बनाने थे। उस ओवर में राहुल तेवतिया ने मिचेल स्टार्क की पहली गेंद पर छक्का और दूसरी गेंद पर चौका लगाकर टीम को जीत दिलाई। इसके चलते जोस बटलर शतक से वंचित रह गए। जोस बटलर ने 11 चौके और 4 छक्के की मदद से 54 गेंदों पर नाबाद 97 रनों की पारी खेली।

## भारतीय टीम से छुट्टी के बाद दोबारा केकेआर से जुड़े अभिषेक नायर

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय टीम के पूर्व सहायक कोच अभिषेक नायर एक बार फिर कोलकाता नाइट राइडर्स के ड्रेसिंग रूम



में नजर आएंगे। उनकी गत विजेता केकेआर के खेमे में वापसी हो गई है। इसकी जानकारी फ्रेंचाइजी की तरफ से शनिवार को एक्स पर दी गई। हालांकि, इस पोस्ट में यह नहीं बताया गया कि उनकी किस पद पर वापसी हुई है।

यह पहला मौका नहीं है जब अभिषेक नायर केकेआर का हिस्सा बने हैं। इससे पहले वह 2018 से 2024 तक आईपीएल में कोलकाता नाइट राइडर्स के कोचिंग स्टाफ का हिस्सा थे। पिछले साल जुलाई में उन्हें भारतीय टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर के कोचिंग स्टाफ में शामिल किया गया था। हालांकि, आठ महीने बाद उन्हें सहायक कोच के पद से बर्खास्त कर दिया गया। गौरतलब है कि भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने गुरुवार को एक चौंकाने वाला फैसला लेते हुए फील्डिंग कोच टी दिलीप और असिस्टेंट कोच अभिषेक नायर को भारतीय टीम के कोचिंग स्टाफ से हटा दिया था। बीसीसीआई ने यह कार्रवाई ऑस्ट्रेलिया में बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भारत की शर्मनाक हार के बाद की।

## IPL आज के मैच

किंग इलेवन पंजाब VS रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु

स्थान : मोहाली | समय : दोपहर 03:30 बजे

मुंबई इंडियंस VS चेन्नई सुपर किंग्स

स्थान : मुंबई | समय : शाम 07:30 बजे

## अल क़दीसिया ने अल नस्र को 2-1 से हराया



नई दिल्ली, (हि.स.)

**प्रिंस मोहम्मद बिन फहद स्टेडियम में खेले गए सऊदी प्रो लीग मुकाबले में पियरे-एमरिक ऑबामेयांग के देर से किए गए विजयी गोल की बदौलत अल क़दीसिया ने अल नस्र को 2-1 से हराया।**

मैच की शुरुआत से ही अल क़दीसिया ने आक्रामक खेल दिखाया और 35वें मिनट में तुर्की अल-अम्मार के आसान टैप-इन गोल की मदद से 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। इस गोल की नींव रखी ऑबामेयांग ने, जो लगातार विपक्षी डिफेंस के पीछे दौड़ लगाकर दबाव बना रहे थे। उनकी तेज़ शॉट को गोलकीपर बेंटो ने रोका, लेकिन रिबाउंड पर अल-अम्मार ने कोई गलती नहीं की। 84वें मिनट में ब्राज़ीली मिडफील्डर ओताविया के बेहतरीन क्रॉस पर सादियो माने ने शानदार टच के बाद गेंद को गोलकीपर के पास से गोल में डालकर स्कोर 1-1 कर दिया। इस गोल के बाद अल नस्र के खेमें में खुशी लौट आई थी। लेकिन माने के गोल के महज तीन मिनट बाद ऑबामेयांग ने नाहितान नांदेज़ के क्रॉस पर हेडर लगाकर अल क़दीसिया को फिर से बढ़त दिला दी। यह गोल निर्णायक साबित हुआ और अल नस्र को हार झेलनी पड़ी।

### एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैंपियनशिप

## भारत ने 11 पदकों के साथ किया अभियान का समापन

नई दिल्ली, (हि.स.)



हिमांशु जाखड़ ने शनिवार को सऊदी अरब के दम्मम में एशियाई अंडर-18 एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में 67.57 मीटर की दूरी दर्ज करके भारत को पहला भाला फेंक स्वर्ण पदक दिलाया। यह स्वर्ण पदक महाद्वीपीय प्रतियोगिता में लड़कों की भाला फेंक स्पर्धा में भारत का पहला स्वर्ण पदक भी है। हरियाणा के 17 वर्षीय खिलाड़ी ने चीन के लू हाओ (63.45 मीटर) और उज्बेकिस्तान के रुसलान सादुल्लाव (61.96 मीटर) को पीछे छोड़ते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हिमांशु का व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 74.56 मीटर (700 ग्राम) है, जो उन्होंने दिसंबर, 2024 में राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हासिल किया था।

### मिडिल ईस्ट में भारत का स्वर्णिम जलवा

## सभी टीमें वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए क्वालिफाई

नई दिल्ली, (हि.स.)

भारत ने दुबई में आयोजित ब्रिज फेडरेशन ऑफ एशिया एंड मिडिल ईस्ट चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक और एक रजत पदक अपने नाम किए। 10 से 18 अप्रैल तक चले इस टूर्नामेंट में पुरुष, महिला और सीनियर वर्ग में भारतीय टीमों ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि मिक्स्ड टीम ने रजत पदक हासिल किया। इस कामयाबी के साथ ही चारों भारतीय टीमों ने डेनमार्क में होने



वाली वर्ल्ड ब्रिज चैंपियनशिप 2025 के लिए क्वालिफाई कर लिया है।

दुबई में हुए इस टूर्नामेंट में 9 देशों की 25 टीमों ने भाग लिया। भारतीय पुरुष टीम में सुमित मुखर्जी, राजेश्वर तिवारी, सग्निक रॉय, कौस्तभ नंदी, कौस्तुभ मिलिंद बेंद्रे और सायंतन कुशारी शामिल रहे। महिला टीम की ओर से पूजा बत्रा, आशा शर्मा, बिंदिया कोहली, प्रिया बालसुब्रमण्यम, भारती डे और अलका एम क्षीरसागर ने स्वर्ण पदक दिलाया।

**अब डेनमार्क में वमें भिड़ेंगी भारतीय टीमें...** 47वीं वर्ल्ड ब्रिज चैंपियनशिप 2025 का आयोजन 20 से 31 अगस्त तक हर्निंग, डेनमार्क में होगा। इसमें भारत समेत 35 देशों की 66 टीमें हिस्सा लेंगी। वर्ल्ड चैंपियनशिप में बर्मूडा बाउल, वेनिस कप, डी ऑर्सी ट्रॉफी और वुहान कप जैसी प्रतिष्ठित स्पर्धाएं होंगी। टीम के चीफ-डी-मिशन और पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी देबाशीष रे ने इस उपलब्धि पर खुशी जताई और कहा, यह दुबई में हमारा क्लीन स्वीप रहा, लेकिन डेनमार्क में मुकाबला और कड़ा होगा। अगले 3-4 महीनों में हमें अपनी तैयारी और मज़बूत करनी होगी।

## बॉलीवुड

### तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल की फिल्म में

# श्रद्धा कपूर बनेगी हिरोइन...



अभिनेत्री श्रद्धा कपूर की गिनती बॉलीवुड की बेहतरीन और खूबसूरत अभिनेत्रियों में होती हैं। वह पिछली बार फिल्म स्त्री 2 में नजर आई थी। कोई शक नहीं कि इससे उनके करियर को रफ्तार मिली, वहीं श्रद्धा की लोकप्रियता में भी जबरदस्त इजाफा हुआ। इसके बाद से ही प्रशंसक श्रद्धा की आगामी फिल्म की राह देख रहे हैं। अब अभिनेत्री ने पहली बार साल 2018 में आई सुपरहिट फिल्म तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे से हाथ मिलाया है।
रिपोर्ट के अनुसार, तुम्बाड के निर्देशक राही अनिल बर्वे की अगली फिल्म की श्रद्धा हीरोइन बन गई हैं। एकता कपूर इस फिल्म पर पैसा लगाने के लिए तैयार हैं। वह फिल्म की निर्माता होंगी। फिल्म की कहानी लिखी जा चुकी है और श्रद्धा फिल्म की शूटिंग शुरू करने के लिए काफी उत्साहित हैं। इस साल के मध्य तक फिल्म की शूटिंग शुरू हो जाएगी और यह फिल्म अगले साल तक सिनेमाघरों में दस्तक दे सकती है। श्रद्धा जल्द ही फिल्म नागिन में भी नजर आने वाली हैं।

### फिल्म को लेकर श्रद्धा बेहद उत्साहित

निर्माता निखिल द्विवेदी की इस फिल्म को लेकर श्रद्धा बेहद उत्साहित हैं। फिल्म की शूटिंग शुरू हो चुकी है। इसके अलावा श्रद्धा के पास मोहित सूरी की आगामी फिल्म भी है। इस फिल्म में श्रद्धा जाने-माने अभिनेता आदित्य रॉय कपूर के साथ नजर आएंगी। आशिकी 2 के बाद यह दोनों के बीच दूसरा सहयोग होने वाला है, जिसका दर्शक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## कोस्टाओ में कस्टम अधिकारी बन छाए नवाजुद्दीन सिद्दीकी



दिग्गज अभिनेता नवाजुद्दीन सिद्दीकी पिछली बार फिल्म अद्भुत में नजर आए थे, जिसमें हमेशा की तरह उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई। यह फिल्म सीधा सोनी मैक्स टीवी चैनल पर रिलीज हुई थी। अब नवाजुद्दीन जल्द ही फिल्म कोस्टाओ के जरिए दर्शकों का मनोरंजन करते हुए नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान सेजल शाह को सौंपी गई है। आखिरकार अब निर्माताओं ने कोस्टाओ का टीजर जारी कर दिया है, जिसमें नवाज का धाकड़ अवतार दिख रहा है। कोस्टाओ एक हाई-ऑक्टेन क्राइम ड्रामा है, जो गोवा के सबसे बड़े तस्कर से लोहा लेने वाले मेवरिक कस्टम अधिकारी के जीवन से प्रेरित है। फिल्म में नवाज कस्टम अधिकारी कोस्टाओ फर्नांडीज की भूमिका में नजर आएंगे। नवाज के साथ इस फिल्म में प्रिया बापट और किशोर कुमार हुली जैसे कलाकार नजर आएंगे। बता दें कि यह फिल्म सिनेमाघरों में नहीं, बल्कि ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर दस्तक देगी। फिलहाल इसकी रिलीज तारीख सामने नहीं आई है।



## रणवीर सिंह की डॉन-3 से जुड़ीं शरवरी वाघ



जब से फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रैंचाइजी डॉन की तीसरी किस्त डॉन 3 का ऐलान हुआ है, यह लगातार किसी न किसी कारण चर्चा में है। खास बात यह है कि तीसरे भाग के हीरो शाहरुख खान नहीं, बल्कि रणवीर सिंह हैं। फिल्म में उनकी जोड़ी कियारा आडवाणी के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब डॉन 3 में अभिनेत्री शरवरी वाघ की एंट्री हो चुकी है। रिपोर्ट के अनुसार, डॉन 3 की स्टार कास्ट में अब शरवरी शामिल हो गई हैं। फिल्म में अहम भूमिका निभाने के लिए निर्माताओं ने उनसे संपर्क किया थी और कहानी सुनने के बाद अभिनेत्री तुरंत इसके लिए हामी भर दी है। शरवरी भी इतनी बड़ी फ्रैंचाइजी का हिस्सा बनकर काफी उत्साहित हैं। रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस साल के अंत तक फिल्म डॉन 3 की शूटिंग शुरू हो सकती है।

## जल्द होगी जिद्दी राजकुमार की आमकुमारी से मुलाकात, नेटफ्लिक्स पर देगी दस्तक

ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की अपकमिंग रॉयल रोमांटिक-कॉम, द रॉयल्स का प्रीमियर नेटफिलक्स पर होगा। प्रियंका घोष और नुपुर अस्थाना द्वारा निर्देशित सीरीज में जीनत अमान, साक्षी तंवर, नोरा फतेही, डिनो मोरिया, मिलिंद सोमन, चंकी पांडे, विहान समत, काव्या त्रेहन, सुमुखी सुरेश, उदित अरोड़ा, लिसा मिश्रा और ल्यूक जैसे कलाकार शामिल हैं। सीरीज की कहानी मोरपुर में सेट की गई है जहां एक शाही परिवार बिना किसी शाही दौलत के रहता था। जब भूमि उनकी जिंदगी में आती है तो उनकी लाइफ नया मोड़ लेती है। उनकी इस शाही लाइफ को ठीक करना उसका एकमात्र उद्देश्य बन जाता है। लेकिन मोरपुर पैलेस के कंगाल राजकुमार को संभालना जितना कहा गया है, उससे कहीं ज्यादा मुश्किल लगता है। जब राजकुमार की शानदार दुनिया एक आम लड़की से टकराती है तो सबकुछ बदल जाता है। अहंकार टकराता है और दोनों में रोमांस खिलता है। ईशान खट्टर और भूमि पेडनेकर की आने वाली रॉयल रोमांटिक-कॉम, द रॉयल्स का प्रीमियर 9 मई को नेटफ्लिक्स पर होगा। नेटफ्लिक्स ने एक पोस्टर के साथ रिलीज डेट अनाउंस की और लिखा, एक जिद्दी राजकुमार एक गर्लबॉस आमकुमारी से मिलता है रॉयल मेस, या शाही लव स्टोरी? द रॉयल्स देखें, 9 मई को, सिर्फ नेटफ्लिक्स





## उर्वशी रौतेला पर फूटा रश्मि देसाई का गुस्सा, बोलीं- 'भारत में हिंदू धर्म मजाक बन रहा है'

**अभिनेत्री रश्मि देसाई ने उर्वशी रौतेला की आलोचना की है। हाल ही में उर्वशी ने दावा किया था कि उत्तराखंड में पवित्र बदरीनाथ धाम के पास एक मंदिर उनके सम्मान में बनाया गया है। इस टिप्पणी पर स्थानीय पुजारियों और निवासियों ने नाराजगी जताई। रिपोर्ट्स के मुताबिक मंदिर के इतिहास से जुड़े लोगों ने इसे भ्रामक और तथ्यात्मक रूप से गलत करार दिया।**

रश्मि देसाई ने उर्वशी के दावे को गलत बताते हुए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक पोस्ट लिखी। पोस्ट में उन्होंने लिखा, 'यह दुखद है कि लोग इस तरह की बकवास के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं करते...भारत में हिंदू धर्म एक मजाक बन रहा है। रश्मि ने आगे कहा, 'भारत का प्रतिनिधित्व करना और जानबूझकर बेतुकी बातें करना... यह दुखद है कि कृपया धर्म के नाम पर खेल न खेलें।' हाल ही में उर्वशी रौतेला का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ। इस वीडियो में वह सिद्धार्थ कन्नन के साथ एक साक्षात्कार में कहती हैं, 'उत्तराखंड में मेरे नाम पर एक मंदिर है। अगर कोई बदरीनाथ जाता है, तो उसके ठीक बगल में एक उर्वशी मंदिर है।' उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्रों सहित भक्तगण इस स्थल पर आते हैं, उनकी तस्वीरों पर माला चढ़ाते हैं और उन्हें 'दमदमई' कहते हैं। उर्वशी ने जोर देकर कहा कि उनका दावा सही हैं इस बारे में समाचार लेख भी हैं।





### उर्वशी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार वहां के स्थानीय लोगों और धार्मिक अधिकारियों को यह टिप्पणी पसंद नहीं आई। बदरीनाथ धाम के पूर्व धार्मिक अधिकारी भुवन चंद्र उनियाल ने स्पष्ट किया कि उर्वशी मंदिर अभिनेत्री से जुड़ा नहीं है, बल्कि यह हिंदू पौराणिक कथाओं की एक दिव्य आकृति देवी उर्वशी को समर्पित एक प्राचीन मंदिर है। कुछ मान्यताओं में देवी सती का एक रूप है। उन्होंने उर्वशी के खिलाफ उनके बयान के लिए सख्त कार्रवाई की मांग की। हालांकि, उर्वशी ने अभी तक इस पर अपनी कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

# गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस बनाया जाएगा : उप मुख्यमंत्री शुक्ल

## चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर की दसवीं सामान्य परिषद की बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा की

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा है कि गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय ग्वालियर प्रदेश का पहला व सबसे पुराना चिकित्सा महाविद्यालय है। ग्वालियर-चंबल संभाग सहित प्रदेश के अन्य जिलों एवं राजस्थान व उत्तरप्रदेश के समीपवर्ती जिलों के मरीज महाविद्यालय और जेएएच अस्पताल में इलाज के लिए आते हैं। गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय को उत्कृष्ट चिकित्सा के लिहाज से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में स्थापित किया जाएगा।**

इसके लिए आधुनिक चिकित्सा उपकरण, अधोसंरचना, चिकित्सक व पैरा मेडीकल स्टॉफ की पूर्ति सरकार करेगी। उन्होंने कहा कि जेएएच अस्पताल समूह में आने के बाद हर प्रकार के मरीज को सभी प्रकार की उच्च स्तरीय विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं मिलनी चाहिए। यहां से किसी भी मरीज को कहीं ओर रेफर करने की नौबत न आए। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल को ग्वालियर में गजराराजा चिकित्सा महाविद्यालय की सामान्य परिषद की 10वीं बैठक में यहां की स्वास्थ्य सेवाओं की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में सामाजिक न्याय एवं उद्यानिकी मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाह, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, सांसद श्री भारत सिंह कुशवाह, राज्यसभा सांसद श्री अशोक सिंह, महापौर डॉ. शोभा सिकरवार, विधायकगण श्री मोहन सिंह राठौर, डॉ. सतीश सिकरवार व श्री साहब सिंह गुर्जर, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जयप्रकाश राजौरिया, संभाग आयुक्त श्री मनोज खत्री, संचालक लोक स्वास्थ्य व चिकित्सा एवं अध्यक्ष स्वाशासी समिति श्री नीरज सिंह , कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान व मेडिकल कॉलेज के अधिष्ठाता डॉ. आर के एस धाकड़ सहित सामान्य परिषद के अन्य सदस्यगण एवं मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष मौजूद थे। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज के डीन को निर्देश दिए कि मेडीकल कॉलेज में स्वीकृत प्राध्यापक व सहायक प्राध्यापकों के खाली पद भरने के लिए लगातार वॉक इन इंटरव्यू कराएं। साथ ही सुपर स्पेशिलिटी सहित अन्य विभागों में जरूरत के मुताबिक पद स्वीकृत कराएं। उन्होंने जानकारी दी कि प्रदेश भर में पदों की पूर्ति के लिए सरकार द्वारा चिकित्सकों के 3500 एवं पेरा मेडीकल स्टाफ के 10 हजार पदों की भर्ती की जा रही है। अक्टूबर माह तक यह भर्ती प्रक्रिया पूरी हो जाएगी।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि इलाज के लिए जेएएच समूह आने वाले मरीजों एवं उनके अटेण्डर को अस्पताल पहुँचते ही ऐसा महसूस होना चाहिए कि यहाँ पर उनका स्वागत हो रहा है। उनके प्रति स्टाफ का व्यवहार संवेदशील हो और उन्हें इलाज के लिए भटकना न पड़े। ऐसी व्यवस्था बनाई जाए, जिससे भर्ती की प्रक्रिया जल्द से जल्द पूर्ण होकर और इलाज शुरू हो जाए। उन्होंने अस्पताल परिसर में मरीजों के आवागमन के लिए जल्द से जल्द टेंडर प्रक्रिया पूर्ण कर वाहन सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि जेएएच समूह की सीवर समस्या के समाधान के लिए प्रस्ताव तैयार करें। इस काम के लिए नगरीय विकास विभाग से धनराशि उपलब्ध कराई जाएगी। बैठक में मंत्री द्वय श्री कुशवाह व श्री तोमर, सांसद श्री कुशवाह व श्री अशोक सिंह विधायकगण श्री राठौर, श्री सिकरवार व श्री गुर्जर ने भी स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार के लिए उपयोगी सुझाव दिए।



### वेतन संबंधी समस्याएं भी जल्द हल की जाएंगी

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने सुपर स्पेशिलिटी के चिकित्सकों को आश्वस्त किया कि उनकी वेतन विसंगति संबंधी समस्या का जल्द निदान किया जाएगा। उन्होंने सुपर स्पेशिलिटी अस्पताल में चिकित्सकों के पदों की पूर्ति के लिए प्रभावी प्रयास करने के निर्देश बैठक में दिए।

### जिला चिकित्सालय, सीएचसी व पीएचसी की सेवाओं को भी सुदृढ़ करें

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने जिला चिकित्सालय, सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्र स्तर तक बेहतर से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष बल दिया। उन्होंने कहा कि इन स्वास्थ्य संस्थाओं की सेवाएं सुदृढ़ होने से जेएएच समूह पर कम दबाव आएगा। उन्होंने कहा स्वास्थ्य विभाग के अस्पतालों की सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार द्वारा हर संभव सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मेडिकल कॉलेज एवं जेएएच समूह की आवश्यकताओं व प्रस्तावित प्रोजेक्ट के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी ली। उन्होंने मेडिकल कॉलेज भवन, कमलाराजा अस्पताल, टी.बी अस्पताल, न्यूरोसर्जरी व न्यूरोलॉजी के भवनों का जीर्णोद्धार तथा एडमिन ब्लॉक, नवीन सभागार, चिकित्सकों व स्टाफ के लिए आवासीय परिसर, नर्सिंग कॉलेज व नर्सिंग हॉस्पिटल एवं सीनियर गर्ल्स हॉस्टल के नवीन भवनों के निर्माण के लिए विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार कर प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इन कामों को जल्द से जल्द मंजूरी दिलाई जाएगी। उन्होंने जे.ए.एच के पुराने भवन का जीर्णोद्धार कराने की बात भी कही।



### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने माँ पीताम्बरा के दर्शन कर प्रदेशवासियों के कल्याण की प्रार्थना की

उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने दतिया के अल्प प्रवास के दौरान विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा शक्तिपीठ पहुंचकर माँ पीताम्बरा के दर्शन किए एवं पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के कल्याण एवं सुख-समृद्धि की कामना की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने प्राचीन वन खण्डेश्वर महादेव मंदिर पहुँचकर जलाभिषेक भी किया। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने माँ पीताम्बरा शक्तिपीठ परिसर में चल रहे विकास कार्यों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने केंद्र सरकार की प्रसाद योजना के अंतर्गत शक्तिपीठ परिसर के सौंदर्यीकरण हेतु स्वीकृत 44.24 करोड़ रुपए की परियोजना की प्रगति की जानकारी प्राप्त की और किए जा रहे कार्यों का अवलोकन किया। स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित थे।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने भगवान शनिदेव के किये दर्शन



उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने अल्प प्रवास में मुरैना जिले के ऐंती पर्वत स्थित शनि मंदिर पहुंचे। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और शांति की प्राप्ति के लिए भगवान श्री शनिदेव के दर्शन किये और प्रार्थना की। उन्होंने भगवान शनिदेव का तेल, तिली, गुड़ और उड़द से अभिषेक किया।

## संक्षिप्त समाचार

### जहांगीराबाद पुलिस ने चाकू से हमला करने वाले आरोपितों को 24 घंटे में किया गिरफ्तार, इलाके में निकाला जुलूस

**भोपाल, (हि.स.)।** राजधानी भोपाल के जहांगीराबाद थाना क्षेत्र में युवक पर चाकू से हमला करने वाले आरोपितों को पुलिस ने घटना के 24 घंटे में गिरफ्तार कर लिया। शनिवार को पुलिस ने दोनों आरोपितों का इलाके में जुलूस निकाला। दोनों अपराधियों पर पहले से भी कई मामले दर्ज है। दरअसल शुक्रवार दोपहर को पीड़ित साहिल सिद्दीकी (34) अपनी यामाहा मोटरसाइकिल से चरक अस्पताल से यूनानी सफा खाना की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह पीपल वाली गली स्थित मदीना डेयरी के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज हॉर्न बजाते हुए बाइक सवार दो युवक पहुंचे। साहिल ने जब हॉर्न बजाने का कारण पूछा, तो आरोपियों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर एक युवक ने चाकू से साहिल की पीठ पर वार कर दिया। घायल अवस्था में साहिल को स्थानीय निवासी प्रमांशु शुक्ला थाने ले गए, जहां रिपोर्ट दर्ज कराई गई और पुलिस ने उसे जेपी अस्पताल भेजा। साहिल की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। पुलिस ने 24 घंटे में हमला करने वाले आरोपियों सेफ और अनस खान को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने शनिवार को जहांगीराबाद इलाके में दोनों आरोपियों का जुलूस निकाला। थाना जहांगीराबाद के एएसआई कमलेश यादव ने बताया कि जांच में सामने आए आरोपियों की पहचान सेफ और अनस खान के रूप में हुई है। सेफ जहांगीराबाद स्थित बाबा फरीद गली में रहता है, जबकि अनस अहीर मोहल्ला का निवासी है।

### उप मुख्यमंत्री शुक्ल ने वरिष्ठ पत्रकार श्री अनुराग उपाध्याय की माता जी को अर्पित की श्रद्धांजलि

**भोपाल, निप्र।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने ग्वालियर प्रवास के दौरान स्वदेश के राज्य ब्यूरो वरिष्ठ पत्रकार श्री अनुराग उपाध्याय के निवास पहुँचकर उनकी माताजी शिक्षाविद स्वर्गीय श्रीमती भंवर उपाध्याय को श्रद्धांजलि अर्पित की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की और शोकसंतप्त परिवार को ढांढस बंधाया।

## नारायणपुरा शक्कर कारखाना पुन: प्रारंभ होने से 7 हजार कृषकों को होगा लाभ : गोविंद सिंह राजपूत



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र। प्रदेश के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने गुना जिले के राघोगढ़ तहसील अंतर्गत नारायणपुरा स्थित कृषि सहकारी शक्कर कारखाने का स्थल पर पहुँचकर निरीक्षण किया। इस अवसर पर सहकारिता उपायुक्त मुकेश जैन द्वारा कारखाने की वर्तमान स्थिति, अपेक्स बैंक से प्राप्त ऋण, कृषकों के देयकों, वेतन-भत्तों सहित अन्य बकायों की जानकारी मंत्री को दी गई।**

सहकारिता उपायुक्त श्री जैन ने कारखाने के पुन: संचालन हेतु विभिन्न संभावित विकल्पों की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कारखाना पुन: प्रारंभ होने से गुना, अशोकनगर एवं शिवपुरी जिलों के लगभग 7000 कृषकों को लाभ होगा। इससे न केवल कृषकों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि क्षेत्र में स्थानीय रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। उन्होंने यह भी बताया कि कारखाने के माध्यम से अन्य रासायनिक उत्पादों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता में वृद्धि होगी और जिले के औद्योगिक विकास मानचित्र में इसे विशेष स्थान प्राप्त हो सकेगा। खाद्य मंत्री श्री राजपूत ने कारखाने की स्थिति का अवलोकन करते हुए कारखाने के कार्यालय, अधोसंरचना एवं मशीनों का भी मौके पर निरीक्षण किया। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों से विस्तृत जानकारी प्राप्त कर सभी पहलुओं का सूक्ष्मता से अवलोकन किया तथा आगे की आवश्यक प्रक्रिया आरंभ करने के बता कही।

## ऐशबाग आरओबी से क्षेत्र की संपूर्ण यातायात व्यवस्था में आयेगा सकारात्मक परिवर्तन : विश्वास सारंग

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** सहकारिता, खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने शनिवार को नरेला विधानसभा अंतर्गत ऐशबाग रेलवे ओवर ब्रिज का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मंत्री श्री सारंग ने निर्माण कार्य में हो रही देरी को लेकर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि निर्धारित समयसीमा के भीतर कार्य को पूर्ण गुणवत्ता के साथ सम्पन्न किया जाए, जिससे जनता को शीघ्र लाभ मिल सके। मीडिया से चर्चा के दौरान मंत्री श्री सारंग ने बताया कि ऐशबाग आरओबी का लगभग 95 प्रतिशत निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है, जो अब अपने अंतिम चरण में है। निर्माण कार्य में तेजी लाते हुए 15 जून तक कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में यातायात के बढ़ते दबाव से ट्रैफिक की बड़ी समस्या थी, वहीं अब ऐशबाग स्टेडियम के सामने आरओबी के निर्माण से महामाई बाग, पुष्पा नगर सहित स्टेशन क्षेत्र से जो लोग नये भोपाल की ओर जाते थे, उनके लिये यह बहुत बड़ी सौगात होगी।



### मध्य प्रदेश में भीषण गर्मी का कहर

**भोपाल, (हि.स.)।** मध्य प्रदेश में गर्मी से लोगों का हाल बेहाल है। शुक्रवार को कई जिलों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया। खजुराहो, गुना और नौगांव सबसे ज्यादा गर्म रहा। वहीं, भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, उज्जैन-जबलपुर समेत 28 शहर ऐसे रहे, जहां सबसे ज्यादा गर्मी रही। मौसम विभाग की मानें तो अगले दिनों तक मौसम ऐसा ही बना रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, गर्म हवाओं की वजह से तापमान में बढ़ोतरी हुई है।

### अयोध्या नगर मार्केट में अवैध, अव्यवस्थित दुकानदारों पर करें चालानी कार्रवाई : राज्यमंत्री श्रीमती गौर

**भोपाल, निप्र। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने शनिवार को गोविंदपुरा क्षेत्र में अयोध्या नगर वार्ड 68 के क्षेत्रवासियों से जनहित से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और कहा कि जनसुविधा और व्यवस्था बनाए रखना हमारी प्राथमिकता है।**



सरयू सरोवर पार्क की बाउंड्री के चारों ओर लगने वाली सब्ज़ी मंडी के कारण उत्पन्न हो रही जाम की समस्या को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि अवैध और अव्यवस्थित रूप से लगने वाले ठेलों पर चालानी कार्रवाई की जाए और सब्ज़ी विक्रेताओं को निर्धारित सीमा के अंदर ही रोका जाए। यह सुनिश्चित करें कि किसी भी प्रकार से यातायात बाधित न हो।

## बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने में टेलीमेडिसिन सुविधा मील का पत्थर साबित होगी : उप मुख्यमंत्री शुक्ल



विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** ग्वालियर जिले के सुदूर क्षेत्र में स्थित सरकारी अस्पताल में बैठे जरूरतमंद मरीजों को जेएएच समूह ग्वालियर के विशेषज्ञ चिकित्सकों की सीधी सलाह मिल सकेगी। इस आधार पर स्थानीय अस्पताल के माध्यम से जरूरी जाँचें हो सकेंगी और दवाएं उपलब्ध कराकर उनका इलाज हो सकेगा। यह सब सरकार द्वारा शुरू की गई टेलीमेडिसिन सुविधा के माध्यम से संभव होगा। उप मुख्यमंत्री श्री राजेन्द्र शुक्ल ने हजार बिस्तर अस्पताल ग्वालियर में फीता काटकर टेलीमेडिसिन सेंटर (हब) का शुभारंभ किया।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों मे निवासरत जरूरतमंद मरीजों को उच्च स्तरीय स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने में टेलीमेडिसिन सुविधा मील का पत्थर साबित होगी। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा टेलीमेडिसिन सुविधा के माध्यम से दूरस्थ क्षेत्र के मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का परामर्श मिल सकेगा। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विशेषज्ञ चिकित्सक बेहतर इलाज के लिए मरीजों को परामर्श देंगे। उन्होंने कहा यह सुविधा उपलब्ध कराने के लिए जिला चिकित्सालयों एवं मेडीकल कॉलेजों से मेपिंग कर सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों से जोड़ा जा रहा है। ग्वालियर के हजार बिस्तर अस्पताल में शुरू हुए टेलीमेडिसिन हब से ग्वालियर सहित संभाग के अन्य जिलों के सरकारी अस्पताल भी जोड़े गए हैं। यह सुविधा शुरू हो जाने से मरीजों को बार-बार ग्वालियर तक आने की जरूरत नहीं रहेगी।

## मिशन मोड में हो रहे हैं मध्यप्रदेश के सर्वांगीण विकास के कार्य : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

विनय उजाला

**भोपाल, निप्र।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि हमने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने दृढ़ संकल्प को ही कार्यसिद्धि का मंत्र बनाया है। उन्होंने देश के सर्वांगीण विकास के लिए समाज के सभी वर्गों के एक साथ और एक समान सशक्तिकरण को आवश्यक बताया है। इस संकल्प की सिद्धि के लिए मध्यप्रदेश सरकार लगातार मिशन मोड में कार्य कर रही है।

मिशन मोड में विकास पथ पर तेजी से आगे बढ़ने के लिये प्रदेश सरकार ने गरीब कल्याण मिशन, युवा शक्ति मिशन, किसान कल्याण मिशन और नारी सशक्तिकरण मिशन लागू किये हैं। सभी मिशनों को पूरा करने के लिए अलग-अलग रोड़ मैप तैयार कर प्रभावी क्रियान्वयन शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि उन्हें प्रधानमंत्री श्री मोदी के देश के सर्वांगीण विकास के संकल्प ने प्रेरित किया है। उन्होंने आशा व्यक्त की है कि समाज के सभी वर्गों के मिशन मोड में सशक्तिकरण से मध्यप्रदेश विकास की नई ऊचाइयों को स्पर्श करेगा।

### युवा शक्ति मिशन

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को विश्वास है कि 'स्वामी विवेकानंद युवा शक्ति मिशन' प्रदेश के युवाओं के सशक्तिकरण का सक्सेस मंत्र सिद्ध होगा। युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती 12 जनवरी 2025 को लाँच किया गया यह मिशन युवा पीढ़ी को आधुनिकतम तकनीकों, उद्यमिता और खेल क्षेत्र में उच्च कौशल से सशक्त बनाएगा। यह मिशन से प्रदेश के युवाओं को बदलते दौर में स्वयं को विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के लिये सशक्त बनायेगा। इससे मिशन की परिणिति युवाओं के सफल एवं सक्षम नेतृत्व के गुणों से संपन्न बनने, ग्लोबल जॉब मार्केट का सशक्त प्रतिस्पर्धी बनने और नौकरी ढूंढ़ने की कतारों में लगे युवा के स्थान पर नौकरी देने वाला उद्यमी बनने में होगी।

'युवा शक्ति मिशन' के सफल क्रियान्वयन में आधुनिक तकनीक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। कौशल विकास के पाठ्यक्रम युवाओं को सहजता से उपलब्ध कराने और उसे सहजता से समझाने के लिए ऑनलाइन प्लेटफार्म लॉन्च किए गए हैं। इस प्लेटफार्म की सुविधाएं ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों के युवाओं को समान रूप से सुलभ होंगी। मिशन का लाभ प्रदेश के युवा बढ़-चढ़ कर ले सकें, इसके लिए सोशल-मीडिया के माध्यमों का भी प्रभावी उपयोग किया जा रहा है। इससे युवाओं को मिशन से संबंधित जानकारी आसानी से उपलब्ध हो रही है और युवाओं में मिशन के प्रति जागरूकता और रुचि बढ़ रही है।

### गरीब कल्याण मिशन



गरीब कल्याण मिशन का मुख्य उद्देश्य गरीबों के लिए सामाजिक सुरक्षा उपायों को मजबूत करना है, ताकि वंचित वर्ग को कठिन समय में आवश्यक सहायता मिल सके। इसके अतिरिक्त, मिशन इस वर्ग को रोजगार से संबंधित चुनौतियों से निपटने में सक्षम योजनाओं का लाभ दिलाएगा। आर्थिक रूप से पिछड़े, जरूरतमंदों को मिशन में वित्तीय सहायता प्रदान कर आर्थिक सशक्तिकरण में मदद करेगा। बुनियादी सेवाओं जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा और आवास तक पहुंच में सुधार किया जाएगा, जिससे गरीब परिवारों के जीवन स्तर में सुधार हो सकें। गरीब कल्याण मिशन, मध्यप्रदेश सरकार द्वारा शुरू की जाने वाली एक अभिनव पहल है, जिसका उद्देश्य आर्थिक रूप से पिछड़े समुदायों को सशक्त बनाना और यह सुनिश्चित करना है कि सरकारी योजनाएं और आवश्यक सेवाएं उन तक सहजता से पहुंच सकें।

### किसान कल्याण मिशन

कृषि और कृषक देश एवं प्रदेश की अर्थव्यवस्था के महत्वपूर्ण आधार हैं। इसलिए मध्यप्रदेश की मंत्रि-परिषद ने 15 अप्रैल को कृषक कल्याण मिशन को हरी झंडी दे दी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में इस मिशन का उद्देश्य है कि अन्नदाता समृद्ध हों और कृषि क्षेत्र में आर्थिक स्थिरता आए। इस मिशन का उद्देश्य फसल-विविधीकरण के साथ ही पशुपालन एवं मत्स्य पालन जैसे सहायक व्यवसायों को एकीकृत कर समावेशी कृषि को बढ़ावा देना है।

मिशन में कृषि-आधारित उद्यमिता जैसे प्रगतिशील उपायों को वित्तीय सहायता और तकनीकी परामर्श देकर प्रोत्साहित किया जाएगा। मिशन के अंतर्गत जैविक खेती, पशुपालन, मत्स्य-पालन जैसे व्यवासायों का एकीकरण और उन्हें बाजारोन्मुखी बनाकर उपज की पहुंच बाजारों में सुनिश्चित करने के साथ ही कृषि-उद्यमिता को प्रोत्साहन पर जोर दिया जाएगा। मिशन किसानों को सीधे बाजारों से जोड़ने के लिए ई-कॉमर्स प्लेटफार्मों और स्थानीय मेलों का भी आयोजन भी कर रहा है, जिससे उनकी उपज के लिए उचित मूल्य सुनिश्चित हो रहा है। किसानों का वित्तीय बोझ को कम करने के लिए मिशन के अंतर्गत बीज, उर्वरक और उपकरण खरीदने के लिए वित्तीय सहायता और अनुदान दिया जा रहा है। इससे कृषि लागत कम होंगी और आय में वृद्धि होगी।

### देवी अहिल्या नारी सशक्तिकरण मिशन

पुण्य-श्लोका लोकमाता देवी अहिल्या बाई के 300वें जयंती वर्ष में उनकी प्रशासन-स्थली महेश्वर में हुई मंत्रि-परिषद की बैठक में देवी अहिल्या बाई नारी सशक्तिकरण मिशन का शुभारंभ किया गया। नारी सशक्तिकरण मिशन राज्य में मातृ-शक्ति की सामाजिक-आर्थिक स्थितियां सुधार कर आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। मिशन का उद्देश्य महिलाओं को पुरुषों के ही समान अवसर उपलब्ध करा कर प्रदेश में जेंडर इक्वलिटी को बढ़ावा देना है।

मिशन के अंतर्गत नारी शिक्षा और कौशल के विकास के लिए उन्हें व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे रोजगार प्राप्त कर पाने के लिए नारी की सक्षमता और संभावनाएं बढ़ेंगी और उन्हें वित्तीय आत्मनिर्भरता प्राप्त होगी।

मिशन महिला उद्यमिता को भी बढ़ावा देगा, उन्हें अपने व्यवसाय शुरू करने और उसके सुचारु संचालन के संसाधन, मार्गदर्शन और वित्तीय सहायता प्रदान करेगा। इसमें महिलाओं के सामाजिक सशक्तिकरण के लिए घरेलू हिंसा और दहेज उत्पीड़न जैसी लैंगिक समस्याओं से निपटने के कार्यक्रम भी शामिल होंगे। इससे प्रदेश में समावेशी समाज की स्थापना हो सकेगी।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, विनय मिश्रा द्वारा उषा प्रिंटर्स, तिलक मार्ग, अमला लाइन, अलीराजपुर से मुद्रित एवं 13/2, ब्लॉक सी, केशव नगर, अलीराजपुर (म.प्र.) से प्रकाशित। संपादक श्रीमती शोभना मिश्रा, स्थानीय संपादक - श्रीमती दिव्या गुप्ता *,
फोन- फैक्स नं. 0731-2700552, मो. 9425910888, 8889766697, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा) *पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। RNI. Reg. MPHIN/2019/78560